सेंसेक्स 70,865.10 ▲ +358.79
डॉलर 83.255 ▼ -0.009

**तापमान** (डिग्री सेल्सियस)

आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 21.0 | 8.0 | 19.0 |
| धनबाद | 23.0 | 10.0 | 21.0 |
| जमशेदपुर | 26.0 | 10.0 | 24.0 |
| पलामू | 23.0 | 9.0 | 21.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



रांची, मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 10, विक्रम संवत 2080 | रांची, शुक्रवार, 22 दिसंबर 2023, वर्ष-24, अंक- 315, पृष्ठ-12, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय ▶ गतिरोध व उपराष्ट्रपति की मिमिक्री करना...8
रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित
पंकज त्रिपाठी अभिनीत फिल्म 'मैं अटल हूं' ...12 ◀ देश/विदेश

## रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 59,350

चांदी (10 किलो) 74,425

## एक नजर

### सीएम हेमन्त को यूनाइटेड किंगडम आने का आमंत्रण



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरुवार को झारखंड विधानसभा कक्ष में ब्रिटिश डिप्टी हाई कमिश्नर, कोलकाता डॉ एन्ड्रयु फ्लेमिंग ने मुलाकात की। फ्लेमिंग ने मुख्यमंत्री को यूके सरकार की ओर से यूके आने के लिए आमंत्रित किया। उल्लेखनीय है कि यूके सरकार के डिपार्टमेंट ऑफ एजुकेशन और डिपार्टमेंट ऑफ बिजनेस एंड ट्रेड की तरफ से मुख्यमंत्री के नेतृत्व में के लिए आमंत्रित किया गया है। मुख्यमंत्री ने यूके सरकार द्वारा दिए आमंत्रण पर ब्रिटिश डिप्टी हाई कमिश्नर के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पारस्परिक सहयोग के साथ आगे बढ़ने के लिए झारखंड तत्पर है।

### भाकपा माओवादी बंद के मद्देनजर पुलिस अलर्ट

**रांची।** भाकपा माओवादी के शुक्रवार को बुलाये गये भारत बंद के मद्देनजर झारखंड पुलिस अलर्ट मोड में है। बंद को लेकर पुलिस मुख्यालय की ओर से नक्सल प्रभावित इलाकों के सहित अन्य एसपी को विशेष सर्तकता बरतने को कहा गया है। साथ ही सभी हाईवे और सार्वजनिक स्थानों पर विशेष रूप से निगरानी रखने को कहा गया है। वहीं दूसरी ओर बंद को लेकर एक्सप्रेस ट्रेनों के आगे पायलट ट्रेन चलाने को भी कहा गया है। बंद को लेकर दक्षिण पूर्व रेलवे चक्रधरपुर रेल मंडल भी अलर्ट पर हैं। पश्चिमी सिंहभूम जिला पुलिस-प्रशासन भी अलर्ट पर है। बंद को लेकर सभी आरपीएफ थाना और आरपीएफ को अलर्ट कर दिया गया है।

### रोते हुए साक्षी मलिक ने कुश्ती से लिया संन्यास

**नई दिल्ली।** ओलंपिक पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक अब कुश्ती खेलती नजर नहीं आएंगी। उन्होंने संजय सिंह के भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) का नया अध्यक्ष चुने जाने के विरोध में रोते हुए भारी मन से कुश्ती से संन्यास ले लिया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय सिंह डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के करीबी बताए जाते हैं। साक्षी इस फैसले से काफी निराश थी और प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपने फैसले की जानकारी दी। बता दें कि 21 दिसंबर को कुश्ती महासंघ के चुनाव हुए और इसके तुरंत बाद आए परिणाम में संजय के नाम पर मुहर लग गई थी।

(संबंधित खबर पेज 10 पर)

# हमारी सरकार कार्यकाल पूरा करेगी 24 में भी हम ही आएंगे : मुख्यमंत्री

**विस के शीतकालीन सत्र के समापन पर सदन के नेता ने केंद्र और विपक्ष पर किया जमकर प्रहार**

**सरकार बनने के कुछ घंटे बाद हमारी सरकार गिराने का प्रयास शुरू**

**राज्यपाल भी सरकार हिलाने-डुलाने में जुटे रहे**

**हमारी सरकार कराएगी जातीय जनगणना**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र विधानाध्यक्ष अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो और सदन नेता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के भाषण के साथ अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गया। मुख्यमंत्री ने अपना संबोधन शायराना अंदाज में करते हुए कहा 'हमारे कदम चलते रहेंगे जब तक सांस हैं, हम वो मुसाफिर नहीं की बाधा देख कर चलना छोड़ दें'। उन्होंने केंद्र सरकार और राज्य के विपक्ष पर जमकर हमला बोला। कहा, इनकी आदत न सच बोलने की है और न सच ही सुनने की है। हमे पूर्ण बहुमत देकर राज्य की जनता ने हमारी सरकार बनायी। मगर सरकार गठन के कुछ ही घंटे बाद से हमारी सरकार को गिराने का षडयंत्र शुरू हो गया। कभी राजभवन के जरिए तो कभी खरीद-फरोख्त के जरिए। जब इसमें ये सफल नहीं हुए तो ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स को हमारे पीछे लगा दिया। राज्यपाल कहीं न कहीं केंद्र का प्रतिनिधि होने के नाते वह केंद्र से प्रभावित रहते हैं। उनके जरिए भी हमें अस्थिर करने का प्रयास हुआ। मगर मैं सदन को यह विश्वास दिलाना चाहता हूं कि हमारी सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी और आने वाले 2024 में फिर हम ही सरकार बनाएंगे।



### अग्निवीर योजना की पोल खोल रही है पूर्व सेनाध्यक्ष की किताब

सोरेन ने केंद्र पर हमला करते हुए कहा कि हमारे हिस्से का 1.36 हाजार करोड़ रुपए दबाए बैठा है। प्रधानमंत्री आवास का पैसा नहीं दिया, मनरेगा के हिस्से का पैसा काट दिया। लाखों राशन कार्ड धारियों को राशन बंद कर दिया। अगर हमारा बकाया पैसा मिल जाता तो हमारे राज्य का पिछड़ापन दूर हो सकता था। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार ने 500 रूपए में गैस सिलिंडर देने का वादा किया तो भाजपा ने कहा कि हम 450 रूपए में देंगे। मगर अब जब सरकार बनी गयी तो कहते हैं कि नहीं दे सकते हैं। देश की सेना में गांव के लोग अधिक जाते थे। मगर अग्निवीर के तहत काफी कम सैलरी में 4 साल की नौकरी दी जा रही है। इस योजना की पोल खुद पूर्व सेनाध्यक्ष ने अपनी किताब में खोल दी है। मोदी गांरटी की बात करते हैं, मगर यही लोग किसानों के हित के खिलाफ नया किसान कानून लाने जा रहे थे।

### ओबीसी आरक्षण बिल की स्वीकृति के लिए राज्यपाल से मिलेंगे

मुख्यमंत्री कहा कि हमारी सरकार जातिगत गणना कराएगी। हमारी सरकार ने ओबीसी आरक्षण बिल पास करके राज्यपाल के पास भेजा है। मगर राज्यपाल इसको लेकर अब तक कुछ नहीं कर रहे हैं। शीतकालीन सत्र के बाद हम सभी राज्यपाल से मिलने जाएंगे और इसे जल्द से जल्द स्वीकृति देने की गुहार लागाएंगे।

### विपक्ष से सच्चाई सुनी नहीं जाती है

मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष को बताना चाहिए कि सामाजिक सुरक्षा के मोर्चे पर इन्होंने क्या किया। मुख्यमंत्री के संबोधन के दौरान विपक्षी विधायकों ने वॉकआउट किया। सीएम हेमंत ने कहा कि यही दिक्कत है। उनसे सच्चाई सुनी नहीं जाती। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं 4 साल में सभी समस्याओं के समाधान का दावा नहीं कर रहा हूं।

### क्या हम 25 साल के युवा झारखंड को सशक्त कह पाएंगे

सीएम ने कहा कि ऐसे वक्त में राज्य का मुझे बागडोर मिला जब चंद सालों में ही यह युवा राज्यों की गिनती में आ गया। सबसे अधिक विपक्ष को ही सरकार चलाने का मौका मिला। झारखंड देश का सबसे पिछड़ा राज्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ समय बाद झारखंड युवा हो जाएगा लेकिन क्या हम कह पाएंगे कि हमारा प्रदेश सशक्त है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में महामारी जैसी विपत्ति में भी हमारी सरकार ने किसी नागरिक को भूखा मरने नहीं दिया। राज्य गठन के बाद सरप्लस बजट मिला, मगर आज हम हम घाटे के बजट पेश कर रहे हैं। आखिरकार सरप्लस बजट कहां गया।



**रांची।** आईपीएल 2024 में गुजरात टाइटंस का हिस्सा बनने पर रॉबिन मिंज को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बधाई दी और उनका हौसला बढ़ाया। रॉबिन मिंज ने गुरुवार को विधानसभा में सीएम से मुलाकात की। विकेटकीपर बल्लेबाज रॉबिन आदिवासी समुदाय के उभरते क्रिकेटर हैं वह गुमला जिला के रहने वाले हैं। रॉबीन को गुजरात टाइटंस ने 3.2 करोड़ में खरीदा है।

## शीतलहर के मद्देनजर 26 से 31 तक बंद रहेंगे सभी स्कूल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य सरकार ने शीतलहर के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए सभी सरकारी और निजी स्कूल को बंद करने का आदेश दिया है। सभी स्कूल 26 से 31 दिसम्बर तक बंद रहेंगे। इस संबंध में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने गुरुवार को अधिसूचना जारी की है।

अधिसूचना सरकार के अपर सचिव कुमुद सहाय ने जारी की है। अधिसूचना में कहा गया है कि




माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक बोर्ड परीक्षा को ध्यान में रखते हुए संबंधित विद्यालय आवश्यकता अनुसार वर्ग-10 से वर्ग-12 तक की कक्षाओं का संचालन कर सकेंगे।

### झारखंड में जेएन-1 वैरिएंट का एक भी मरीज नहीं, बोले बन्ना गुप्ता

## सरकार पूरी तरह से है तैयार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

केरल में कोरोना के नए सब वैरिएंट जेएन-1 मिलने के बाद झारखंड में भी अलर्ट जारी कर दिया गया है। हालांकि, राज्य में इस वैरिएंट का कोई मरीज नहीं मिला। केंद्र सरकार की गाइडलाइन के बाद झारखंड में भी एहतियाती कदम उठाए जा रहे हैं। सभी जिलों के डीसी, सिविल सर्जन, मेडिकल कॉलेज अस्पताल के निदेशक और प्राचार्य को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में गुरुवार को राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि राज्य में जेएन-1 का एक भी मरीज नहीं है। मीडिया में आ रही खबर भ्रामक है। जो दो मरीज की बात आ रही है वह पहले से ही कोरोना के मरीज हैं। जेएन-1 वैरिएंट के ये मरीज नहीं है। मंत्री



विधानसभा परिसर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार पूरी तरह से सजग और तत्पर है। इससे बचाव के लिए तैयारी पूरी की जा रही है। जल्द ही मॉक ड्रिल के साथ तैयारी को लेकर समीक्षा की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि अस्पतालों में ऑक्सीजन पर्याप्त है, जो प्लांट बंद है वह आपात स्थिति के लिए है, उसे भी खोला जाएगा। इसलिए चिंता करने की बात नहीं है। उल्लेखनीय है कि रांची सहित पूरे राज्य भर के अस्पतालों में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा आवश्यक तैयारियां पूरी की जा रही हैं। रांची सदर अस्पताल में 30 बेड का कोरोना आइसोलेशन वार्ड बनाया गया है। रिम्स में भी आवश्यक तैयारियां की गई हैं।

### देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 358 नए मामले, 6 की मौत

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के नए मामले एक बार फिर बढ़ने लगे हैं। पिछले 24 घंटे में कोरोना के 358 नए मामले सामने आए हैं और इससे 6 लोगों की मौत हुई है। कोरोना के सबसे ज्यादा मामले केरल में दर्ज किए गए हैं।

## लोकसभा से निलंबित सांसदों का शतक पूरा

**कांग्रेस सदस्य दीपक बैज, डीके सुरेश व नकुल नाथ हुए निलंबित**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा में तख्तियां दिखाने और सदन की अवमानना करने को लेकर गुरुवार को कांग्रेस के तीन सदस्यों- दीपक बैज, डीके सुरेश और नकुल नाथ को संसद के वर्तमान शीतकालीन सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया। सदन की अवमानना के मामले में अब तक लोकसभा के कुल 100 सदस्यों को निलंबित किया जा चुका है। इससे पहले गत सप्ताह गुरुवार को 13 सदस्यों, इस सोमवार को 33, मंगलवार को 49 और बुधवार को दो विपक्षी सदस्यों को निलंबित कर दिया गया था। सदन में प्रेस और नियतकालिक पत्रिका रजिस्ट्रीकरण विधेयक, 2023 पर चर्चा के दौरान संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने दीपक बैज, डीके सुरेश और नकुल नाथ को सदन की अवमानना करने के मामले में निलंबित करने का प्रस्ताव रखा, जिसे सभा ने ध्वनिमत से मंजूर कर लिया। इससे पहले लोकसभा ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### लोस की कार्यवाही अनिश्चितकाल तक स्थगित, सत्र में पारित हुए 18 विधेयक

लोकसभा की कार्यवाही गुरुवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा में गुरुवार दो विधेयक



पारित किए गए। इन्हें मिलाकर इस सत्र में आपराधिक न्याय व्यवस्था से जुड़े तीन विधेयकों सहित कुल 18 विधेयक पारित किए गए। लोकसभा के इस सत्र की जानकारी देते हुए अध्यक्ष ओम बिरला ने बताया कि 4 दिसंबर को प्रारंभ हुए 17वीं लोकसभा के 14वें सत्र में 14 बैठकें हुई और 61.50 घंटे काम हुआ। सत्र की उत्पादकता 74 प्रतिशत रही। कुल 12 विधेयक पेश किए गए और 18 विधेयक पारित किए गए। प्रमुख विधेयक भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक 2023, दूरसंचार विधेयक 2023, वस्तु एवं सेवाकर (संशोधन), 2023 और मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यालय की अवधि) विधेयक 2023 है। लोकसभा के इस सत्र में 55 तारांकित प्रश्न पूछे गए। 377 के तहत 265 मामले उठाए गए और शून्यकाल में 182 विषय उठाए गए। स्थाई समित के 35 प्रतिवेदन रखे गए। 33 वक्तव्य दिए गए। इस दौरान 18 दिसंबर को श्रीलंका का संसदीय प्रतिनिधिमंडल दर्शक दीर्घा में उपस्थित रहा। लोकसभा अध्यक्ष ने बताया कि सत्र के दौरान 55 तारांकित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दिए गए और नियम 377 के अधीन कुल 265 मामले उठाए गए।

## उग्रवादियों ने पोकलेन व ट्रैक्टर में लगाई आग

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया के उग्रवादियों ने निर्माण कार्य में लगी कई मशीनों में आग लगा दी। घटना को लेकर जिला पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। आगजनी की घटना बुधवार देर रात जिले के कैरो थाना क्षेत्र के एडादोन के पास हुई है। यहां नंदिनी नहर के मरम्मत कार्य लगी एक पोकलेन मशीन और एक ट्रैक्टर को आग के हवाले कर दिया है। घटना को अंजाम देने के बाद नक्सली मौके से फरार हो गये। पुलिस घटना में शामिल नक्सलियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चला रही है। बताया जाता है कि इस घटना से निर्माण कार्य एजेंसी को करोड़ों का नुकसान हुआ है। लगभग 39 करोड़ की लागत से इस नहर की मरम्मत का कार्य चल रहा है। पीएलएफआई के एरिया कमांडर कृष्ण यादव के दस्ते द्वारा घटना को अंजाम दिये जाने की बात कही जा रही है।

## दम घुटने से 4 की मौत, 3 गंभीर

**ठंढ़ से बचने के लिए चूल्हा जलाकर सोए थे सभी**

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

हजारीबाग के सिरसी गांव में तेज ठंढ़ से राहत पाने के लिए कमरे में चुल्हा जला कर सोए चार युवकों की मौत विषैले धुएं से दम घुंटने से बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात को हो गई। वहीं तीन अन्य की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी एक ही परिवार के बताये जा रहे हैं। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि कोयला जलाने से पैदा हुए धुएं से मृतकों का दम



घुंट गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतकों की शिनाख्त राहुल कुमार (20), अखिलेश कुमार (21), प्रिंस कुमार (20) और अरमान अली (19) के तौर पर की गई है। उन्होंने बताया कि ये सभी बिहार के बक्सर जिले से थे और सिरसी में एक संस्थान से कंप्यूटर कोर्स कर रहे थे। पुलिस उपाधीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि इन लोगों ने तेज ठंढ़ से बचने के लिए बुधवार को अपने किराए के कमरे में कोयले का चुल्हा जलाया था और धुंए की वजह से दम घुटने से इनकी मौत हो गई।

## पुंछ में सेना के दो वाहनों पर आतंकी हमले में चार जवान हुए शहीद



**एजेंसी। पुंछ**

पुंछ जिले के दोनाड़ क्षेत्र में थानामंडी-बफलियाल सड़क पर अपने गंतव्य की ओर जा रहे सेना के दो वाहनों पर गुरुवार शाम को आतंकवादियों ने घात लगाकर हमला किया। इस हमले में चार जवान बलिदान हो गए और तीन अन्य घायल हो गए। सेना ने एक बयान में कहा है कि बुधवार को इलाके में ठोस खुफिया जानकारी के आधार पर 20 दिसंबर की रात से सामान्य क्षेत्र डेरा की गली (डीकेजी), थानामंडी, राजौरी में एक ऑपरेशन चलाया जा रहा था। इसी दौरान जम्मू के पुंछ में बफलियाल और थानामंडी रोड के बीच आतंकियों ने भारतीय सेना की दो गाड़ियों पर घात लगाकर हमला किया। आतंकियों ने पहले ग्रेनेड फेंका और फिर गोलीबारी शुरू कर दी।

## इंडिया एससी के फैसलों से ईडी की गिरफ्तारी की शक्तियां बढ़ेंगी?



सुनील बादल

***दिल्ली*** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ईडी के समन की अनदेखी कर दी है। एक बार फिर ईडी के बुलाए जाने के बाद भी केजरीवाल पेशी के लिए नहीं गए। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी ईडी के समन पर सवाल उठा चुके हैं । पूर्व मंत्री सरयू राय ने तो उनकी तारीफ भी की है वे ईडी से बहादुरी से लड़ रहे हैं । इस बीच सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि प्रवर्तन निदेशालय गिरफ्तारी के समय किसी आरोपी को उसकी गिरफ्तारी के आधार के बारे में मौखिक रूप से सूचित करना पर्याप्त है। हालांकि, 24 घंटे के भीतर गिरफ्तारी के आधार को लिखित रूप में देना होगा। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट का ही गिरफ्तारी को लेकर दिया एक आदेश इससे कुछ अलग था। दो फैसलों की खास बात यह है कि शीर्ष अदालत ने एक ही सवाल पर कानून की व्याख्या दो तरह से की है। दोनों ही मामलों में आरोपी को गिरफ्तारी के आधार का लिखित दस्तावेज मुहैया नहीं कराया गया। इस सवाल पर सुप्रीम कोर्ट की एक पीठ ने कहा कि बिना लिखित प्रमाण के गिरफ्तारी शक्तियों का मनमाना और निरंकुश इस्तेमाल है। हालांकि, दूसरे मामले में सुप्रीम कोर्ट ने गिरफ्तारी को सही ठहराया। अपने फैसले में शीर्ष अदालत ने ईडी की शक्तियों की अहम व्याख्या की। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा ने कहा, गिरफ्तारी से पहले प्रवर्तन निदेशालय अगर आरोपी को



मौखिक सूचना भी देता है तो इसे पर्याप्त माना जाएगा। सुप्रीम कोर्ट के मुताबिक किस आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया जा रहा है, इसकी जानकारी मौखिक रूप से देने के बाद की गई कार्रवाई को मनमाना नहीं माना जाएगा। हालांकि, 24 घंटे के भीतर आरोपी को ग्राउंड की लिखित प्रति मुहैया कराना अनिवार्य होगा। 15 दिसंबर को पारित इस फैसले के बाद तीन अक्तूबर का फैसला निष्प्रभावी हो गया है। अक्तूबर के फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि ईडी अगर किसी को गिरफ्तार करना चाहती है तो गिरफ्तारी के बुनियादों की प्रति आरोपी को लिखित रूप में मुहैया कराना अनिवार्य शर्त होगी। ईडी मनी लॉन्ड्रिंग पर नकेल कसने के लिए पीएमएलए कानून के तहत कार्रवाई करती है। इस कानून की धारा 19 के तहत ईडी को गिरफ्तारी के अधिकार दिए गए हैं। इसमें कहा गया है कि आरोपी को ईडी 'जल्द से जल्द' लिखित रूप से बताएगी कि किन आधारों पर उसे अरेस्ट किया गया है। इसकी व्याख्या करते हुए शुक्रवार को जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति सतीश शर्मा की पीठ ने कहा, 'जल्द से जल्द' को 'यथाशीघ्र' या जितनी जल्दी संभव हो समझा जाए। अदालत ने साफ किया कि यथाशीघ्र का अर्थ 'देरी की न्यूनतम गुंजाइश' है। कितना समय लग सकता है? इस पर भी शीर्ष अदालत की खंडपीठ ने स्पष्ट व्याख्या की। पीठ ने कहा, 'उचित रूप से सुविधाजनक' या 'जितना उचित रूप से अपेक्षित हो' उतनी अवधि के भीतर ईडी को लिखित दस्तावेज आरोपी को मुहैया कराने होंगे। दो दशक पहले बनाए गए कानून- धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए 2002) की धारा 19 ईडी को अधिकार देती है। इसके ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र को महाधिवक्ता कार्यालय ने दी विदाई

## हाईकोर्ट में हुआ भव्य कार्यक्रम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्र को महाधिवक्ता कार्यालय की ओर से गुरुवार को विदाई दी गई। हाईकोर्ट परिसर में हुए भव्य कार्यक्रम में उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में हाईकोर्ट के अन्य न्यायाधीश, महाधिवक्ता राजीव रंजन, हाईकोर्ट के वरीय अधिवक्ता, स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष, काउंसिल के सदस्य एडवोकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष, महासचिव, सदस्य समेत अपर महाधिवक्ता और महाधिवक्ता कार्यालय के सभी अधिवक्ता समेत हाईकोर्ट के सभी अधिवक्ता मौजूद थे। मौके पर चीफ जस्टिस ने कहा कि उन्हें अपने कार्यकाल में सभी साथी जजों और महाधिवक्ता कार्यालय समेत पूरे बार का सहयोग मिला। मैंने



झारखंड के मुख्य न्यायिक सेवक के रूप में झारखंड की सेवा की, उन्होंने युवा वकीलों को यह सलाह दी कि समय की पाबंदी इंसान को बेहतर बनाती है। महाधिवक्ता ने कहा कि झारखंड के सभी लोग जस्टिस संजय मिश्रा के कार्यकाल को याद रखेंगे। वहीं हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय, सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस एस चंद्रशेखर ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि नए हाईकोर्ट के भवन के लिये चीफ जस्टिस संजय कुमार द्वारा किया गया कार्य हमेशा याद रखा जाएगा। यह पहली बार हो रहा है कि चीफ जस्टिस की विदाई के मौके पर महाधिवक्ता कार्यकाल की ओर से विदाई दिया जा रहा है और इस तरह की परंपरा शुरू किया जाना काफी सराहनीय है। मालूम हो कि हाईकोर्ट के मौजूदा चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा इसी महीने रिटायर हो रहे हैं। शुक्रवार को उनके कार्यकाल का अंतिम कार्यदिवस है।

## एक नजर

### नेशनल पीपुल्स पार्टी के प्रदेश कार्यालय में सदस्यता अभियान चलाया गया



**रांची।** नेशनल पीपुल्स पार्टी के प्रदेश कार्यालय में सदस्यता अभियान चलाया गया, जिसमें प्रमोद ठाकुर, रवि मुंडा तारा देवी, आशा देवी, रामलाल कच्छाप, कृष्ण उरांव सहित अनेक लोगों ने सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार पोद्दार, महासचिव अमर महतो प्रदेश प्रवक्ता सुमन बाड़ा ने सभी को सदस्यता ग्रहण करवाया। सभी ने नेशनल पीपुल्स पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की।

### नवनियुक्त जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक अध्यक्ष का सरना आदिवासी समुदाय के लोगों ने किया स्वागत

**मांडर।** गुरुवार को नगड़ा पंचायत के कनभीठा में रांची जिला अल्पसंख्यक कांग्रेस अध्यक्ष शमीम अख्तर का सरना आदिवासी समुदाय के लोगों ने स्वागत किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सभी दलित, वंचित, आदिवासी समुदाय को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। मौके पर मुखिया बहादुर उरांव, स्टीफनउरांव, अनिल उरांव, सोमा उरांव, कैलास उरांव, पुपा उरांव, पीयूष तिर्की, संतोष उरांव आदि मौजूद थे।

### बेड़ो में प्रखंड प्रशासन ने की अलाव की व्यवस्था

**बेड़ो।** कड़ाके की ठंड पड़ने के बाद भी प्रखंड मुख्यालय में प्रशासन की ओर से पुराने पोस्ट ऑफिस,महावीर चौक और बड़ाइक चौक पर अलाव की व्यवस्था कराई गई है। तापमान 5 डिग्री सेल्सियस तक गिर जाने के कारण हाड़ कंपा देने वाली ठंड को देखते हुए ठंड से राहत के लिए प्रशासन की ओर से व्यवस्था किया गया है।

### वीर बाल दिवस मनाने के लिए समिति का गठन : गुरविन्दर सिंह सेठी प्रदेश संयोजक

**रांची।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने 26 दिसम्बर, 2023 वीर बाल दिवस को राष्ट्रीय दिवस घोषित किया है। 9 जनवरी, 2022 को गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री जी ने घोषणा की थी कि 26 दिसम्बर को दसवें सिख गुरु गोविन्द सिंह के पुत्रों साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत की स्मृति में वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाएगा। प्रत्येक मंडल पर एक विशेष सभा का आयोजन किया जाये, जहां साहिबजादों के चित्र लगाये जायें एवं उनके अनुकरणीय साहस एवं बलिदान के बारे में विशेषकर युवाओं को जानकारी देना। सामूहिक रूप से स्थानीय गुरुद्वारा में जाकर शब्द कीर्तन का श्रवण हो। मंडल एवं जिलों में प्रभात फेरी का आयोजन हो। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं एवं अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जाये। सभी जिला केन्द्रों पर डिजिटल प्रदर्शनी लगायी जाये।

### केडीएच परियोजना में समारोह पूर्वक मनाया गया खान सुरक्षा सप्ताह

# कोयला खदान में सुरक्षित तरीके से काम करें कामगार : डीडीएमएस




नवीन मेल संवाददाता

खलारी। सीसीएल एनके एरिया के केडीएच परियोजना में गुरुवार को 66वां वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह समारोह पूर्वक मनाया गया। समारोह परियोजना के कारगिल स्थित पीट आफिस के पास संपन्न हुआ। खान सुरक्षा सप्ताह को लेकर एनसीडीसी के सिकनी परियोजना की टीम समारोह में निरीक्षण दल के रूप में शामिल हुई। निरीक्षण टीम में मुख्य अतिथि डीडीएमएस विनीत चौरसिया, आईएसओ के अशोक कुमार, टीम कन्वेयर वाईके सिंह, सुनीलकुमार राघव, योगेश कुमार, संतोषकुमार तिवारी, अजीतकुमार पांडेय का परियोजना पहुंचने पर स्वागत किया गया। समारोह स्थल पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के बच्चों द्वारा मार्च पास्ट कर अतिथियों का स्वागत किया गया। टीम के सदस्यों ने मां काली की पूजा अर्चना की। इसके बाद सामूहिक रूप से सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि और टीम कन्वेयर द्वारा दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। परियोजना की महिला कामगार और स्कूली बच्चों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। झारखंड फिल्म और थिएटर के कलाकारों द्वारा सुरक्षा संबंधित नाटक प्रस्तुत किया गया। वहीं परियोजना के पुरुष कलाकारों ने सुरक्षा गीत की प्रस्तुति दी। समारोह के दौरान सुरक्षित तरीके से काम करने वाले दर्जनों कामगारों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एवं टीम कन्वेयर के द्वारा कामगारों को कोयला खदान में सुरक्षित तरीके से काम करने की अपील की गई। जिसके बाद टीम के सदस्यों ने खदान का निरीक्षण किया। इस मौके पर महाप्रबंधक

### महाप्रबंधक के आश्वासन के बाद शुरू हुआ पुरनाडीह में काम

**खलारी।** कुटकी हेंजदा के रैयतो ने छह लोगों की नौकरी देने की मांग को लेकर सीसीएल एनके एरिया अंतर्गत पुरनाडीह परियोजना का काम बंद करा दिया। बंदी के कारण पुरनाडीह परियोजना का कोयला उत्पादन व उत्प्रेषण पूरी तरह ठप हो गया। रैयतो ने कहा कि पिछले चार वर्षों से उनका नौकरी लंबित है। बताया कि उनका नियुक्ति पत्र आ गया था, लेकिन आश्वासन देकर नियुक्ति पत्र नहीं दिया गया। बाद में एनके एरिया महाप्रबंधक सुजीत कुमार व पुरनाडीह के प्रभारी पीओ जेके सिंह ने रैयत व रैयत विस्थापित मोर्चा के साथ वार्ता किया। वार्ता में मोर्चा ने कहा कि प्रबंधन को अब ठोस निर्णय लेना होगा कि नौकरी कब तक मिलेगा, उसके बाद ही परियोजना का काम चालू करने दिया जाएगा। बाद में महाप्रबंधक ने एक महीना का समय लिया। लिखित आश्वासन दिया है कि नौकरी का मामला मुख्यालय में लंबित है। एक महीने में समाधान करने का आश्वासन दिया।

### रैयत विस्थापित मोर्चा ने बंद कराया निजी कंपनियों का काम



**खलारी।** रैयत विस्थापित मोर्चा ने स्थानीय रैयत विस्थापितों को रोजगार में प्राथमिकता देने की मांग पर एनके एरिया में कार्यरत निजी कंपनियों का काम बंद करा गया। बंद के कारण कोयला ढुलाई बाधित हो गया। कोयला लदे हाइवा डंपर जहां तहां खड़े हो गए हैं। साइडिंग में भी पूरी तरह सन्नाटा पसर गया। मोर्चा ने मोनेट कोल वाशरी, बीकेबी, जाय माइनिंग, श्रेया इंटरप्राइजेज, टीसीपीएल सहित केडीएच व डकरा में कोयला डिस्पैच पूरी तरह ठप करा दिया। गया। मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगनसिंह भोगता ने कहा कि प्रबंधन व क्षेत्र की निजी कंपनी, आउटसोर्सिंग कंपनियो में स्थानीय रैयत विस्थापितो को रोजगार नहीं दिया जाता है। रैयत विस्थापितो की जमीन पर कोयला खदान चल रहा है। बंद कराने में मोर्चा के बिगनसिंह भोगता, मनोज चंद्रा, इकबाल हुसैन, रंथू उरांव, जालिम सिंह, जगरनाथ महतो, विनय खलखो, रामलखन गंझू, रामचंद्र उरांव, नरेश गंझू, अमृत भोगता, प्रकाश महतो, संतोषकुमार महली, शिवनारायण लोहरा, रामधारी गंझू, दामोदर गंझू, प्रभाकर गंझू, कमलेश तुरी, अशोक राम, सुनील यादव, श्यामजी महतो, दशरथ तुरी, राजेंद्र उरांव, श्याम उरांव, विनय उरांव, आनंद तुरी, धनराज भोगता, सुखी गंझू, सलामत अंसारी, तौहीद अंसारी, रमेश गंझू, रवि उरांव, अमर भोगता, कामेष्वर गंझू, कुलदीप साहू, कीनू गंझू, रविन्द्र यादव, बैजू गंझू, किशुन गंझू, प्रभु गंझू सहित ग्रामीण षामिल थे।

### कांग्रेस पार्टी की ब्रांबे व बरगड़ी पंचायत में पंचायत सम्मेलनों का आयोजन

**मांडर।** प्रखंड के ब्रांबे एवं बरगड़ी पंचायत में कॉंग्रेस पंचायत सम्मेलन में मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कॉंग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की उपस्थित हुए। सम्मेलन को संबोधित करते बंधु तिर्की ने कार्यकताओं से कहा कि चुनाव की तैयारी मे अभी से जुट जाएं। कार्यकर्ता ही आमलोग और वोटर के सबसे करीब होते हैं। इसलिये आप अपनी ताकत को समझें और गांव के जरूरतमंदों की मदद करें। उन्होंने टोला कमिटी और बी एल ए का गठन करने को लेकर जरूरी निर्देश दिया । उन्होंने कहा कि आज से लोग पार्टी के विचारधारा को समझे और पूरे लोगों को भी विचारधारा को समझाएं। कांग्रेस पार्टी सभी समुदाय और सभी धर्म का पार्टी है। इसलिए आज हमें गांव के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में मदद करना है।

### नेहालु कपरिया पंचायत में "आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार" कार्यक्रम का आयोजन

# हर व्यक्ति को कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना हमारा लक्ष्य : सीओ प्रताप मिंज



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

झारखंड सरकार के महत्वाकांक्षी अभियान आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गुरुवार को बेड़ो प्रखंड के नेहालु कपरिया पंचायत सचिवालय के समक्ष स्कूल मैदान में आयोजित शिविर का लाभ पंचायत के सैंकड़ों ग्रामीणों ने उठाया। आयोजन के दौरान अबुवा आवास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार श्रजन योजना, मनरेगा, सावित्रीबाई फुले महिला समृद्धि योजना, कंबल वितरण, धोती साड़ी योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, छात्र साइकिल योजना, सर्वजन पेंशन योजना, जाति व आय प्रमाण पत्र के अतिरिक्त अंचल कार्यालय व अन्य विभाग से संबंधित उपस्थित सैकड़ो ग्रामीणों ने न केवल जानकारियां प्राप्त की बल्कि सैकड़ो आवेदन भी आवश्यकता के अनुसार समर्पित किए गए। शिविर में हर उम्र और हर तबके किन लोगों की उपस्थिति रही। बूढ़े भी शिविर का लाभ लेते नजर आए तो बच्चे और महिलाओं में भी शिविर के प्रति उत्साह देखा गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों के तहत कुल 1161 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से कुल 522 मामलों का तत्काल निपटारा किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर परंपरागत ढंग से किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों द्वारा समर्पित किए गए दर्जनों आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए तत्काल स्वीकृत दी गई। वहीं दर्जनों लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का भी वितरण अतिथियों के हाथों से किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अंचल अधिकारी प्रताप मिंज ने कहा कि पूरे प्रखंड के हर व्यक्ति को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना प्रखंड प्रशासन का लक्ष्य है और यही सरकार के द्वारा इस कार्यक्रम का उद्देश्य है। जिसकी पूर्ति के लिए प्रशासन का हर विभाग पूरी ईमानदारी से बेड़ो प्रखंड के विभिन्न पंचायत में अपना दायित्व निभा रहा है। सरकार का हर विभाग आज आपके दरवाजे पर आया है ताकि सरकार के द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का आप अधिक से अधिक लाभ ले सकें।

### प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव पहुंचे पूर्व मंत्री बंधु तिर्की

# ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं समाधान का दिया आश्वासन



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**

झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने गुरुवार को लापुंग प्रखण्ड के देवगांव पंचायत अंतर्गत सकरपुर बेलटोली गांव का दौरा किया। पूर्व मंत्री बंधु तिर्की को सकरपुर बेलटोली तक पहुंचने के लिये अनेक छोटे-बड़े नदी-नाला को पार कर वहां तक पहुंचे। इस दौरान गांव के परिभ्रमण के क्रम में ग्रामीणों ने बंधु तिर्की को जानकारी दिया कि महीनों से इस गांव में न तो किसी सरकारी पदाधिकारी और न ही किसी नेता ने गांव का दौरा किया है। बंधु तिर्की ने ग्रामीणों से गांव में उपलब्ध सुविधाओं और सड़क, पेयजल, विद्यालय, पंचायत भवन आदि की जानकारी ली। वहीं सैंकड़ो ग्रामीणों के साथ अपनी बैठक में पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने ग्रामीणों को दिये जा रहे राशन, पेंशन, छात्रवृत्ति, स्वास्थ्य सुविधा, रोजगार, अबुआ आवास आदि की भी जानकारी ली। इस मौके पर ग्रामीणों को समस्या हल करने का आश्वासन दिया। इधर ग्रामीणों ने गांव और अपनी व्यक्तिगत-पारिवारिक समस्याओं को बंधु तिर्की के सामने रखा और उसके समाधान का आग्रह किया।

### अमेरिकन पब्लिक स्कूल ने मनाया 18वां वार्षिकोत्सव



**मांडर।** प्रखण्ड स्थित अमेरिकन पब्लिक स्कूल पुंगी मोड़ में गुरूवार को 18वां एनुअल डे सेलिब्रेशन मनाया गया। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। सनी ग्रुप ने मनहोहक नृत्य कर लोगों को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। वहीं अर्चना ग्रुप के नागपुर कर कोरा नृत्य पर सभी दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। स्कूल के डायरेक्टर मो नौशाद ने विस्तारपूर्वक स्कूल के संघर्ष की यात्रा बताई। अपने स्थापना काल 2005 से ही स्कूल गरीब और वंचित बच्चों को अच्छी शिक्षा देने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि काफी कम फीस में स्कूल अच्छी और गुणवतापूर्ण शिक्षा मुहैया करा रही है। कम खर्च में गुणवतापूर्ण शिक्षा देने के लिए कृत्संकल्प है। कार्यक्रम का संचालन साहिल अंसारी और अशफिया प्रवीन ने किया। मौके पर जावेद अहमद शम्मा प्रवीण, रुही प्रवीण, दीपाली कुमारी, निर्मला खलखो, अर्श प्रवीन, नीलोफर प्रवीन, नसीम, निधि कुमारी, शबाना प्रवीण, निखत प्रवीण, तौफीक अंसारी, अफरोजी नेहा समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### पैराडाइज एकेडमी में वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया

**मांडर।** प्रखंड के कनभिठा पैराडाइज एकेडमी में गुरुवार को दसवां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में झारखण्ड केंद्रीय विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉक्टर सुदर्शन यादव उपस्थित रहे। विद्यालय के संस्थापक मीनू मुमताज और अफरोज आलम ने उन्हें मेमेंटो और बुके दे कर सम्मानित किया। बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यकम में बच्चों ने सोशल मीडिया के गलत प्रभाव, किसान की मजबूरी और परेशानी, साफ सफाई की अहमियत के बारे में कार्यक्रम के माध्यम से बताया। मुख्य अतिथि ने बच्चों को सम्मानित किया तथा बच्चों की जम कर तारीफ की। उन्होंने कहा के छोटे से गांव से होने के बावजूद बच्चों में अविश्वसनीय प्रतिभा है। मौके पर ज़िशान अफरोज, ऐमन अफरोज सहित महमूद आलम, रिजवान आलम, मकसूद आलम, साहिल फरहान, तानिया हसन, सभी शिक्षकगण, अभिभावक, सहित गाँव वाले भी मौजूद थे।

### जीके ऑलंपियाड परीक्षा में संत माईकल (+2) स्कूल, मुरी के बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



नवीन मेल संवाददाता

**सिल्ली/मुरी।** साईंस ऑलम्पियाड फाउण्डेशन द्वारा आयोजित जीके ऑलम्पियाड परीक्षा में संत माईकल (+2) स्कूल, मुरी के छात्र छात्राओं के द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय के सभी विद्यार्थी एवं शिक्षक काफी उत्साहित हैं। सभी सफल प्रतिभागियों को संत माईकल (+2) स्कूल के प्रांगण में मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर स्कूल के निर्देशक श्री राकेश कुमार ने अपने आशीष वचन एवं ज्ञानवर्धक बातों से बच्चों के हौसला अफजाई की स्कूल के प्राचार्य सीएल प्रजापति ने सभी विजेताओं को बधाई दिए साथ ही वर्तमान समय में जेनेरल नॉलेज के महत्त्व के बारे बताएं। इस तरह के प्रतियोगिता परीक्षा में सभी बच्चे को भाग लेने के लिए प्रोत्साहित भी किए। मौके पर विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षाकाएं किशोर कुमार, सुशील कुमार,रमेश गोराई, विमल साहू, सपना दत्ता , एनसी साहू, सोमांसी तिवारी, मनीषा सिंह इत्यादि उपस्थित थे।

### बेड़ो में स्वास्थ्य कर्मी के निधन पर शोक की लहर

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के बारीडीह गांव निवासी सह समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो से सेवानिवृत स्वास्थ्यकर्मी शैलेश कुमार राय का लंबी बीमारी के कारण उपचार के दौरान देवकमल अस्पताल रांची में बुधवार की शाम को निधन हो गया। इनके निधन की खबर सुनते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन हेतु उनके आवास पर सगा संबंधी सहित स्थानीय लोगों का तांता लगा रहा। स्थानीय लोगों की मानें तो उनका निधन प्रखंड वासियों के लिए अपूरणीय क्षति है। वे अपने जीवन काल में स्वास्थ्य विभाग में सेवा के दौरान काफी लोकप्रिय रहे। स्वास्थ्य कर्मी के पद पर सेवा प्रदान के दौरान उनकी कार्य कुशलता व चिकित्सकीय अनुभव का लाभ आमलोगों को मिला। मृदुभाषी व मिलनसार स्वभाव के धनी रहे वे वर्ष 2016 में सेवानिवृत्त होने के बावजूद निजी स्तर पर अपनी सेवा प्रदान करते रहे और सभी वर्गों से उनका लगाव निरंतर बना रहा। वे अपने पीछे पत्नी चित्रा राय दो पुत्र बिपिन कुमार राय, निखिल कुमार राय व एक पुत्री प्रियंका राय सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए।

### वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में संत उर्सला हाउस रहा अव्वल

# 25 वर्ष की सेवा पूरी होने पर सम्मानित हुए शिक्षक मुकेश सिंह व मिस अलबिना



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

उसुर्लाइन कान्वेंट स्कूल खलारी में गुरूवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एनके एरिया के कार्मिक अधिकारी नवनीत शेखर के अलावा विशिष्ट अतिथि जिप सदस्य सरस्वती देवी व विधायक प्रतिनिधि श्यामसुन्दर सिंह उपस्थित थे। विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर जयंती ने सभी अतिथियों का स्वागत बुके देकर व शाल ओढ़ाकर किया। साथ ही विद्यालय में 25 वर्ष योगदान देने पर शिक्षक मुकेश सिंह व मिस अलबिना को मोमेंटो तथा शाल ओढ़ाकर मुख्य अतिथि के द्वारा सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने खेलध्वज फहराया। विद्यालय के बच्चों ने परेड कर मुख्य अतिथि को सलामी दी। मुख्य अतिथि द्वारा मशाल जलाया गया वहीं विद्यालयों के बच्चों ने शपथ लिया। इस दौरान बच्चों ने एरोबिक्स और कराटे खेल का प्रदर्शन किया। नन्हें बच्चों के बीच फार्ग रेस, बैलुन रेस सहित अन्य खेल स्पर्धा का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि नवीनत शेखर ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल की महत्ता को बताया। खेल प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया। पूरे प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर संत उर्सला हाउस, द्वितीय स्थान पर फादर जान हाउस और तृतीय स्थान पर संत जेवियर हाउस रहा।

### खलारी में कड़ाके की ठंढ में अलाव बना सहारा

**खलारी।** खलारी में हमेशा की तरह कड़ाके की ठंढ शुरू हो गई है। शाम से तापमान गिरना शुरू हो जाता है जो सुबह होते-होते अपने न्यूनतम स्तर तक पहुंच जाता है। रात में कई जगह घना कोहरा छा जाता है। दिन में धूप के बावजूद लोग गर्म कपड़े नहीं उतार रहे हैं। सबसे अधिक परेशानी सुबह स्कूल जाने वाले बच्चों के साथ है। ठंढ को देखते हुए डीएवी स्कूल खलारी ने बच्चों का रिपोर्टिंग समय आठ बजे से बढ़ाकर सुबह नौ बजे कर दिया है, वहीं 26 दिसंबर से दो जनवरी तक विंटर वेकेशन घोषित कर दिया गया है। शाम में लोग घरों में अलाव जला रहे हैं। गुरूवार शाम कनकनी को देखते हुए खलारी के अंचल अधिकारी शिशुपाल आर्य ने खलारी शहीद चौक व स्टेशन चौक में आम लोगों के लिए अलाव की व्यवस्था कराई है। डाक्टर बच्चे, बड़े, बूढ़ों को ठंढ से बचने की सलाह दे रहे हैं ताकि इस ठंढ में कोई आदमी चपेट में न आ सके।

### गुलजारबाग में मना सुपन समाज का 18वां स्थापना दिवस

# अंधविश्वास व कुरीतियों से दूर सामाजिक स्तर ऊंचा करें सुपन समाज : अशर्फी राम



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

सुपन समाज कल्याण समिति के तत्वावधान में सुपन समाज का 18वां स्थापना दिवस मनाया गया। अध्यक्षता समाज प्रमुख असर्फी राम ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिप सदस्य सरस्वती देवी व पंसस किरण देवी उपस्थित थी। समाज के लोगो द्वारा अतिथियों को बुके देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों सहित अन्य लोगो ने बारी-बारी से बाबा सुपन भगत महाराज व डा भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिप सदस्य ने कहा कि सभी को बाबा साहेब अंबेडकर के दिखाए पथ पर चलने की जरूरत है। असर्फी राम ने अपने समाज के लोगो को शिक्षा के प्रति ध्यान देने कहा। कहा कि शिक्षा में वह ताकत है जिसके कारण आज देश ही नहीं पूरे विश्व के लोग बाबा साहेब के चरणों में नतमस्तक होते है। कहा कि समाज में व्याप्त नशापान, अंधविश्वास व कुरीतियों से दूर रहकर अपने रहन-सहन, खान-पान के साथ सामाजिक स्तर को भी उंचा करना है। संजय मंत्री ने समाज को शिक्षित व संगठित करने पर बल दिया। इस दौरान 100 से ज्यादा जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया।

### मृतक के परिजनों से मिले बंधु तिर्की दी आर्थिक सहायता

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के चचकोपी गढ़हाटोली गांव में गुरूवार के प्रातः पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने मृतक शनिचरवा उरांव के परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढ़स बंधाया। शनिचरवा उरांव की मौत बारह दिसम्बर को केरल जाने के क्रम में ट्रेन की ट्रैक पर मृत पाए गए थे। जिनका अंतिम संस्कार गांव में किया गया था। इधर श्री तिर्की ने मृतक के परिजनो से संवेदना व्यक्त की और ईश्वर से उन्हें इस दुःख को सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। उन्होने हर संभव सहायता का आश्वासन दिया और अपने स्तर से उनके परिवार की आर्थिक सहायता भी किया। तत्पश्चात श्री तिर्की गढ़हाटोली गांव के ही मृतक सेवानिवृत चौकीदार रामलखन अहिर के घर भी पहुंचे और परिजन को संतावना दी। ज्ञात हो कि रामलखन अहिर की निधन कल ही हो गया था। वे बेड़ो थाना में चौकीदार के पद से सेवानिवृत हुए थे। मौके पर बंधु तिर्की के साथ संजय कच्छप, बिन्देश्वर गोप, विश्वनाथ महली, दिलीप गोप, सरिता कच्छप, रेखा उरांव आदि मौजूद थे।

**JHARKHAND MANTRALYA**
**DPRD BUILDING**
**DHURWA, RANCHI-834004.**
OFFICE OF THE D.G. & I.G. OF POLICE
**Re-Tender Ref. No.: 17/2023-24**

IG of Police (Provision), Jharkhand Police Headquarters, Ranchi, invites sealed Technical & Commercial Bids on behalf of Office of the D.G & I.G of Police, Government of Jharkhand for **"Transparent Recruitment Process (TRP) for 3 years (F.Y.- 2023-26) to Jharkhand Police."**

A complete set of Bid Documents may be purchased by any interested eligible Bidder on the submission of a written application to the IG Provision Jharkhand Police Head Quarter, Dhurwa, Ranchi-834004 upon payment of a non refundable fee of **Rs. 2000/- (Rupees Two Thousand only)** in the form of Demand Draft in favour of IG Provision Jharkhand Police, Ranchi, payable at Ranchi.

The Bid Document may be purchased personally during office hours on all working days from After publication of Tender.

Bidder can also download the Tender document from Jharkhand Police Web-site **www.jhpolice.gov.in** in case the tender downloaded the bidder has to enclosed a demand draft of **Rs. 2000/- (Rupees Two Thousand only)** in favour of IG of Police (Provision) along with the tender document.

Interested and eligible Bidders are required to submit the Technical and Commercial Bids in two separate sealed envelopes.

The Technical and Commercial Bids should be accompanied by a bid security as specified in this Bid Document.

The Bid Security (In the form of Demand Draft) should be included in the same envelope containing the Technical Bid.

The Technical and Commercial Bids along with the Bid Security must be delivered to IG Provision Jharkhand Police head quarter, Dhurwa, Ranchi-834004 on or before as per given schedule.

The envelope containing the Technical Bid and the Bid Security will be opened on the specified date & time in the presence of the Bidders or their authorized representatives who choose to attend.

In the event of the date specified for bid receipt and opening being declared as a holiday for the Office, the due date for submission and opening of bids will be the following working day at the appointed times.

The summary of various activities with regard to this invitation of bids are listed in the table below:-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Bid Reference No. | 17/2023-24 |
| 2 | Price of Tender Document | Rs. 2000/- |
| 3 | Last date & Time for purchase of tender papers | Till 3.00 pm on 28.12.2023 |
| 4 | Last date & Time for submission of Bids | Till 4.00 pm on 29.12.2023 |
| 5 | Date & Time of opening of Bids | on 29.12.2023 at 5.00 PM |

I.G. of Police (Provision)
Jharkhand Ranchi.

PR 313991 (Police) 23-24 (D)

## युवा महोत्सव की धूम



मारवाड़ी कॉलेज के युवा महोत्सव - 2023(इंद्रधनुष) के दूसरे दिन गुरुवार को छात्र-छात्राओं खूब लुत्फ उठाया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने लोक-नृत्य, क्लासिकल नृत्य एवं संगीत प्रतियोगिता के विभिन्न स्पधाओं में भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान प्राचार्य, डॉ. मनोज कुमार के साथ कार्यक्रम समन्वयक प्रो. महामनी कुमारी, डी.एस.डब्ल्यू. डॉ. तरुण चक्रवर्ती आदि मौजूद थे।

वहीं डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में आयोजित युवा महोत्सव में गुरुवार को छात्र-छात्राओं ने झारखंड के लोक संगीत व नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। विश्वविद्यालय के टीआरएल विभाग के छात्र-छात्राओं ने मांदर की थाप पर झूमर पर सभी को थिरकने के लिए मजबूर कर दिया। इस दौरान विश्वविद्यालय के कई शिक्षक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे।

### आज का पंचाग

22.12.2023
शुक्रवार मार्गशीर्ष माह के शुक्ल पक्ष नवमी तिथि है हिन्दू कैलेंडर और पंचांग से जाने आज का शुभ मुहूर्त, अशुभ समय और राहुकाल

## कौन वसूलेगा जुर्माने के 12 करोड़

# किसका कटा चालान उसे न मैसेज न सूचना

**आरएनएम संवाददाता। रांची राजधानी रांची में ट्रैफिक चालान हवा में कट रहे हैं सुनने में आपको कुछ अटपटा सा लग सकता है लेकिन यह हकीकत है.। दिन-रात मेहनत का ट्रैफिक पुलिस नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर उन पर जुमार्ना लगा रहा है, कैमरे के माध्यम से भी चालान काटा जा रहा है लेकिन हैरानी की बात यह है जुमार्ना वसूलने में परिवहन विभाग फेल साबित हो रहा है। जुमार्ना भी एक दो लाख नही बल्कि 12 लाख वसूलना है।**

### आखिर क्यों नहीं वसूली जा रही है राशी

मिली जानकारी के अनुसार जुमार्ने की राशि वसूलने की व्यवस्था परिवहन विभाग के पास है। इसमें ट्रैफिक विभाग भी मदद करता है क्योंकि कुछ कॉस मशीन ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को दी गई है जो ऑन स्पॉट जुमार्ना वसूलते हैं। लेकिन राजधानी रांची में ट्रिपल राइडिंग , बगैर हेलमेट कर साथ साथ चार तरह की फाइन ऑनलाइन काटा जाता है। जिन व्यक्तियों का फाइन कटता है उन्हें मोबाइल में मैसेज और डाक विभाग के द्वारा चालान भेजा जाता है। लेकिन यह सिस्टम फेल हो गया है क्योंकि डाक विभाग के पास परिवहन विभाग की इतनी उधारी हो गई है कि वहां से अब चालान भेजना बंद कर दिया गया है. वहीं दूसरी तरफ एक बार मैसेज भेजे जाने के बाद अगर कोई उसे मैसेज को नहीं देख पता है तो



### 12,524,5700 रुपये की वसूली बाकी

**परिवहन विभाग को साल 2023 का 14 करोड रुपए वसूलना था जिसमें से वह मात्र दो करोड रुपए ही वसूल पाई. अभी भी साल 2023 का 12,5245,700 रुपए वसूलने बाकी है।**

### साल भर में कटा 14.50 करोड़ का चालान

राजधानी रांची में साल 2023 के जनवरी महीने से लेकर नवंबर महीने तक कुल 18 लाख 17 हजार चालान ट्रैफिक पुलिस के द्वारा काटे गए. साल भर में फाइन की कुल रकम 14 करोड़ 52 लाख 45 हजार हो गई जिसमें से एक साल में परिवहन विभाग सिर्फ 2 करोड़ की ही वसूली कर पाया। बाकी पैसे की वसूली न हो पाई है और जिनपे जुमार्ना लगा है उन्हें भी यह पता नही है कि उनका ट्रैफिक चालान कटा है. क्योंकि अधिकांश ट्रैफिक नियम का उल्लंघन करने वाले लोगों को यह पता ही नहीं है कि उनका चालान भी काटा है ऐसा इसलिए हुआ है क्योंकि उन्होंने तो डाक विभाग की तरफ चालान भेजा गया है और नहीं मैसेज भेज कर रिमांड किया गया है।

### नए साल में होगी वसूली

मामले को लेकर रांची डीटीओ प्रवीण प्रकाश ने बताया कि जुमार्ना की राशि ट्रैफिक पुलिस भी वसूल सकती है हालांकि नए साल में इसके लिए विशेष प्रयास किया जाएगा ताकि राजस्व को नुकसान ना हो।

### क्या हैं साल भर के आंकड़े

साल 2023 के जनवरी महीने में ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर कुल 10331 चालान काटे जिसमें से मात्र 2282 ही डिस्पोज हुए , फरवरी महीने में 9488 चालान काटे गए ,मार्च महीने में 11243 चालान, अप्रैल महीने में 7422 ,मई महीने में 11451 ,जून महीने में 25156 , जुलाई महीने में 59 135 , अगस्त महीने में 14001, सितंबर महीने में 11958 , अक्टूबर महीने में 10252 , और नवंबर महीने में 11265 चालान काटे गए। यानी की जनवरी से लेकर नवंबर महीने तक कुल 181702 चालान कटे , जिनमें से मात्र 24900 चलन को ही डिस्पोज किया गया जबकि 1568002 चालान अभी भी पेंडिंग है।

### एक नजर

### 1964 को भी स्थानीयता का आधार बनाए सरकार : राजेन्द्र प्रसाद

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा है कि सरकार स्थानीयता और नियोजन नीति के मामले को सिर्फ उलझाना चाहती है। झारखण्ड में अंतिम सर्वे 1964 में हुआ है ऐसे में सिर्फ 1932 को आधार बनाना झारखंडियों के लिए ही घातक होगा। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में 1964 में अंतिम सर्वे हुआ है, उन क्षेत्रों के लोगों का क्या होगा। ऐसे में वहां के लोग ही इस बात को न्यायालय में ले जाएंगे फिर उसी दिन कोर्ट इस तरह का स्थानीय नीति को खारिज कर देगी।

### डॉ. लंबोदर ने पदक विजेता अमिशा केरकेट्टा को किया सम्मानित

**रांची।** आजसू पार्टी के विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने आर्मेनिया में आयोजित वीमेंस जूनियर वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में रजत पदक विजेता अमिशा केरकेट्टा को सम्मानित किया है। इंटरनेशनल बॉक्सिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में 24 नवंबर से 4 दिसंबर तक आयोजित इस चैंपियनशिप में विश्व के कई देशों ने भाग लिया। सिमडेगा की रहने वाली अमिशा केरकेट्टा वर्तमान में झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसाइटी खेल गांव में 2028 एवं 2032 ओलंपिक की तैयारी में जुटी हैं। मौके पर कोच द्रोणाचार्य अवॉर्डी कैप्टन (रिटायर्ड) ब्रज भूषण मोहंती, कौशल्या देवी एवं पर्वतारोही शशि शेखर व कई लोग मौजूद थे।

### हटिया स्टेशन दुर्गा पूजा समिति ने कृष्णमोहन को दी श्रद्धांजलि

**रांची।** हटिया रेलवे स्टेशन दुर्गा पूजा समिति एवं संकट मोचन रामनवमी पूजा समिति के प्रधान कार्यालय हटिया में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष नंदन यादव एवं सचिव इंद्रजीत सिंह ने की। मौके पर कृष्ण मोहन सिंह के निधन के शोक में 2 मिनट का मौन रखा गया व दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किये।

### बंद घर से चोरों ने नगदी समेत दस लाख के जेवरात उड़ाये

**रांची।** तुपुदाना ओपी क्षेत्र के हरदाग में चोरों ने घर का ताला तोड़कर नगदी समेत सोना, चांदी व हीरे सहित 10 लाख रुपए के जेवरात की चोरी कर ली। इस वारदात को चोरों ने सोमवार की रात उस समय अंजाम दिया। जब घर मालिक अपने रिश्तेदार से मिलने के लिए गयी थी। इस संबंध में वेदांत मिश्रा ने तुपुदाना ओपी में प्राथमिकी दर्ज करायी है। हालांकि पुलिस को अब तक चोरों का कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। वेदांत मिश्रा ने पुलिस को बताया कि उनकी मां वास्तु विहार हरदाग में रहती है। सोमवार की रात उनकी मां रीमा मिश्रा अरगोड़ा स्थित एक रिश्तेदार के घर गयी थी। मंगलवार की शाम जब वह अपने घर पहुंची तो देखा कि दरवाजे की कुंटी टूटी हुई थी।

### एनएमसी के मैनेजर अतुल सिंह से मोबाइल की लूट

**रांची।** एनएमसी लिमिटेड के वरिष्ठ प्रबंधक अतुल सिंह से बाइक सवार अपराधियों ने मोबाइल की छिनतई कर ली। इस घटना को अपराधियों ने बुधवार की शाम उस समय अंजाम दिया, जब वह इवनिंग वाक कर रहे थे। इस संबंध में वरिष्ठ प्रबंधक ने डोरंडा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह डोरंडा सेंट्रल स्कूल के समीप रहते हैं। बुधवार की शाम सात बजे वह घर के पास ही इवनिंग वॉक कर रहे थे। उस वक्त वह अपने भाई से मोबाइल पर बात भी कर रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार दो अपराधी पहुंचे और उनके हाथ से मोबाइल छीना और फरार हो गए।

## उत्कर्ष कुमार बने रांची सदर एसडीओ दीपक दूबे गिरिडीह के डीडीसी बने

### झारखंड के 11 आईएएस अधिकारियों का हुआ तबादला-पदस्थापन

**आरएनएम संवाददाता। रांची**
राज्य के कई आईएएस अफसरों का तबादला-पदस्थापन किया गया है। इसे लेकर अधिसूचना जारी कर दी गई है। उत्कर्ष कुमार रांची सदर एसडीओ बनाये गये। पदस्थापन की प्रतीक्षारत आशीष गंगवार को अगले आदेश तक हुसैनाबाद एसडीओ (पलामू) के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है। श्रीकांत यशवत को जनजाति विकास अभिकरण खूंटी के पद पर पदस्थापित किया गया है। वहीं पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत विस्पुते अगले आदेश तक परियोजना निदेशक, समेकित पर अपने ही वेतनमान में नियुक्त एवं पदस्थापित रहेंगे। पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत ओम प्रकाश गुप्ता को अगले आदेश तक चास एसडीओ के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है। रांची के सदर अनुमंडल पदाधिकारी दीपक कुमार दूबे को स्थानान्तरित करते हुए अगले आदेश तक उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, गिरिडीह के पद पर नियुक्त किया गया है। चास के अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत को स्थानान्तरित करते हुए अगले आदेश तक उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, लोहरदगा के पद पर पदस्थापित किया गया है। कोडरमा के अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार मीणा को स्थानान्तरित करते हुए अगले आदेश तक उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है। पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत शताब्दी मजूमदार को अगले आदेश तक परियोजना निदेशक, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, जमशेदपुर के पद पर अपने ही वेतनमान में नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है।

## रेस्क्यू के लिए एनडीआरएफ की टीम ने किया मॉक ड्रिल

**आरएनएम संवाददाता। रांची**
रांची। अचानक बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो जाती है और उसमें नागरिक फंस जाते है। उन्हें कैसे बचाया जाय, इसे लेकर धुर्वा डैम सहित राज्य के सभी 24 ज़िलों में एनडीआरएफ ने गुरूवार को मॉक ड्रिल किया। मॉक ड्रिल के माध्यम से बाढ़ में फसे लोगों को रेस्क्यू कर उन तक राहत समाग्री और चिकित्सीय सुविधा पहुंचाने के लिए सभी विभाग कैसे आपस में समन्वय बना कर कार्य करें। इसपर भी मॉक ड्रिल हुआ। धुर्वा डैम में मॉक ड्रिल राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, भारत सरकार के ब्रिगेडियर बीरेन्द्र ठाकर के मार्गदर्शन में किया गया। मौके पर ब्रिगेडियर बीरेन्द्र ठाकर ने कहा



**धुर्वा डैम में जिला प्रशासन और सभी संबंधित विभागों से बनाया गया समन्वय**

कि मॉक ड्रिल का उद्देश्य सभी विभाग आपदा के पूर्व एवं आपदा के समय अपनी तैयारी को पुख़्ता रखने का है। ताकि जानमाल को कम से कम नुकसान हो और किसी भी आपदा के लिए हमारी तैयारी पूरी हो।

### सोशल मीडिया का लाभ लेने पर दिया प्रशिक्षण

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई योजना बनाई है। जिसे सोशल मीडिया के माध्यम से महिला लाभार्थियों तक किस प्रकार उपयोग किया जाए। सोशल मीडिया का प्रयोग और लाभ कैसे उठाना है। इस पर भाजपा प्रदेश मुख्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। महिला मोर्चा की सभी पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष जिला सोशल मीडिया प्रभारियों को प्रशिक्षण दिया गया। ताकि वे अपने अपने क्षेत्र की महिलाओं को प्रशिक्षण दे। बैठक को भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष आरती कुजूर की अध्यक्षता में बैठक की गई। पार्टी के राष्ट्रीय सचिव आशा लकड़ा ने कहा कि समय के साथ काम करने और लोगों से जुड़ने का तरीका बदलता जा रहा है। जिसमे आज के दौर में सोशल मीडिया माध्यम पर सबसे ज्यादा उपयोगी साबित हुई है। इसी माध्यम से ही हम महिलाओं की समस्या को समझ कर प्रधान मंत्री ने कई प्रकार की योजनाएं चलाई है।

## लोकसभा चुनाव 2024 के सफल संचालन के लिए हुई बैठक

# 318 सेक्टर पदाधिकारी व पुलिस अधिकारियों की होगी प्रतिनियुक्ति

### आज से मोरहाबादी में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में दी जायेगी ट्रेनिंग व जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
लोकसभा चुनाव-2024 के सफल क्रियान्वयन को लेकर रांची जिला के सभी 318 सेक्टर के लिए सेक्टर एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति कर दी गयी है। इस संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह-उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक का संयुक्तादेश जारी किया गया है। प्रतिनियुक्त सेक्टर पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को हैंडबुक फॉर सेक्टर ऑफिसर-2023 तथा मेनुअल ऑन वूलनेराब्लिटी मैपिंग-2023 में निहित प्रावधानों के अनुसार अपने दायित्वों के निर्वहन का आदेश दिया गया है। जारी आदेश में सेक्टर पदाधिकारी/पुलिस पदाधिकारी को अपने सेक्टर में पड़ने वाले मतदान



केन्द्रों का भौतिक निरीक्षण करने एवं मतदान केन्द्रों में मतदान केन्द्र का नाम, दीवार लेखन, भवन, बिजली, पेयजल, शौचालय, रैम्प, उपस्कर, मार्गीय (रूट) सुविधा इत्यादि की स्थिति से एक सप्ताह के अन्दर विहित प्रपत्र में प्रतिवेदन तैयार कर जिला निर्वाचन कार्यालय, को उपलब्ध कराने को कहा गया है। साथ ही संवेदनशील मतदान केन्द्रों की वूलनेराब्लिटी मैपिंग सुनिश्चित करने का भी आदेश दिया गया। मतदान केन्द्रों के भौतिक निरीक्षण कार्य में प्रतिनियुक्त सेक्टर पदाधिकारी/पुलिस पदाधिकारी को किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने का सख्त निर्देश दिया गया है। उन्हें आज और कल 23 दिसंबर को मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में सारणी अनुसार आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला में संयुक्त रुप से भाग लेने का भी आदेश दिया गया है।

### डीसी ने दी अभियोजन की स्वीकृति

**शस्त्र अधिनियम के अन्तर्गत विनोद कुमार यादव पर चलेगा केस**

रांची। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने एयरपोर्ट थाना कांड सं.-49/2023 दिनांक 22 सितंबर, 2023 से सबंधित प्रतिवेदनों के अवलोकन के बाद शस्त्र अधिनियम की धारा-25 (1-बी) ए/26/35 के अन्तर्गत अभियोजन की स्वीकृति प्रदान की गई है। एयरपोर्ट थाना काण्ड संख्या 49/2023 दिनांक- 22 सितंबर, 2023 के प्राथमिकी अभियुक्त बिनोद कुमार यादव को बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के सिक्युरिटी होल्ड एरिया में सिक्युरिटी चेकिंग के दौरान संदिग्ध सामान के साथ पकड़ा गया था। सामान की तलाशी लेने पर बैग से एक 5.56 एमएम गोली बरामद की गई। बरामद गोली के संबंध में पूछे जाने पर अभियुक्त द्वारा न कोई वैध कागजात प्रस्तुत किये और न ही कोई संतोषजनक जवाब दिया गया। उक्त कांड के अनुसंधान एवं पर्यवेक्षण के क्रम में पकड़ाये प्राथमिकी अभियुक्त के विरूद्ध घटना को सत्य पाया गया। आशा कुमारी एयरपोर्ट थाना द्वारा समर्पित प्रतिवेदनों एवं पुलिस अधीक्षक रांची नगर के द्वारा अनुशंसित इस कांड के प्राथमिकी अभियुक्त के विरूद्ध अभियोजन की स्वीकृति प्रदान की गई।

## कोर्ट की खबरें

### बागेश्वर बाबा के कार्यक्रम के आवेदन पर पलामू डीसी 2 हफ्ता में लें निर्णय : हाईकोर्ट

**रांची।** पलामू जिला प्रशासन द्वारा धीरेंद्र शास्त्री उर्फ बागेश्वर बाबा का कार्यक्रम स्थगित करने के आदेश के खिलाफ दाखिल याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. सुनवाई में अदालत ने पलामू डीसी को निर्देश दिया है कि वे कथा आयोजन समिति के आवेदन को दो सप्ताह में निष्पादित करें, अन्यथा अदालत उनपर 25 हजार का जुमार्ना लगाएगा. साथ ही अदालत ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने की छूट प्रदान की है. अब हाईकोर्ट इस मामले में 5 जनवरी को सुनवाई करेगा. इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट में हुई. इस संबंध में दीना राम की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई है. याचिका के कहा गया है कि बागेश्वर बाबा के कार्यक्रम के आयोजन के लिए शुरूआत में अनुमति दी गई थी. लेकिन बाद में यह कहकर अनुमति रद्द कर दी गई कि कार्यक्रम से अमानत नदी प्रदूषित होगी. पलामू में बाबा बागेश्वर धाम का कार्यक्रम 10 से 15 फरवरी के बीच निर्धारित किया गया है. अदालत से यह मांग की गई है कि कार्यक्रम के आयोजन की मंजूरी दी जाए.

### अवैध खनन मामले में विनोद हांसदा के घर पहुंची सीबीआई की टीम

**रांची।** सीबीआई की साहिबगंज जिले में अवैध खनन मामले की जांच तीसरे दिन गुरुवार को भी जारी है। सीबीआई की चार सदस्यीय टीम ने भवानी चौकी स्थित विजय हांसदा के घर पहुंच कर जानकारी हासिल की है। इसके अलावा लगभग एक घंटे तक गांव के लोगों से जानकारी ली है। करोड़ों के अवैध खनन और मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच में लगी ईडी के गवाह विजय हांसदा के केस की जांच करने के लिए साहिबगंज में कैंप कर रही है। उल्लेखनीय है कि सीबीआई बुधवार को डीएमओ विभूति कुमार और अमीन के साथ साहिबगंज के नींबू पहाड़ पहुंची थी। वहां मौजूद दो अवैध खदानों की जांच की थी।

### हाईकोर्ट ने खारिज की प्रेम प्रकाश की याचिका

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी प्रेम प्रकाश की डिस्चार्ज याचिका पर हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है. ईडी द्वारा लगे आरोपों के खिलाफ प्रेम प्रकाश ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है. जिसे हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया. इससे पहले निचली अदालत भी प्रेम प्रकाश की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज कर चुका था, जिसे उसने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी. बता दें कि ईडी ने मनी



लॉन्ड्रिंग मामले में पंकज मिश्रा पर चार जून को केस दर्ज किया था. उसपर साहिबगंज जिला के बरहरवा थाना में वर्ष 2020 में प्राथमिकी दर्ज की गयी थी. इसके तहत उन्हें अभियुक्त बनाया गया है. इस मामले में ईडी ने शंभु नंद कुमार का बयान भी दर्ज किया था. शंभु ने ईडी को दिये अपने बयान में राज्य के कैबिनेट मंत्री आलमगीर आलम का नाम लिया था. साहिबगंज के बरहरवा में जून 2020 के टेंडर विवाद में एक केस दर्ज किया गया था. जिसे ईडी ने टेकओवर किया है।

### हाईकोर्ट ने डीजीपी को दिया एसआईटी गठित करने का निर्देश

**रांची ।** जमशेदपुर बार घोटाला की जांच के लिए दायर जनहित याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान अदालत ने डीजीपी को यह निर्देश दिया है कि मामले की जांच के लिए वह एक एसआईटी का गठन करें. इस एसआईटी में एक आईजी रैंक के पुलिस पदाधिकारी, एक डीएसपी रैंक के पुलिस पदाधिकारी और एक इंस्पेक्टर रैंक के पुलिस पदाधिकारी शामिल रहेंगे. इसके साथ ही अदालत ने जमशेदपुर बार की वित्तीय शक्तियां इस्तेमाल करने के लिए एक प्रशासक नियुक्त करने का निर्देश दिया है. इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की बेंच में हुई।

### पूर्व मंत्री एनोस एक्का की बेल रद्द करने के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर

**रांची।** पूर्व मंत्री और पारा टीचर मनोज कुमार हत्याकांड के दोषी एनोस एक्का की जमानत को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है. मृतक के भाई और केस के सूचक संजय कुमार ने हाईकोर्ट में अपने अधिवक्ता अभय मिश्रा के माध्यम से क्रिमिनल मिसलिनियस पिटीशन (सीआरएमपी) दाखिल कर कोर्ट से यह गुहार लगायी है कि एनोस एक्का की जमानत रद्द की जाए. अपनी याचिका में



संजय कुमार ने कहा है कि एनोस एक्का को हाईकोर्ट ने इस शर्त पर जमानत दी थी कि वह अपना पासपोर्ट कोर्ट में जमा करेंगे और गवाहों को परेशान नहीं करेंगे. लेकिन जेल से बाहर आने के बाद वह जमानत की शर्तों का उल्लंघन कर रहे हैं. साथ ही इस केस से जुड़े एक गवाह पर पीएलएफआई उग्रवादियों ने हमला कर दिया. बता दें कि वर्ष 2018 में एनोस एक्का को पारा टीचर मनोज कुमार की हत्या में दोषी करार दिया गया था. वर्ष 2019 में उन्हें हाईकोर्ट से बेल मिली थी।

### बिना हेलमेट के अब नहीं मिलेगा पेट्रोल, पंप संचालकों को दी गई हिदायत

**रांची।** राजधानी में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए रांची पुलिस पेट्रोल पंप संचालकों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। पुलिस की ओर से नो हेलमेट नो पेट्रोल अभियान को सख्ती से लागू कराएगी। रांची पुलिस ने सभी पेट्रोल पंप संचालकों को इस अभियान को सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया है। इसको लेकर जिला प्रशासन, ट्रैफिक पुलिस के साथ पेट्रोल पंप संचालकों की बैठक हुई थी। बैठक में संचालकों से कहा गया है कि वे हर हाल में इस अभियान का पालन कराए ताकि हादसों की संख्या में कमी आए। संचालकों से यह भी कहा गया है कि अगर कोई व्यक्ति बिना हेलमेट के पेट्रोल भरवाने के लिए पंप में पहुंचता है। तो उन्हें किसी भी हाल में पेट्रोल नहीं दें। अगर कोई जबरदस्ती करता है तो संबंधित इलाके के थाने में ऐसे वाहन चालकों की सूचना दे। ताकि संबंधित थाना प्रभारी उस पर कार्रवाई कर सके। ट्रैफिक पुलिस ने सभी पेट्रोल पंप संचालकों को पोस्टर उपलब्ध कराया है। जिसमें नो हेलमेट नो पेट्रोल लिखा हुआ है। संचालकों को निर्देश दिया है कि वे अपने पंप में ऐसे स्थान पर पम्पलेट लगाए, वाहन चालकों की नजर उस पर पड़े। ट्रैफिक पुलिस के निर्देश पर कई पंप के संचालकों ने अभियान का पम्पलेट भी लगा दिया है।

# विस घेराव करने पहुंचे पंचायत स्वयंसेवकों पर पुलिस ने किया लाठीचार्ज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के आखिरी दिन गुरुवार को विधानसभा से कुछ दूरी पर मांगों को लेकर विभिन्न संगठनों ने प्रदर्शन किया। यहां तक कि बैरिकेडिंग के पास आकर हंगामा भी शुरू कर दिया। वे पुलिस का घेरा तोड़कर विधानसभा का घेराव करने के लिए आगे बढ़ना चाह रहे थे। जिन्हें रोकने के लिए वहां पर बड़ी संख्या में सुरक्षाबल के जवान पहले से तैनात थे। जवानों ने पंचायत स्वयंसेवकों को रोकने की कोशिश की। लेकिन आंदोलनकारी नहीं माने और आगे बढ़ते चले गये, जिसके बाद जवानों ने उनको खदेड़ना शुरू किया, उन पर लाठियां चार्ज कर दिया। बैरिकेडिंग पार कर आगे बढ़ने वालों में मुख्य रूप से पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के सदस्य थे। वे विधानसभा का घेराव करने के लिए पुलिस का घेरा तोड़कर आगे बढ़ना चाह रहे थे। इस पर सुरक्षा बल के जवानों ने बैरिकेडिंग के पास उन्हें रोक दिया। इस पर वे दूसरे बैरिकेडिंग को भी तोड़कर आगे बढ़ने लगे।

जिस पर कार्रवाई करते हुए सुरक्षाबल के जवानों ने लाठियां बरसाते हुए, उन्हें रोकने की कोशिश की। इस बीच सुरक्षा बल के जवानों और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का-मुक्की और नोंक-झोंक हुई। पुलिस की ओर से वाटर कैनन का भी इस्तेमाल किया गया। इस दौरान अफरा-तफरी मच गई।





## राज्यपाल को सरयू ने बताया जमशेदपुर को औद्योगिक नगरी जल्दबाजी में घोषित किया



**विधायक** सरयू राय ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से राजभवन में मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल को बताया कि राज्य सरकार ने जमशेदपुर को औद्योगिक नगरी घोषित करने का निर्णय आपाधापी में लिया है। उस संबंध में उन्होंने राज्यपाल को स्मार पत्र भी सौंपा। सरयू राय ने बताया कि राज्यपाल ने कहा है कि सरकार स्पष्टीकरण मांगेंगे। यदि कुछ भी नियम के विरुद्ध और जनहित के खिलाफ हुआ है, तो उस पर कार्रवाई करने का निर्देश भी देंगे। सरयू राय ने राज्यपाल को बताया कि किसी भी शहर को पूर्णतः या आंशिक रूप से औद्योगिक नगरी घोषित करने के लिए संविधान ने राज्यपाल को अधिकृत किया है।

**अध्यक्ष रबींद्रनाथ के संबोधन के साथ शीतकालीन सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित**

# स्थानीय नीति को कानूनी रूप देने के लिए सभी को आगे आना चाहिए : स्पीकर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति राजनीतिक मुद्दा नहीं, बल्कि यह झारखंड के सवा तीन करोड़ जनता की भावना, अस्मिता से जुड़ा मसला है। इसलिए इसमें दलगत और राजनीतिक हित-अहित से उपर उठकर इसे कानून रूप प्रदान के लिए सभी को आगे आना चाहिए। यह बातें विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने शीतकालीन सत्र के समापन के दौरान कही। उनके संबोधन के साथ ही झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि यह मांग झारखंड के लंबे समय तक चले झारखंड आंदोलन, संघर्ष और बलिदान से जुड़ा है। सदन में विभिन्न माध्यमों से जो सवाल आए, उसमें 90.69 प्रतिशत का जवाब सदस्यों को मिला। यह सदन की बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाना। जनता के अधिक से अधिक सवाल आए और उसका समाधान हो, इस दिशा में सत्ता एवं प्रतिपक्ष दोनों का सहयोग आपेक्षित होता है। कुल मिलाकर यह सेशन सफल रहा। इसमें स्थानीय नीति विधेयक और झारखंड आंदोलनकारियों को 5 प्रतिशत आरक्षण देने समेत कुल चार विधेयक पास हुए।



### 2019 का रूप मुख्यमंत्री का दिखना चाहिए : बाऊरी

नेता प्रतिपक्ष अमर बाऊरी ने अपने संबोधन में कहा कि वे पहली बार सदन में नेता प्रतिपक्ष बने हैं। इसके लिए वे अपने संगठन को धन्यवाद देते हैं। स्पीकर ने मान्यता दी, इसके लिए मैं उनका भी धन्यवाद देता हूं। इस सदन में सरकार ने अहंकार में डूब कर गद्दार जैसे शब्द का भी इस्तेमाल किया। आज राज्य चारों ओर समस्या से घिर चुका है। विधि व्यवस्था की कहानी धनबाद जिला बता रही है। पंचायत सचिवों समेत कई युवाओं पर लाठी चार्ज हुआ। बंग्लादेशी घुसपैठ बढ़ रहा है। पिछली बार धान खरीदी का पैसा अब तक किसानों को नहीं मिला। फिर धान खरीदी की तैयारी है। भ्रष्टाचार चरम पर है। इसलिए हमलोग 2019 वाले मुख्यमंत्री और हेमंत सोरेन को देखना चाहते हैं जो कई वादों करके सत्ता में आए है।

## बीमार विधायक इंद्रजीत महतो को सभी 81 विधायक करें मदद : स्पीकर

शीलकालीन सत्र के दौरान भाजपा विधायक ढुलू महतो ने पिछले दो वर्षों से हैदराबाद में इलाजरत सिंदरी के विधायक इंद्रजीत महतो का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि पैसे के अभाव में इंद्रजीत महतो का इलाज प्रभातिव हो रहा है। ढुलू महतो ने कहा कि सदन के माध्यम से आग्रह है कि इलाजरत विधायक के लिए सरकार के स्तर पर राशि मुहैया करायी जाय। ताकि उनका इलाज बेहतर तरीके से हो सके। नीलकंड सिंह मुंडा ने कहा कि मानवता के नाते सभी को मिलकर उनके इलाज में सहयोग करना चाहिए। स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने कहा कि अभी उनके परिजनों से बाते हुई है। विधायक के इलाज के लिए बहुत पैसे की जरूरत है, मैं इस मुद्दे पर सरकार से बात करूंगा। उन्होंने सदन के सभी सदस्यों से अपील किया कि विधायक इंद्रजीत महतो के इलाज के लिए पैसे की जरूरत है।

# सदन में बाबूलाल को क्यों बोलने नहीं दिया जाता है, प्रदीप यादव माफी मांगे : बाउरी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि बाबूलाल मरांडी इसी सदन के सदस्य है। उन्हें पिछले चार वर्षों में एक बार भी बोलने नहीं दिया गया है। वे राजधनवार से 4 लाख लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं। फिर भी उन्हें सदन में बोलने क्यों नहीं दिया जाता। सत्ता पक्ष क्यों उनसे इतना खौफ खाता है। उन्होंने कहा कि बाबूलाल पर आरोप लगाने के लिए प्रदीप यादव सदन में माफी मांगें। इसके बाद भाजपा के सारे विधायक वेल में आकर हंगामा करने लगे तो स्पीकर ने सदन की कार्यवाही 12:30 तक के लिए स्थगित कर दी। लेकिन कार्यवाही 12.34 ाजे सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू होने के बाद फिर से बाबूलाल मरांडी मामले को लेकर पक्ष और विपक्ष में नोंकझोंक होने लगा। दोपहर 12.44 बजे भाजपा और कांग्रेस के विधायक वले में पहुंचकर हंगामा करने लगे।



### कई विधायकों ने की कार्रवाई की मांग

विधायक स्टीफन मरांडी, सरफराज अहमद और प्रदीप यादव ने बाबूलाल पर कार्रवाई करने की मांग की। सरफराज अहमद ने कहा कि बाबूलाल मामले पर आसन का नियमन आना चाहिए। संसदीय कार्यमंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि बाबूलाल का सदन के बाहर आसन पर आक्षेप करना अवमानना का मामला है। इस पर भाजपा विधायक वेल में लगातार हंगामा करने लगे। इसे देखते हुए स्पीकर ने सदन की कार्यवाही 2 बजे तक स्थगित कर दी।

### स्पीकर ने कहा नियमानुकूल जो होगा वह किया जाएगा

इस पर स्पीकर ने कहा था कि जो भी नियमानुकूल होगा, वो किया जाएगा। वहीं भाजपा विधायक सीपी सिंह ने कहा कि ये अवमानना का मामला नहीं है। कांग्रेसी किस मुंह से इसे अवमानना का मामला बता रहे हैं।

# सरयू राय ने खतियान से वंचित लोगों के लिए रखा निजी संकल्प

**सदन** में विधायक सरयू राय ने झारखंड विधानसभा सत्र के शीतकालीन सत्र के आखिरी दिन 1932 के खतियान और इसके बाद से लेकर वर्ष 2000 में झारखंड गठन के बीच यहाँ आने वाले लोगों के लिए निजी संकल्प रखा। निजी संकल्प के रूप में सदन में उन्होंने निजी अभिस्ताव विचारार्थ रखा। जिस पर संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने उत्तर भी दिया। यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि झारखंड राज्य में स्थानीय नीति निर्धारित करने में 1932 खतियान का समावेश करने के साथ ही 1932 से 2000 और 2000 से 2023 के बीच की अवधि के सामाजिक-आर्थिक-औद्योगिक एवं वैधानिक परिदृश्यों के परिणामों पर भी विचार किया जाय। संबंधी निर्णयों में निर्देशित बिन्दुओं को इसका अंग बनाया जाय। बिहार पुनर्गठन अधिनियम-2000 के प्रावधानों, झारखंड उच्च न्यायालय मुकदमा संख्या-डब्लूपी (पीआईएल)-4050/2002 एवं डब्लूपी (पीआईएल)-3912/2002 में पांच जजों की खंडपीठ के निर्णय में विहित निर्देशों और आर.आई. कोहले बनाम तमिलनाडु सरकार मुकदमा में सर्वोच्च न्यायालय के नौ जजों की संविधान पीठ के 2007 के फैसले की भावना पर विचार किया जाय। इसके बिना बनाई जानेवाली झारखंड की स्थानीय नीति संविधान के सुसंगत प्रावधानों के अनुरूप नहीं होगी। तो पूर्व की भांति न्यायिक समीक्षा में इसके खारिज होने का असर अंततः राज्य के युवाओं के भविष्य पर पारेगा और वे ससमय नियोजन से वंचित होते रहेंगे।



सरयू राय ने अभिस्ताव पर विस्तार से विषय रखा। सरकार से अनुरोध किया कि उनके अभिस्ताव के कानूनी पहलुओं पर सरकार के विधि विभाग से परामर्श लेकर इसे स्थानीय नीति का अंग बनाए। इस पर मंत्री ने कहा कि कल ही सदन में स्थानीय नीति का प्रस्ताव पारित कर राज्यपाल को भेजा गया है। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि उनका अभिस्ताव सदन आरम्भ होने के पहले का है। प्रभारी मंत्री आलम ने आश्वस्त किया कि इस बारे में विधि विभाग के मंतव्य से वे उन्हें अवगत कराएंगे।

# लोकतंत्र व संविधान की रक्षा की मांग पर इंडिया गठबंधन का आक्रोश मार्च आज




**भारतीय** कम्युनिस्ट पार्टी कार्यालय में इंडिया के बैनर तले घटक दलों की बैठक झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मुस्ताक अंसारी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सुबोधकांत सहाय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लगातार लोकतंत्र की गला घोट रही है। मोदी सरकार के हाथों लोकतंत्र, संविधान के साथ अब तो देश के सांसद भी सुरक्षित नहीं है। भारतीय जनता पार्टी के सांसद के अनुसार संसद के अंदर तांडव मचाने वाले को बचाने के लिए 151 सांसदों को निष्कासित कर दिया गया। यह लोकतंत्र की हत्या है। देश में आपातकाल की स्थिति है। सदन में जबरदस्ती गैर कानूनी सभी फैसले लिए जा रहे हैं। गैर संवैधानिक तरीके से देश के विपक्षी नेताओं पर कार्रवाई की जा रही है। बैठक में नेताओं ने एक स्वर से कहा कि आने वाले दिन महागठबंधन इंडिया मजबूत तरीके से लोकतंत्र की हिफाजत के लिए संविधान को बचाने के लिए सड़कों पर उतरेगी। शुक्रवार को रांची जिला स्कूल के मैदान से आक्रोश मार्च निकाला जायेगा, जो राजभवन तक जायेगा। जिसके बाद राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। बैठक में कांग्रेस के महासचिव सुरेंद्र सिंह, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक, अजय कुमार सिंह, कांग्रेस जिला अध्यक्ष राकेश किरण महतो, जेएमएम जिला अध्यक्ष मुस्ताक अंसारी, जिला सचिव हेमलाल महतो, माले भुवनेश्वर केवट, राजेश यादव, आम आदमी पार्टी के अविनाश नारायण, भाकपा माले के शुभेंदु सेन, राष्ट्रीय जनता दल के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र महतो, सीपीएम के समीर दास, संतोष कुमार रजक, जेडीयू के सागर कुमार, टीएमसी के संजय कुमार पांडे, तेतर महतो, विनोद लहरी, जोगेंद्र सिंह बेनी, समीर दास, नागेंद्र चौधरी, उदयभान सिंह, रामनंदन प्रसाद सिंह आदि कई नेतृत्व के लोग उपस्थित थे।

## विधायक पुष्पा देवी ने दलित बच्ची से दुष्कर्म मामले में विस में दिया धरना



**पलामू।** छतरपुर में दलित परिवार की 12 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना का शोर गुरुवार को विधानसभा में सुना गया। विधायक पुष्पा देवी ने दोषियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर विधानसभा में धरना दिया। उन्होंने इस मामले में अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। विधायक ने कहा कि राज्य में जबसे हेमंत सोरेन सरकार की सरकार बनी है, राज्य की महिलाएं सुरक्षित नही हैं। कालापहाड़ क्षेत्र की 12 वर्षीय बच्ची को अकेला पाकर उसी गांव के एक युवक ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। मामला बुधवार की शाम छतरपुर महिला थाना पहुंचा। पीड़ित के साथ पहुंचे परिवार के लोगों ने थाना में आवेदन दिया है। छतरपुर डीएसपी अजय कुमार ने बताया कि पुलिस छापेमारी कर रही है। आरोपी को शीघ्र पकड़ लिया जाएगा।

## संसद से विपक्षी सांसदों को निलंबित करना लोकतंत्र की हत्या : बृंदा कारात



**पाकुड़।** भाजपा के नेतृत्व में लोकतंत्र और संविधान पर लगातार हमला कर हमारे देश के फेडरल चरित्र को ही खत्म करने की साजिश की जा रही है। इस बार के संसद सत्र के दौरान विपक्ष द्वारा प्रधानमंत्री और गृहमंत्री से संसद की सुरक्षा पर वक्तव्य दिए जाने की मांग करने पर लगभग 146 से ज्यादा विपक्षी सांसदों को निलंबित कर दिया गया। यह बातें सीपीआई (एम) की पोलिट ब्यूरो सदस्य बृंदा कारात ने कही। पाकुड़ में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार का जो कार्य करने का जो तरीका है। यह लोकतंत्र पर सत्ता पक्ष का एक बड़ा हमला है। जिसका डट कर मुकाबला करना होगा। इसकी शुरूआत इंडिया गठबंधन की ओर से शुक्रवार 22 दिसंबर से होगी। शुक्रवार से देशव्यापी लोकतंत्र बचाओ दिवस मनाये जाने आंदोलन की शुरुआत हो रही है। उन्होंने कहा कि आज राज्यपाल केंद्र सरकार के एजेंट के रुप में काम कर रहें हैं। इनका काम विपक्ष शासित राज्यों के प्रशासन में केवल अनुचित हस्तक्षेप करना रह गया है। पार्टी के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि जिले में बंद पड़े पत्थर उधोग को पुनर्जीवित करने, जिले के लाखों बीडी मजदूरों को सामाजिक सुरक्षा दिए जाने की जरूरत है। सम्मेलन की अध्यक्षता शिबानी पाल ने की। बैठक को जिला सचिव गोपीन सोरेन और मो. नादेर ने भी संबोधित किया।

# उपराष्ट्रपति धनखड़ के अपमान के विरोध में महानगर भाजपा ने निकाला आक्रोश मार्च

**भाजपा** महानगर ने इंडिया अलायंस के द्वारा उपराष्ट्रपति सह राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के अपमान के विरोध में राजधानी में आक्रोश मार्च निकाला। महानगर अध्यक्ष के के गुप्ता के नेतृत्व में जिला स्कूल मैदान से उपायुक्त कार्यालय तक आक्रोश मार्च निकाला गया। मार्च में शामिल भाजपा के कार्यकर्ता हाथों में सरकार विरोधी नारे लिखी तख्तियां एवं झंडे लेकर नारेबाजी करते हुए चल रहे थे। उपायुक्त कार्यालय के समीप पहुंचने पर मार्च को धरना तब्दील कर दिया गया। धरना को संबोधित करते हुए केके गुप्ता ने कहा कि इंडिया अलायंस के द्वारा उपराष्ट्रपति सह राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के अपमान से पूरा ओबीसी एवं जाट समाज अपमानित महसूस कर रहे है। इस अपमानजनक घटना के लिए इंडिया एलायंस के पोस्टर बॉय राहुल गांधी को अविलंब देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। श्री गुप्ता ने झारखंड विधानसभा प्रकरण पर कहा कि झारखंड विधानसभा अध्यक्ष सत्ताधारी दल के इशारे पर भाजपा के विधायकों को अपमानित कर रहे हैं। जनता की आवाज उठा रहे विपक्ष के विधायकों को सदन से निलंबित करना झारखंड की साढ़े तीन करोड़ जनता के आवाज को दबाने जैसा है। आक्रोश मार्च और धरना में सुबोध सिंह गुड्डू, वरुण साहू जितेन्द्र सिंह पटेल, सत्यनारायण सिंह, सीमा शर्मा, रमेश सिंह, संजीव विजयवर्गीय, ज्योति सिन्हा, अनिता क्षेत्री सहित पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।




### विस के बाहर भाजपा विधायकों ने सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

**शीतकालीन** सत्र के अंतिम दिन गुरुवार को सदन शुरू होने से पहले भाजपा विधायकों ने एक बार फिर सदन के बाहर विरोध जताया। शीतकालीन सत्र के लिए निलंबित विधायक बिरंची नारायण ने सरकार को युवा विरोधी और निकम्मा बताया। उन्होंने कहा कि नियोजन नीति स्पष्ट करने में सरकार विफल है। इस कारण लाखों युवा सड़क पर हैं। संविधान की नौवीं अनुसूची में नियोजन नीति को शामिल करने की बात कर वह युवाओं को छलने में लगी है। अनंत ओझा ने कहा कि यह युवा विरोधी सरकार है। राज्यपाल ने वाजिब तथ्यों के साथ नियोजन नीति के लिए सुझाव दिए थे।

# मैं डॉक्टर हूं मरीजों के साथ भाजपा वालों का भी इलाज करता हूं : इरफान



**सदन** की कार्यवाही से बाहर निकले विधायक इरफान अंसारी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति से राज्य के युवाओं के नौकरी का रास्ता साफ हो गया है। इस विधेयक का सदन से पारित करा कर राज्यपाल को भेजा जा रहा है। जिसके बाद यह प्रभावी होगा और नौकरी में झारखंड के युवाओं को अवसर मिलेगा। भाजपा और बाबूलाल के बयान के संदर्भ में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि भाजपा वाले सदन के अंदर कुछ और बोलते है फिर सदन के बाहर कुछ और कहते है। ऐसा नहीं होना चाहिए। इरफान अंसारी ने कहा कि भाजपा के विधायकों को सदन की गरिमा बनाये रखना चाहिए। बात बात पर सदन में हंगामा से राज्य का विकास का कामकाज प्रभावित होता है। चिकित्सा व्यवस्था की स्थिति पर उन्होंने कहा कि इसका जवाब स्वास्थ्य मंत्री देंगे, मैं कुछ नहीं बता सकता हूँ। मैं डॉक्टर हूँ इसलिए मरीजों का इलाज करता हूँ और भाजपा वालों का भी इलाज करता हूँ।

# नीलकंठ ने खूंटी नगर पंचायत क्षेत्र में विद्युत संयोजन का मामला उठाया

**खूंटी।** विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने विधानसभा अध्यक्ष से अल्पसूचित प्रश्न के तहत खूंटी नगर पंचायत क्षेत्र के 19 वार्ड और 67 मुहल्लों में विद्युत संयोजन से संबंधित मामला उठाया। विधायक ने विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष कहा कि अभी भी नगर क्षेत्र में बांस-बल्ली के सहारे विद्युत संयोजन का कार्य किया जा रहा है। जिसके कारण आए दिन दुर्घटना होती रहती हैं। विधायक ने अध्यक्ष से लिखित रूप में पूछा कि सरकार आखिर कब तक शहर के विभिन्न वार्डों और मुहल्लों में बिजली के पोल और तार उपलब्ध कराकर विद्युतीकरण करने का विचार रखती है। इसके जवाब ने संबंधित विभाग के मंत्री ने लिखित रूप से बताया कि जून 2024 यानी छह माह के अंदर विद्युतीकरण कार्य कर लिया जाएगा। झारखंड के 65 लाख परिवारों को प्रत्येक महीने एक किलो दाल का वितरण सरकार द्वारा अनुदानित दर पर जन वितरण प्रणाली की दुकानों से वित्तीय वर्ष 2023-24 में किया जाना था और इसके लिए 555 करोड रुपये की राशि का भी आवंटन किया गया था। लेकिन अभी तक दाल का वितरण नहीं किया गया है। इस पर विधानसभा में संबंधित विभाग के मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि दो दिन पूर्व ही दाल खूंटी जिले में उपलब्ध करा दी गई है।



**बाबूलाल मरांडी के बयान पर सदन के अंदर सत्तापक्ष-विपक्ष में तीखी नोंकझोंक**

# बाबूलाल पर कार्रवाई होनी चाहिए : प्रदीप

**झारखंड** विधानसभा के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन गुरूवार को सदन की कार्यवाही शुरू होते ही हंगामा शुरू होने लगा। प्रदीप यादव ने बाबूलाल मरांडी द्वारा स्पीकर के खिलाफ दिये गये बयानों का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि मीडिया में खबर आयी है कि बुधवार को आसान पर आक्षेप लगाते हुए कहा कि सदन में उन्हें बोलने नहीं दिया गया। यह सदन की अवमानना है, कार्रवाई की जाय। प्रदीप यादव ने कहा कि कार्य संचालन नियमावली के अनुसार सदन की बातों को बाहर उठाना और आसन पर आक्षेप करना विशेषाधिकार का मामला बनता है। भाजपा विधायकों के बारे में प्रदीप यादव ने कहा कि बाहर जाकर तथ्य परख बातें नहीं बोलते हैं। अगर धीरज साहू के पास पैसा पकड़ाता है, तो कहते हैं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पैसा है। यह निराधार बात करने वाले लोग हैं। प्रदीप यादव के बयान के बाद भाजपा के विधायक वेल में आ गए।



### सीपी सिंह ने लिया राहुल गांधी का नाम और भड़क गये कांग्रेसी विधायक

सदन में बाबूलाल के बयान को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष में जमकर नोंकझोंक चल रही थी। सत्ता पक्ष जहा इस विशेषाधिकार का मामला बताने हुए बाबूलाल पर कार्रवाई करने की मांग स्पीकर से कर रहे थे। वहीं भाजपा के विधायक बाबूलाल के समर्थन में सत्ता पक्ष के विधायकों की मांगों का विरोध कर रहे थे। सीपी सिंह ने विधायक प्रदीप यादव की मांग का विरोध करते हुए कहा कि बाबूलाल का सदन में नहीं बोलने देते है। तो उन्होंने अपनी पीड़ा मीडिया के समक्ष रखा तो यह विशेषाधिकार का मामला कैसे बनता है।

## जनता के सवालों को 35 गैर सरकारी संकल्प के तहत उठाया गया

**सत्र** के अंतिम दिन दूसरे सेशन में कुल 35 गैर सरकारी संकल्प के तहत जनता के सवाल आए। जिसका जवाब सरकार ने दिया और सदस्यों को संतुष्ट करने का प्रयास किया। झामुमो विधायक लोबिन हेब्रोम सरकार के जवाब से संतुष्ट नहीं हुए। इसके कारण उनका गैर सरकारी संकल्प खारिज कर दिया। अंतिम दिन सदन में विपक्ष के विधायक शांतिपूर्वक सदन में रहें। मगर मुख्यमंत्री के भाषण के बीच में ही भाजपा और आजसू के विधायक सदन से उठकर चले गए।

# सऊदी अरब में फंसे झारखंड के 45 मजदूर, स्थिति बदतर



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** सऊदी अरब में फंसे झारखंड के 45 मजदूर बेहाल हैं. उनके भूखों मरने की नौबत आ गई है. वहां के भारतीय दूतावास ने उन्हें तीन दिनों तक खाना-पीना मुहैया कराया. फिर उसने भी हाथ खड़े कर दिए. इधर ठेका कंपनी ने मजदूरों की रसोई में ताला जड़ दिया है. सभी मजदूर सऊदी अरब में ठेका कंपनी कॉमर्शियल टेक्नोलॉजी के ट्रांसमिशन लाइन में काम कर रहे थे. त्रासदी झेल रहे मजदूरों ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर एक बार फिर वतन वापसी की गुहार लगाई है. उनके वतन वापसी के लिए क्षेत्रीय विधायक जेपी पटेल ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखा था. सभी मजदूर कॉन्ट्रैक्ट पर काम करने सऊदी अरब पहुंचे थे. मजदूरों ने बतौर कमीशन दलाल को 55 हजार रुपये भुगतान किया था. ट्रांसमिशन लाइन में कॉन्ट्रैक्ट पर काम करने सऊदी अरब गये थे. लाइनमैन को 1500 रियाल और हेल्पर को 1100 रियाल भुगतान करने का भरोसा दिया गया था. इसके अतिरिक्त ओवर टाइम का 750 रियाल देने का करार हुआ था. खाना के लिए अलग से 300 रियाल दिए जाने का आश्वाशन दिया गया था. सात महीना काम करने के बाद महज दो महीने की मजदूरी उन्हें दी गई. सऊदी अरब में फंसे मजदूरो में गिरिडीह के बगोदर प्रखंड के तारानारी निवासी अर्जुन महतो, भगीरथ महतो, संतोष साव, महेश साव, कामेश्वर साव, खेतको के महेश महतो, रीतलाल महतो, विजय महतो, मुंडरो के अशोक महतो, जरमुने के सोहन कुमार, डुमरी प्रखंड के बरियारपुर के रहने वाले इंद्रदेव महतो, चैनपुर के राजेश कुमार महतो, पोरदाग के गणेश साव, डुमरी के सुभाष कुमार, जानकी महतो, बोकारो जिले के नावाडीह प्रखंड के पोखरिया निवासी जगदीश महतो, गोनियाटो के रामचंद्र महतो, गोमियां प्रखंड अंतर्गत कर्री के प्रदीप महतो, सीधाबारा के मनोहर महतो, विष्णुगढ प्रखंड के अचलजामू के सहदेव राजवार, रूपलाल महतो, करगालो के बहादुर महतो, नागेश्वर महतो, शीतल महतो, रोहित महतो, मेघलाल महतो, रंजन राज मेहता, सारूकुदर के भैरो महतो, उच्चाघाना के सुकर महतो, नंदलाल महतो, लोकनाथ महतो,सुनील महतो, बलकमक्का के तिलक महतो, थानेश्वर महतो, अम्बाटांड के महानंद पटेल, प्रमोद महतो, अनंतलाल महतो, खरकट्टो के तापेश्वर महतो, सिरैय के टोकन सिंह, अलखरी के धानेश्वर महतो, नागी चुरामन महतो, केन्दुवाडीह के भुनेश्वर महतो, जितेंद्र महतो एवं बरकट्ठा के गोरहर के रहने वाले बालगोविंद महतो शामिल हैं.

### फहिमा अकादमी के संस्थापक स्व रफीक अंसारी की 11वीं पुण्यतिथि पर

# 110 बच्चियों को नर्सरी से बारहवीं तक नि:शुल्क शिक्षा देगा स्कूल प्रबंधन



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** सीबीएसई एफिलिएटड स्कूल फहिमा अकादमी की प्राचार्या फरहा फातमी ने प्रेस वार्ता कर कहा कि उनका ये निर्णय उनके दादा स्वर्गीय रफीक अंसारी के लिए एक श्रद्धांजली है साथ ही 23 दिसम्बर दिन शनिवार को स्कूल प्रांगण में ब्लड डोनेशन कैंप, मुफ्त चिकित्सा शिविर, और 250 कम्बल एवं 250 गर्म टोपियों का वितरण जरुरतमंदो के बीच किया जायेगा, प्राचार्य ने कहा की स्वर्गीय रफीक अंसारी का सपना था लड़कियों के शिक्षा को बढ़ावा देना इसलिए उन्होंने हर धर्म जाति के लड़कियों के लिए एक नि:शुल्क शिक्षा का मौका प्रदान कर उनके सपने को पूरा करने की छोटी सी कोशिश की है साथ ही उन्होंने ये भी कहा की उनके उज्जवल भविष्य के लिए और उनके सपने को पूरा करने के लिए स्कूल उनकी हर संभव मदद करेगा, उन्होंने लोगो से अपील किया है की वे वैसे जरूरतमंद बच्चियों को मुफ्त शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित करे स्कूल ने 23 दिसंबर से 30 जनवरी 2024 तक जरूरतमंद 110 बच्चियों के एडमिशन का समय सीमा तय किया है स्कूल के शिक्षकों ने भी स्कूल प्रबंधन के इस निर्णय की काफी सराहना की है।

## एक नजर

### शीतलहर को देखते हुए विद्यालय बंद करने का निर्देश

**बरही ।** राज्य के प्राथमिक स्तर के सभी विद्यालय आगामी 26 दिसंबर से 31 दिसंबर तक बंद करने का निर्देश जारी किया जा चुका है. प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त निर्देश राज्य में बढ़ते शीतलहर को देखते हुए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने सरकार के अपर सचिव कुमुद सहाय के निर्देशानुसार जारी किया है. वही माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक बोर्ड परीक्षा को देखते हुए संबंधित विद्यालयों में कक्षा 10 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए आवश्यकतानुसार कक्षा चलाने का निर्देश भी दिया गया है.

### सदस्यों ने बीडीओ को समस्याओं से कराया अवगत

**बरकट्ठा।** प्रखंड भारत जकात मांझी परगना महल के सदस्यों ने प्रखंड अध्यक्ष रामजी बेसरा और सचिव मनोज मुर्मू के नेतृत्व में नव पदस्थापित बीडीओ रोशमा डुंगडुंग को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। साथ ही प्रखंड अध्यक्ष रामजी बेसरा ने आदिवासी बहुल क्षेत्रों की समस्यायों से अवगत कराया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष रामजी बेसरा, सचिव मनोज मुर्मू , कन्हाय बेसरा, दासो मुर्मू, शिबू टुडू, मणिलाल हांसदा, अर्जुन बेसरा, सहादेव मरांडी, रोहित टुडु, सोरेन, दिनेश बासके, समेत आदि लोग मौजूद थे।

### बरकट्ठा के मजदूर का मुंबई में फंदे से लटका मिला शव

**बरकट्ठा।** प्रवासी मजदूर का मुंबई स्थित किराए के मकान में फंदे से लटका शव मिला है। मृतक प्रवासी मजदूर बरकट्ठा के बरकनगांगो निवासी नितिन कुमार चौधरी 25 पिता नारायण चौधरी है। उसका शव बुधवार को उसके बंद कमरे से मिला। झारखंड के प्रवासी मजदूरों की मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सलैया निवासी प्रवासी मजदूर वीरेंद्र कुमार ने बताया कि मृतक पढ़ा लिखा शिक्षित बेरोजगार युवक था। वह कुछ महीने पहले ही रोजी-रोटी के तलाश में मुंबई गया। वहां वह मुंबई के ब्रह्मांड, ठाने में किराए के मकान में रहकर ओला गाड़ी चलाकर जीवन यापन करता था। झारखंडी एकता संघ के राष्ट्रीय सचिव विनोद प्रसाद व संघ के ठाने अध्यक्ष मुन्ना प्रसाद के पहल पर सभी प्रवासी मजदूरों ने चंदा इकट्ठा कर आर्थिक सहयोग कर उसके पार्थिव शरीर को गांव लाने की तैयारी की। उसका शव शुक्रवार के सुबह में जहाज से आएगा।

### जंगल से शव बरामद तहकीकात में जुटी पुलिस

**हजारीबाग।** विष्णुगढ़ थाना पुलिस ने बुधवार की रात हजारीबाग-बगोदर एनएच 522 के किनारे बन्हे जंगल से एक अज्ञात शव बरामद किया है. पुलिस को जंगल में लाश होने की सूचना मिली थी. मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल भेज दिया. पुलिस मामले के उद्भेदन में लगी हुई है. अज्ञात शव पर चोट का कोई निशान नहीं है. इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी राम नारायण सिंह ने बताया कि मौत की सही वजह का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चल पाएगा. पहचान के लिए मृत शरीर को 72 घंटे तक रखा जाएगा. मृतक पीली रंग का टी शर्ट पहने हुए है. शर्ट पर किसी की फोटो छपी हुई है. जिस पर कुछ लिखा हुआ है, मगर लिखावट साफ नहीं है. लिखावट हिंदी और मराठी जैसी लगती है.

### हजारीबाग में हेमंत सरकार पर बोला हमला

# भाजपाइयों ने निकाला आक्रोश मार्च



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** गुरुवार को भाजपा द्वारा जिलाध्यक्ष अशोक यादव के नेतृत्व में राज्य में उत्पन्न संवैधानिक संकट व ध्वस्त विधि व्यवस्था के खिलाफ शहीद स्मारक स्थल से समाहरणालय तक आक्रोश मार्च किया। आक्रोश मार्च उपायुक्त कार्यालय के समक्ष सभा में तब्दील हो गया जहां, वक्ताओं द्वारा हेमंत सरकार पर जमकर भड़ास निकाली गयी।पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि हेमंत सरकार आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी हुई है ।विधि व्यवस्था पूर्ण रूपेण ध्वस्त हो गया है। आए दिन चारों तरफ हत्या लूट, छिनतई व बलात्कार की घटनाएं घटित हो रही है।पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि कांग्रेस सांसद धीरज साहू ने तो वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम किया है । इससे पहले इतनी राशि एक व्यक्ति के यहां से बरामद नहीं हुई थी। आज नौबत यहां तक पहुँच गयी है कि ईडी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के असंवैधानिक रवैये की वजह से कोर्ट से वारंट लेने के लिए आगे बढ़ गयी है। जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने कहा कि सरकार के तानाशाही रवैये की वजह से भाजपा सदन में आक्रोशित है। उन्होंने कहा कि सदन में भाजपा विधायकों को जितना रोक टोक किया जायगा उतना मुखर होकर विरोध दर्ज किया जायेगा।श्री यादव ने आगे कहा कि जिस प्रकार उप राष्ट्रपति की कांग्रेसियों ने राहुल गांधी के सामने खिल्ली उड़ाई थी उसे देश की जनता कभी माफ नही करेगी। उन्होंने कहा कि निर्वाचित गरिमामई पद पर बैठे सांसद भी भूल गए हैं कि देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर आसीन माननीय के प्रति किस प्रकार की मर्यादित व्यवहार करनी चाहिए। तत्पश्चात पार्टी द्वारा राज्यपाल के नाम उपायुक्त के माध्यम से मांग पत्र समर्पित करते हुए यह मांग की गई कि झारखंड की निकम्मी अलोकतांत्रिक सरकार को अविलंब बर्खास्त किया जाए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिप अध्यक्ष उमेश मेहता प्रदेश कार्य समिति सदस्य अनिल मिश्रा, प्रोफेसर सुरेंद्र सिंहा, हरीश श्रीवास्तव, बटेश्वर मेहता, केपी ओझा ,सुदेश चंद्रवंशी ,भैया अभिमन्यु प्रसाद, गणेश यादव, जिला पदाधिकारी विवेकानंद सिंह, सुनील साहू, उमा पाठक, विनोद भगत, रमेश ठाकुर, दामोदर सिंह, नंदलाल मेहता, सेवा लालमहतो, जय नारायण प्रसाद, अंबिका सिंह, लक्ष्मी नारायण सिंह, रेणुका साहू ,विकास सिंहा ,तनवीर अहमद ,टोनी जैन, मुकेश सिंह, कुंवर मनोज सिंह, अर्जुन साव ,मुख लाल मेहता, मनमीत अकेला ,कर्मचारी साहू, रणधीर पांडे, अविनाश कुमार, विशाल वाल्मीकि, छोटू राणा, सरफराज हैदर, रमेश हेंब्रम, सुभाष सोनी, विवेक बैरियार ,विकास सिंहा,रामचंद्र कुशवाहा ,वकील महतो, बाबू खान, सुरेश प्रसाद, सुनील मेहता, रणजीत सिंहा ,बबन गुप्ता ,प्रशांत सिंहा, लोकनाथ मेहता, आदित्य कुमार वर्मा, श्वेता राणा ,प्रियंवदा, श्वेता सिंहा डिंपल सिंह ,मुकेश मेहता ,कृष्ण सिंहा खेमलाल महतो ,मुकुंद साहब, दिलीप साव, मुरारी सिंह, मनीष पांडे, राम जी कुशवाहा, शेर सिंह समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे। उक्त आशय की जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी जय नारायण प्रसाद ने दी ।

### रामगढ़ में राज्य सरकार के खिलाफ निकाली रैली

**रामगढ़।** इंडिया गठबंधन के नेताओं द्वारा उपराष्ट्रपति व राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ के प्रति अशोभनीय व्यवहार करने तथा झारखंड प्रदेश में उत्पन्न संवैधानिक संकट, भ्रष्टाचार, ध्वस्त विधि व्यवस्था और युवाओं को नौकरी देने के नाम पर ठगी के मुद्दे को लेकर 21 दिसम्बर को भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला कमेटी द्वारा महा आक्रोश रैली छत्तरमांडू स्थित होटल टी एंड ट्रीट से समाहरणालय तक जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता के नेतृत्व में निकाली गई। रैली में शामिल नेताओं व कार्यकर्ताओं ने उपराष्ट्रपति का अपमान नहीं सहेगा हिन्दुस्तान, झारखंड में भ्रष्ट निकम्मी हेमन्त सरकार को बर्खास्त करो की तख्तियां लेकर आक्रोश व्यक्त कर रहे थे। रैली समापन के उपरांत भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता के नेतृत्व में महामहिम राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन उपायुक्त को सौंपा । ज्ञापन में हेमन्त सरकार के 4 वर्षों के नाकामियों, वादाखिलाफी ध्वस्त विधि व्यवस्था, महिला उत्पीडन सहित मुख्यमंत्री द्वारा इडी के छह समन को नजर अंदाज करने से राज्य में उत्पन्न संवैधानिक संकट को लेकर तथा हेमन्त सरकार को बर्खास्त करने को लेकर एक विज्ञप्ति जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता के नेतृत्व में रामगढ़ जिला उपायुक्त को सौंपा गया।

### मानसरोवर पब्लिक स्कूल के बच्चों ने नालंदा विश्वविद्यालय का किया भ्रमण




**बरकट्ठा ।** प्रखंड क्षेत्र के घंघरी स्थित मानसरोवर पब्लिक स्कूल द्वारा बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सोनू कुमार ने बच्चों को नालंदा विश्वविद्यालय का भ्रमण कराते हुए विश्वविद्यालय की इतिहास से बच्चों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि यह विद्यालय एक समय विश्व की सबसे बड़ी और प्रसिद्ध विद्यालय में से एक थी जिसमें कई देश के विद्यार्थी आ करके यहां अध्ययन और ज्ञान अर्जित किये। विश्वविद्यालय के बारे में आगे बताते हुए उन्होंने इसकी संरचना पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने बताया कि यह संरचना काफी आधुनिक तरीके बनाया गया था। वहीं बच्चों को राजगीर में ब्रह्मकुंड मंदिर का भी भ्रमण कराया गया जिसमें 22 कुंडो का विशेषता बच्चों को बताया गया। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान बच्चे काफी मौज मस्ती करते रहे। वहीं प्रधानाध्यापक सोनू कुमार ने बताया कि बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण से मानसिक विकास होता है। शैक्षणिक भ्रमण में शिक्षक रोहित कुमार, मुकेश कुमार, कौशल पांडे,मनीष कुमार, अभिषेक कुमार,दुलारचंद प्रसाद, अर्जुन सिंह, मनोज यादव,एकता कुमारी, निधि कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, जेबा खातून,नूरी खातून शामिल थे।

### सांसद प्रतिनिधि के घर पहुंचे विदेशी विदेशी मेहमान



**हजारीबाग।** तीन दिवसीय दौरे पर हजारीबाग जिला के चूरचू प्रखंड एवं सदर प्रखंड पहुंचे विदेशी मेहमान जिसमें सिंगापुर से हन हाई क्वांग ,चांग साई फूंग, हन ची साई, हां इन सीआई, लॉ पोह हां, लॉ किन सेन कैनेथ,मलेशिया से चांग साई हवा, ली सीन मुई, चैन कांग हैंग, हाउ खोन चुआन,कांग न्यूंग ली, थाम वाई पींग,के. एच चान पहुंचे थें।सिंगापुर एवं मलेशिया से आई हुई टीम हजारीबाग के सुदूर वर्ती प्रखंड चुरचू एवं सदर प्रखंड के विभिन्न गांवों एवं जनजाति समाज से मिलकर यहां की संस्कृति और रहन-सहन को जाना। टीम के सदस्य सांसद प्रतिनिधि अनूप भाई वर्मा के साथ चुरचू प्रखंड के लारा नदी एवं लारा गांव का भ्रमण कर यहां के जनजाति एवं स्थानीय लोगों से मिले। सिंगापुर एवं मलेशिया से आई हुई टीम लारा नदी के प्राकृतिक सौंदर्य को देखकर मंत्र मुक्त हुए और गांव में झारखंडी व्यंजनों का आनंद लिया। भ्रमण के बाद पूरी 13 सदस्यीय टीम हजारीबाग जिला सांसद प्रतिनिधि सह प्रदेश संयोजक जैविक कृषि प्रकोष्ठ भाजपा किसान मोर्चा के अनूप भाई वर्मा के आवास पर पहुंचे जहां,अनूप भाई वर्मा,मनमीत अकेला ,जितेंद्र कुमार चंद्रवंशी सतीश कुमार, हर्ष कुमार ,ज्योति सिंह ,सुप्रिया सिंह एवं रिया सिंह ने सभी मेहमानों को परंपरागत तरीके से तिलक चंदन लगाकर एवं भगवा अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। वहीं उन्हे धुस्का बर्रा पकौड़ी खिलाकर एवं गुड़ की चाय पिलाकर विदा किया। जाते-जाते पूरी टीम ने श्री वर्मा की पूरी टीम को मलेशिया आने का आमंत्रण भी दिया।

### कोल्हुआकला में आपके द्वार कार्यक्रम

# सरकारी योजनाओं की जानकारी देने का करें काम : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** मुखिया मंगलदेव यादव की अगुवाई में कोल्हुआकला पंचायत मुख्यालय में आपकी योजना आपकी सरकार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसका उद्घाटन विधायक उमाशंकर अकेला यादव सहित उपस्थित अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया. शिविर में 100 लाभुको के बीच कंबल, साड़ी धोती, बिरसा कूप संवर्धन निर्माण योजना के तहत 4 को स्वीकृति पत्र, जेएसएलपीएस के द्वारा 2 सखी मंडल के बीच प्रमाण पत्र और कल्याण विभाग की ओर से 164 छात्राओं के बीच साईकिल खरीद हेतु 4500 का डम्मी चेक विधायक के हाथों वितरित किया गया. प्रत्येक पंचायत की तरह यहां भी अबूआ आवास के लिए भीड़ देखी गई. कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, मुखिया मंगलदेव यादव, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी क्रिस्टीना रिचा इंदवार, बीसीओ संजय यादव, पंसस सुजीता कुमारी, प्रभु यादव, कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम समन्वयक एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे.

### महिला स्वास्थ्य कर्मी के साथ अभद्र व्यवहार करने वाला युवक गया जेल

**बरही ।** बीते रात केवाल निवासी यशवंत सिंह पिता रामवृक्ष सिंह अनुमंडलीय अस्पताल के महिला कर्मी के साथ मार पीट किया. उक्त युवक नशे में धुत था. बाईक से चोट लगने पर इलाज कराने अस्पताल पहुंचा था. इसी क्रम में महिला कर्मी के द्वारा इलाज किया गया. ईलाज के बाद घर जाने के क्रम में महिला कर्मी के साथ अभद्रता किया गया. महिला द्वारा विरोध करने पर उक्त युवक ने उसके साथ मार पीट और गाली गलौज किया. मामले को लेकर महिला स्वास्थ्य कर्मी ने अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक को शिकायत किया. मामले को गंभीरता से लेते हुए उपाधीक्षक ने बरही थाना को सूचित किया. महिलाकर्मी के लिखित आवेदन के आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करते हुए युवक को गिरफ्फतार कर जेल भेज दिया है. वही डीएस ने वरीय अधिकारियों से अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है.

# आपके द्वार कार्यक्रम के लिए डीडीसी ने किया स्थल निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत 23 दिसंबर को जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के शामिल होने के मद्देनजर की जा रही तैयारियों को लेकर गुरुवार को उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो ने गोला प्रखंड अंतर्गत चाड़ी पंचायत के तिरला मैदान में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। मौके पर उप विकास आयुक्त ने अब तक कार्यों का जायजा लेते हुए सभी कार्यों को 22 दिसंबर शाम 4:00 बजे तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया। वहीं, उन्होंने मंच, डी एरिया, हेलीपैड, मीडिया गैलरी, स्टॉल, लाभुक गैलरी, नियुक्ति गैलरी, दिव्यांग गैलरी आदि का संचालन योजनाबद्ध तरीके से सुनिश्चित करने को लेकर उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ ही उप विकास आयुक्त ने कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने हेतु विभिन्न विभिन्न एंट्री पॉइंट, पार्किंग एवं इस दौरान भीड़भाड़ नियंत्रित करने को लेकर कई निर्देश दिए।मौके पर नजारत उप समाहर्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, अंचल अधिकारी गोला, सहायक जनसंपर्क अधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### राणी सती मंदिर में दादी का विवाह उत्सव संपन्न



**हजारीबाग ।** शहर के मालवीय मार्ग स्थित राणी सती दादी मंदिर में गुरुवार को राणी सती दादी का भव्य विवाह उत्सव बड़े ही धूमधाम मनाया गया। सर्वप्रथम सबसे पहले अग्रसेन भवन से भव्य बारात निकाली गई। बारात करीब एक से डेढ़ किलोमीटर के दायरे में नगर भ्रमण किया। बारात के आगे आगे ढोल नगाड़े चल रहे थे तो वही पीछे महिलाएं और पुरुष जय दादी की जय कारे लगा रहे थे। तो वही दादी भक्त दादी भजन पर जमकर नृत्य करते नजर आ रहे थे, इसी के साथ राणी सती मंदिर परिसर पहुंचकर बारात समाप्त हुई। इसके बाद बारात का स्वागत फूलों की वर्षा के साथ किया गया, बारात मे तनधन जी स्वरूप मे पारी अग्रवाल थी,वही बिंदायक के रूप मे संचित अग्रवाल थे। वही मंदिर परिसर में दादी स्वरूप मे आध्या अग्रवाल थी। मंदिर के प्रधान पुजारी शशिकांत मिश्रा द्वारा पूजा अर्चना कराया गया। इसके बाद वरमाला का रस्म पूरा किया गया। मंदिर परिसर में दादी भक्तों ने जमकर जय दादी की जयकारों की गूंज लगाई। दादी के विवाह उत्सव मे विवाह समारोह की तरफ पूरी रस्म अदा की गई, दादी भक्तों ने दादी के भजन पर जमकर नृत्य किया। जिसके बाद सभी ने बालस्वरूप तनधन जी,दादी जी एवं बिंदायक जी से आशीर्वाद लिया। मंदिर परिसर में दादी भक्तों के द्वारा दादी के अनेकों भजन प्रस्तुत किए गए, इसके पश्चात आरती के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। सभी दादी भक्तों के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर दादी भक्तों ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दादी का विवाह उत्सव बधाई धूमधाम के साथ संपन्न हुआ दादी भक्तों की उत्साह विवाह उत्सव को लेकर काफी देखी गई दादी का आशीर्वाद समस्त दादी भक्तों पर बनी रहे।

## विचार-विमर्श

### प्रमुख की अध्यक्षता में पंचायत समिति सदस्यों की बैठक

# हर विभाग की जानकारी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड मुख्यालय के मनरेगा हॉल में पंचायत समिति सदस्यों की बैठक प्रखंड प्रमुख रेणु देवी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में बीडीओ रेशमा डुंगडुंग, प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी मिंटू रजक, बीईईओ किशोर कुमार, सीडीपीओ नीलू रानी, डॉ निशांत बेक, उपप्रमुख सुरजी देवी, बीपीओ श्यामनाथ वर्मा समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। प्रमुख रेणु देवी ने आंगनबाड़ी,जन वितरण प्रणाली, स्वास्थ्य विभाग समेत सभी विभागों की जानकारी उपलब्ध कराने की मांग विभागीय पदाधिकारियों से की। वहीं आंगनबाड़ी केंद्रों से मिल रही शिकायतों से सीडीपीओ को अवगत कराया गया। जिसपर सीडीपीओ ने जांच करने का अश्वासन दिया। प्रखंड में विकास की गति को बढ़ावा देने पर चर्चा हुई जिसमें बीडीओ ने अश्वासन दिया की विकास की गति में कमी नहीं होगी साथ ही सभी विभागों की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं बैठक में पंसस युसुफ अंसारी ने बेडोकला में दो डीलरों द्वारा लाभुकों को सितंबर का राशन नहीं दिये जाने का मुद्दा उठाया जिसपर एम ओ मिंटू रजक ने बताया कि बेडोकला के दो डीलर फुलचंद साव एवं जीवन ज्योति महिला संघ का तकनीकी कारणों से सितंबर माह का अनाज आवंटन नहीं हो पाया है। बैठक में पंसस रामचंद्र साव, विकास पांडेय, सुरजमुनी देवी, जेई सोनु कुमार, प्रवीण कुमार, चिंताहरण पाठक, पंकज कुमार, दिनेश प्रसाद समेत आदि लोग उपस्थित थे।

# भाजपा ने राज्य सरकार के खिलाफ किया आक्रोश प्रदर्शन

## राज्य में संवैधानिक संकट, मुख्यमंत्री को अविलंब बर्खास्त करें राज्यपालः जिलाध्यक्ष






**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** हेमंत सरकार की 4 वर्षों की नाकामियों वादा खिलाफी एव राज्य में उत्पन्न संवैधानिक संकट ध्वस्त विधि व्यवस्था के निमित्त भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को आक्रोश प्रदर्शन किया।आक्रोश प्रदर्शन नगर भवन से कचहरी होते हुए नीचे बाजार पेट्रोल पंप होते हुए पुनः नगर भवन पहुंची।आक्रोश प्रदर्शन में भाजपा कार्यकताओं ने जमकर नारेबाजी की ।आक्रोश प्रदर्शन में शामिल होते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा हेमंत सरकार के 4 वर्षों की नाकामियों वादा खिलाफी ने आम जनता, युवा ,महिला, किसान, दलित आदिवासी सभी वर्गों को आंदोलन के लिए मजबूर कर दिया है ।आए दिन हत्या, लूट ,अपहरण ,बलात्कार, चोरी डकैती की घटनाएं अखबारों की सुर्खियां बनी हुई है। मुख्यमंत्री ईडी के सामने पेश नहीं हो रहे हैं क्योंकि उन्हें पता है कि ईडी के सवालों का सामना वह नहीं कर सकते हैं।आक्रोश प्रदर्शन के जिला संयोजक श्रद्धानंद बेसरा ने कहा कि राज्य में विधि व्यवस्था ध्वस्त हो गई है, भ्रष्टाचार के कारनामों के बीच राज्य में संवैधानिक संकट की स्थिति बन गई है प्रदेश के मुख्यमंत्री पर भ्रष्टाचार के संरक्षण और संवर्धन के गंभीर आरोप लग रहे हैं। राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ ईडी की कार्रवाई में स्वयं मुख्यमंत्री घिरे हैं ऐसी सरकार का बर्खास्त हो जाना ही राज्य के लिए हितकर है।आक्रोश प्रदर्शन के जिला सहसंयोजक राकेश रविकांत प्रधान ने कहा कि राज्य में खनिज बालू ,पत्थर, जमीन की लूट के साथ अब तो आजाद भारत के सबसे बड़े कैश कांड का गवाह झारखंड बन गया है। सत्ताधारी संगठन के कारनामों ने राज्य को कलंकित और शर्मशार किया है, मुख्यमंत्री कानून का खुल्लम-खुल्ला उल्लंघन कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी राज्य के इन हालातो पर लगातार सजक प्रहरी की भांति अपनी भूमिका का निर्वहन कर रही है, ऐसे भ्रष्टाचार रूपी सरकार को अभिलंब बर्खास्त कर देनी चाहिए।कार्यक्रम के पश्चात भाजपा प्रतिनिधि मंडल द्वारा राज्यपाल के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। मौके पर जिला महामंत्री दीपक पुरी, जिला मंत्री तुलसी कुमार साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष संजय ठाकुर, जिला सोशल मीडिया प्रभारी रवि गुप्ता, जिला परिषद उपाध्यक्ष सोनी पैकरा ,सांसद प्रतिनिधि संजय शर्मा, रामविलास बड़ाईक, पिंकी प्रसाद ,नंदिनी दास, अजय सिंह, शशि दास ,अनिरुद्ध सिंह ,बसंत नारायण मांझी ,मुकेश श्रीवास्तव, घनश्याम सिंह, सत्यनारायण प्रसाद ,नवीन सिंह, मानकीलाल ,कृष्णकांत सिंह, हंसा रानी, पुष्पा देवी सानिया देवी ,दीपिका कुमारी, शिखा अग्रवाल, कमला कुमारी ,रुक्मिणी देवी ,कंचन रानी एक्का ,सुभाष महतो, अनूप प्रसाद, तपेश्वर साहू ,विजय कुमार महतो ,दीप नारायण दास आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### कैलाश राय स्कूल के पदक विजेताओं को किया गया सम्मानित

**कोडरमा।** जिला एथलेटिक्स चैंपियनशिप का सातवां वार्षिक खेलकूद समारोह जेजे कॉलेज झुमरी तिलैया में आयोजित हुआ. इसमें कोडरमा जिले के विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों के प्रतिभागी शामिल हुए. धीरज कुमार पांडे और अर्चना सिन्हा के मार्ग निर्देशन में कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर झुमरी तिलैया के पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को वंदना सभा में सम्मानित किया गया. 600 मी दौड़ में छात्रा बिंदु कुमारी को स्वर्ण पदक मिला, वहीं वर्षा कुमारी को रजत पदक मिला. जबकि 60 मीटर की दौड़ में छात्रा परिधि सिंह को रजत पदक मिला. शॉट पुट में छात्रा बिंदु को स्वर्ण पदक मिला, वही छात्र संजीव कुमार भी स्वर्ण पदक से पुरस्कृत हुए. लंबी कूद का स्वर्ण पदक भी वर्षा कुमारी के नाम रहा. भाला फेंक में छात्र सुजीत कुमार स्वर्ण पदक और संजीव कुमार रजत पदक प्राप्त करने में सफल रहे. अंडर 16 रिले रेस में छात्राओं ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया वही अंडर 16 के बालक वर्ग में छात्रों ने रजत पदक प्राप्त किया. अंडर 14 के ट्रिथलन ग्रुप बी में छात्रा राणु सिंह को रजत पदक प्राप्त हुआ.

### कोडरमा : क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए 30 दिसंबर तक सौंपे प्रपत्र

**कोडरमा।** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में खेले जाने वाले अंतर जिला अंडर 19 क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए कोडरमा जिला ने खिलाड़ियों को अपने सभी प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि 30 दिसंबर तय की है. सचिव दिनेश सिंह ने कहा कि जेएससीए द्वारा मांगे गए सभी प्रपत्र को जमा करने के बाद ही खिलाड़ियों को कैंप या ट्रायल में शामिल होने पर विचार किया जाएगा. इच्छुक खिलाड़ियों को डिजिटल बर्थ सर्टिफिकेट, आधार कार्ड, तीन साल का लगातार मार्कशीट, स्कूल बोनाफाइड सर्टिफिकेट, आधार हिस्ट्री प्रपत्र, माता-पिता का आधार व वोटर आईडी कार्ड और दो फोटो 30 दिसंबर तक दिन के एक बजे से 4 बजे तक पुलिस लाइन मैदान चंदवारा में सुरेंद्र प्रसाद, ओमप्रकाश व विशाल कुमार के पास जमा करने कहा गया है.

### कोलेबीरा अंधेरे में ट्रांसफार्मर के लिए सदन में उठी आवाज

**सिमडेगा।** कोलेबीरा विधायक नमन विक्सल कोगाडी ने गुरुवार को विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान अल्प सूचित प्रश्न कल के दौरान कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र में खराब पड़े ट्रांसफार्मर से संबंधित सदन में आवाज उठाई। उन्होंने सदन के माध्यम से कहां की कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र पूर्ण रूप से जंगलों पहाड़ों से घिरा हुआ है, आए दिन हाथी का आतंक रहता है। बिजली नहीं रहने से कभी-कभी हाथी से ग्रामीणों का जान भी गंवाना पड़ता है। अभी बच्चों का परीक्षा भी है ऐसे में बिजली नहीं रहने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द नया ट्रांसफार्मर लगाया जाए और क्षेत्र में लगातार बिजली सुचारू रूप से दी जाए । इधर इस मामले में सरकार द्वारा जवाब दिया गया है कि दिसंबर महीने के अंत तक सभी खराब ट्रांसफार्मर को बदलकर निर्बाध बिजली देने का काम किया जाएगा। वहीं इसके अलावा विधायक ने विधानसभा क्षेत्र में जर्जर आंगनबाड़ी केंद्रों के बारे में भी सरकार को धन आकृष्ट कराया है।

# जिलास्तरीय योजनाओं को ससमय पूरा करें : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त ने जिला योजना शाखा अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त ने योजना अंतर्गत संचालित कार्यों की अद्यतन स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने विभागवार योजना अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली।साथ ही कार्य का भौतिक सत्यापन प्रतिवेदन की समीक्षा की। उन्होंने एस. सी.ए., एस.एस.ए. एवं जायका मद अंतर्गत चयनित योजनाओं के कार्य प्रगति का क्रमवार समीक्षा कर योजनाओं को धरातल पर ससमय क्रियान्वित करने का निर्देश दिया। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2020-21 एवं 2021- 22 में लिए गए सभी लंबित योजनाओं को प्राथमिकता के अधार पर पूर्ण कराने का निर्देश दिया।इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने आई.टी.डी.ए. विभाग एवं विधायक मद अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की तथा कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये।उपायुक्त ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में सांसद एवम विधायक मद द्वारा प्राप्त सभी योजनाओं को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# आज होगा केंद्र सरकार के खिलाफ इंडी गठबंधन का जोरदार प्रदर्शन



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** इंडिया गठबंधन के बैनर तले सिमडेगा की परिसदन भवन में बैठक का आयोजन किया गया। गुरुवार को आयोजित बैठक में झारखंड मुक्ति मोर्चा जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना ,कांग्रेस से डेविड तिर्की एवं राष्ट्रीय जनता दल के जिला अध्यक्ष दिनेश बरला एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। मौके पर कहा गया केंद्र की भाजपा सरकार ने लोकतंत्र पर करारा हमला किया है। संसद के दोनों सदनों से आश्चर्यजनक रूप से 145 विपक्षी दल के सांसदों को निलंबित कर दिया गया है ।केंद्र सरकार का यह खिलौना कृत्य लोकतंत्र लोकतांत्रिक सिद्धांतों और मूल्य के नग्न हत्या है ,जिसने देश की संसदीय लोकतंत्र को पलटकर कब्रगाह बना दिया गया है . इसी बात को लेकर प्रदेश के निर्देश अनुसार आज शुक्रवार को दिन के 11:00 बजे सभी विपक्षी दल एकता के साथ केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। वही बताया गया कि प्रदर्शन में प्रखंड स्तर के कार्यकर्ता भी शामिल होंगे जो नीचे बाजार पेट्रोल पम्प से होते हुए झूलन सिंह चौक नगर भवन स्थित भगवान बिरसा मुंडा जी मूर्ति पर माल्यर्पण करते हुए बीर बुधु भगत चौक में इस प्रदर्शन का समापन किया जाएगा।मौके पर इंडिया गठबंधन मो शफीक खान, प्रदीप केशरी, शांतिबला केरकेट्टा, नॉमिता बा, कौशल किशोर रोहिल्ला, रणधीर रंजन,सोनू नायक , अरसद हुसैन उर्फ अक्षण ,मो सिकंदर ,शिशिर मिंज, आशीष बिलुंग,पीयूष लुगुन,प्रकाश बागे, मो तनवीर हुसैन, मो इरशाद,शशि मिंज, फिरोज अली,नवीन बिरेन तिर्की, मो शकील अहमद,मो इम्तियाज ,मनीषा खलखो सावधानी सोरेंग, उपस्थित थे ।

# बानो बीडीओ ने राह चलती वृद्ध महिला को दिए कंबल



**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम समापन कर सिम्हातु से वापस बानो प्रखंड लौटते समय सोय के पास और भीखरा टोली के समीप, प्रखंड विकास पदाधिकारी बानो नईमुद्दीन अंसारी ने हाथों में लाठी लिए ठंड से ठिठुरते हुए राह चलते वृद्ध महिला को दिए कंबल ।बानो बीडीओ का आज मानवीय रुप देखने को मिला।क्षेत्र भ्रमण के दौरान अक्सर वे गरीब लोगों की सेवा करते हुए नजर आते है।यात्रा से लौटने के क्रम में जब उनकी नजर राह चलती वृद्धा पर पड़ी तो उन्होंने अपने ड्राइवर से कहकर गाड़ी रूकवाई। वृद्ध महिला हाथ में डंडा लिए राह पर चल रही थी। उन्होंने जब वृद्ध महिला से पूछा आप इतनी ठंड में बिना कुछ ओढ़े कहां जा रही हैं,आपको कंबल नहीं मिला क्या तब वृद्ध महिला ने बताया कि उन्हें अभी तक कंबल नहीं मिला है तब तुरंत बीडीओ साहब ने उन्हें कंबल देकर कहा कि अभी ठंड का प्रकोप बहुत ज्यादा है इससे बचें और अपने सेहत का ध्यान रखें।

### डीसी के निर्देश पर सदर अस्पताल में फिर शुरू हुई सर्जरी

**कोडरमा।** सदर अस्पताल में उपायुक्त मेघा भारद्वाज के दिशानिर्देश पर सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार ने सदर अस्पताल में फिर से सर्जरी शुरू करवाई. सर्जन डॉ नीरज आनंद, स्त्री रोग सर्जन डॉ मोनिका चंद्रा तथा डॉ जयशंकर अनेस्थेटिक के द्वारा 5 सर्जरी की गई. इसमें दो बच्चेदानी, दो हर्निया और एक अप्पेंडिस की सर्जरी शामिल है. सिविल सर्जन ने बताया कि अब हर सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को सर्जन और स्त्री रोग सर्जन की ओपीडी होगी. जिन मरीज को ऑपरेशन की आवश्यकता होगी उनकी सर्जरी आयुष्मान भारत के तहत निर्धारित दिन सदर अस्पताल में ही किया जायेगा. वहीं उपाधीक्षक डॉ रंजीत कुमार ने बताया कि अब सदर अस्पताल में आयुष्मान भारत के तहत सभी तरह की जेनरल और स्त्री रोग से सबंधित सर्जरी होगी. साथ ही कहा कि जिले के सभी राशन कार्ड (लाल पीला हरा) के प्रत्येक सदस्य अपना आयुष्मान कार्ड बना लें. किसी भी तरह के आपातकाल की प्रतीक्षा न करें.

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लाभुकों की उमड़ी भीड

**नवीन मेल संवाददाता**

**जयनगर।** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार 3.0 कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत गडगी पंचायत भवन परिसर में गुरुवार को किया गया। शुभांरभ बीडीओ गौतम कुमार, प्रमुख अंजू देवी, जिप सदस्य केदारनाथ यादव, मुखिया फरीदा खातून, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष इस्लाम अंसारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। बीडीओ ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के जरिए सरकार योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने लोगों से बढ़चढ़ कर शिविर में भाग लेने की अपील की। प्रमुख ने कहा कि सरकार का यह अभियान मील का पत्थर साबित होगा। योजनाओं को इस तरह अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक पहुंचाने का यह प्रयास अनूठा है। जिप सदस्य केदारनाथ यादव ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा लोक कल्याणकारी योजनाओं को इस तरह शिविरों के जरिए जरूरतमंदों तक पहुंचाने का यह प्रयास सार्थक सिद्ध हो रहा है। मुखिया फरीदा खातून ने मुख्यमंत्री को अबुआ आवास योजना के लागू किए जाने पर धन्यवाद दिया। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक कर सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं के महत्व पर प्रकाश डाला। शिविर में अबुआ आवास योजना, सर्वजन पेंशन योजना, आयुष्मान कार्ड, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मनरेगा, वन प्रमंडल ,पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जेएसएलपीएस, महिला एवं बाल विकास , पशुपालन विभाग, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं के लिए आवेदन लिए गए। जिन आवेदकों की समस्याओं का निराकरण ऑन द स्पॉट संभव था,उसका निपटारा किया गया। कल्याण मंच से पांच-पांच लाभुकों को प्रतिकात्मक मनरेगा जॉब कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना की स्वीकृति, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना,साइकिल वितरण का डेमो चेक, धोती-साड़ी, कंबल का वितरण किया गया। दो लाभुकों को बाल विकास परियोजना कार्यालय जयनगर द्वारा व्हीलचेयर ममिला।

## एक नजर

### जिला स्थापना एवं अनुकंपा समिति की बैठक में आठ आवेदनों की मिली स्वीकृति

**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्थापना शाखा एवं जिला अनुकम्पा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अनुकम्पा, एसीपी/एमएसीपी एवं सेवा सम्पुष्टि का लाभ प्रदान करने से संबंधित मामलों की समीक्षा की गई। बैठक में अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति से संबंधित कुल 10 आवेदनों, एसीपी/ एमएसीपी से संबंधित कुल 02 आवेदनों, सहित सेवा सम्पुष्टि से संबंधित आवेदनों की गहन समीक्षा की गई। अनुकंपा में नियुक्ति से संबंधित कागजातों की जांच की गई, जांच के क्रम में 08 मामले पर सही पाया गया, जिसके तहत उपायुक्त ने सभी मामलों स्वीकृति प्रदान की। एसीपी/ एमएसीपी से संबंधित प्राप्त 02 मामले पर उपायुक्त ने सरकार द्वारा प्राप्त गाइडलाइन का अनुपालन करते हुए लाभ देने का निर्देश दिया। साथ ही अन्य लंबित मामलों पर गहन जांच कर ससमय कार्यवाही किये जाने हेतु समिति के सदस्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में अपर समाहर्ता अमरेन्द्र कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी, नजारत उपसमाहर्ता, जिला कल्याण पदाधिकारी, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी व अन्य स्थापना शाखा के कर्मीगण उपस्थित थे।

### साप्ताहिक जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्याएं



**सिमडेगा।** आम जनमानस के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया।इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा।इस दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा।उपायुक्त के जनता दरबार में जमीन विवाद, विकलांगता प्रमाण पत्र, स्वास्थ्य सहायता संबंधी, आंगनबाड़ी सेविका चयन, सामुदायिक खेती करने हेतु सिंचाई सुविधा बहाल करने एवं अन्य विषयों से संबंधित मामले आये। उपायुक्त द्वारा जनता दरबार में शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनने के पश्चात सभी संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने हेतु अग्रसारित किया गया।

### पाकरटांड़ व केरसई प्रखंड में भी सभी विभागों का संचालन हो : विधायक भूषण बाड़ा

**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा ने विधानसभा सत्र में पाकरटांड़ व केरसई प्रखंड में ही प्रखंडों में संचालित होने वाले विभागों का संचालन कराने की मांग की है। विधायक ने विस सत्र में शून्यकाल के दौरान सरकार को बताया कि पाकरटांड़ के प्रखंड बने 15 वर्ष पूर्ण हो चुका है। इसके बाद भी प्रखंड में खाद्य आपूर्ति विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, महिला बाल विकास विभाग एवं राष्ट्रीयकृत बैंकों के कार्य कुरडेग एवं सिमडेगा प्रखंड से होता है। इस कारण यहां के ग्रामीणों भारी परेशानी हो रही है। साथ ही इसका प्रतिकुल प्रभाव भी पड़ रहा है। वहीं कई ग्रामीण विभिन्न योजना का लाभ लेने से भी वंचित हो रहे हैं।

### आरसी मध्य विद्यालय बोकामारा साहुबेड़ा में क्रिसमस मिलन समारोह का आयोजन



**बानो।** प्रखंड के आरसी मध्य विद्यालय बोकामारा साहुबेड़ा में क्रिसमस मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम फादर भितुस केरकेट्टा ने अपने संदेश में कहा क्रिसमस प्रभु येसु का जन्म का संदेश लेकर आता है सभी लोग क्रिसमस में शांति भाईचारा और प्रेम के साथ पर्व मनाएं ,पड़ोसी से प्रेम करे।मुखिया सुसाना जड़िया ने संदेश में कहा क्रिसमस शांति का संदेश लेकर आता है, खुब खुशियां मनाएं ।मौके पर स्कूल कामिटि के अध्यक्ष सोहरु सिंह, शिशिर तोपनो, फादर भितुस केरकेट्टा, फादर विमाल जोजो, सदस्य मरसेल भेंगरा, व , ग्रामीण उपस्थित थे । मंच संचालन मसीह एवं अलबिसिया भेंगरा ने किया । इस अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न क्रार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

### आरसी मध्य विद्यालय कुटुंगिया में क्रिसमस गैदरिंग का हुआ आयोजन

**जलडेगा।** प्रखंड के आरसी बालिका मध्य विद्यालय कुटुंगिया में गुरुवार को धूमधाम के साथ क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एनोस एक्का मौजूद रहे, सर्वप्रथम स्कूली छात्राओं के द्वारा उनका स्वागत किया गया ।जिसके बाद कार्यक्रम आयोजन किया गया। मौके पर आकर्षक तरीके से चरणी सजावट की गई ,जहां पर बालक यीशु की जन्म के समय का नजारा प्रस्तुत की गई थी। इस मौके पर बच्चों ने गीत संगीत के साथ उपस्थित लोगों को मंत्र ᠆ ुक्त कर दिया ,अपने संबोधन में पूर्व मंत्री ने कहा बच्चे ईश्वर का रूप होते हैं, और बच्चों पर हमेशा परमपिता परमेश्वर की कृपा रहती है। आज सभी मिलजुल कर हम लोग क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन कर रहे हैं, क्योंकि दिसंबर का महीना प्रभु ईसा मसीह को याद करने का दिन है । क्रिसमस का पर्व हमे आपसी भाईचारा और शांति का संदेश देता है, हमें यह पर्व सभी लोगों को मिलजुल कर संगठित रहकर मनाने की संदेश देता है।

## जागरूकता

### जोराम पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

# सरकारी योजनाओं का लाभ लें ग्रामीण : प्रमुख



**नवीन मेल संवाददाता**

**ठेठईटांगर।** झारखंड सरकार के 4 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की शुरूआत की है ,इसी के तहत गुरुवार को ठेठईटांगर प्रखंड के जोराम पंचायत में पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम का प्रमुख बिपिन पंकज मिंज,सीओ कमलेश उरांव, बीडीओ पंकज कुमार,जिला परिषद सदस्य कृष्णा बड़ाईक एवं अजय एक्का मुखिया प्रीतम कंडुलना द्वारा दीप प्रचलित करते हुए कार्यक्रम का शुरूआत किया गया। इस मौके पर जेएसएलपीएस की महिलाओं के द्वारा स्वागत करते हुए सभी अतिथियों को मंच तक लाया गया। शिविर में कुल 4437 आवेदन प्राप्त हुए ,इनमें 3138 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया एवं बाकी बचे आवेदनों का जल्द से जल्द निष्पादन करने की बात कही। प्रखंड प्रमुख ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार लोगों की समस्याओं को सुनने गांव-गांव पहुंच रही है और लोगों के समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है, आप सभी सरकार द्वारा लगाए गए इस कैंप का लाभ लें। वही मौके पर जिला परिषद सदस्य ने कहा कि यह योजना के माध्यम से छूटे हुए लोगों सहित सभी प्रकार के योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को देने का कार्य सरकार कर रही है। इसीलिए अधिक से अधिक शिविर के माध्यम से अपनी समस्याओं को रखते हुए दूर करने का कार्य करें। इस मौके पर चक्रीय विकास संस्थान के कलाकारों के द्वारा गीत संगीत एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। इधर प्रखंड प्रशासन द्वारा सभी विभागों के अलग-अलग स्टॉल लगाकर लोगों को सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभ दिया। इस मौके पर पंचायत क्षेत्र के काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## उपराष्ट्रपति को लेकर की गई मिमिक्री समेत अन्य मुद्दों को लेकर जताया विरोध

# सरकार की बर्खास्तदगी के लिए भाजपा ने किया प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** ईडी के समन को सीएम हेमंत सोरेन द्वारा बार-बार राज्यसभा के उपसभापति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री के खिलाफ गुरुवार को गिरिडीह भाजपा ने शहर में जोरदार प्रदर्शन किया प्रदर्शन में ढाई हजार से अधिक भाजपा नेता और कार्यकर्ता की भीड़ जुटी। इस दौरान जिला अध्यक्ष महादेव दुबे के नेतृत्व में पूर्व सदर विधायक निर्भय शाहाबादी जिला महामंत्री सुभाष चंद्र सिंह संदीप हजारों की संख्या में भाजपा नेताओं और कार्यकताओं का शहर के स्टेशन




रोड स्थित रेलवे मैदान से निकला हाथ में हेमंत सरकार और हिंदी गठबंधन के नेताओं के खिलाफ तख्त के लिए भाजपा नेताओं कार्यकर्ताओं ने हेमंत सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की भाजपा का प्रदर्शन टावर चौक पहुंचा जहां भी चौराहे पर सभा हुई मौके पर पूर्व सदर विधायक शाहबादी ने कहा कि केंद्रीय एजेंसीयों के संबंध को नजरअंदाज कर हेमंत सरकार सिर्फ अपने बुरे दिन हि ला रही है अगर यही हाल रहा तो वह दिन भी दूर नहीं जब एक दिन सीएम हेमंत के हाथों में हथकड़ी डालकर जेल ले जाएगी, क्योंकि अपने सारे चार साल के कार्यकाल में सीएम हेमंत में झारखंड को बर्बाद कर दिया है खनिजों को लूट और मंत्री से लेकर अधिकारियों तक को लूटने की छूट दे चुके हैं । भाजपा नेता सुरेश साव ने झारखंड की जनता जान चुकी है कि इस सरकार में विकास की उम्मीद करना बेवकूफी होगी, अगली बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है इस राज्य का विकास होगा तो सिर्फ और सिर्फ भाजपा ही कर सकती है इस मौके पुर्व विधायक नागेंद्र महतों ,प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुरेश साव, सुनील पासवान, प्रकाश सेठ, दिनेश प्रसाद यादव, चुन्नू कांत, दिलीप वर्मा संदीप डांगैच कामेश्वर पासवान सुभाष सिन्हा हरबिंदर सिंह बग्गा संजीत सिंह पप्पू मनोज संघई सुरेश मंडल, अनिल वर्मा, महेंद्र वर्मा संजय सिंह अनूप सिन्हा पूर्व जिला अध्यक्ष यदुनंदन पाठक, प्रदीप साहू, विजय सिंह,अनिल वर्मा रंजीत बर्नवाल सुमित सिंह आदि मौजूद थे।

### धनबाद : 3 विधायकों को सदन से निकालने के खिलाफ भाजपाइयों ने निकाली जनाक्रोश रैली

**धनबाद।** उपराष्ट्रपति की मिमिक्री और झारखंड विधानसभा से भाजपा के 3 विधायकों से बाहर किये जाने के विरोध में धनबाद जिले के भाजपाइयों ने गुरुवार को जनाक्रोश रैली निकाली. महानगर और ग्रामीण जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में रैली जिला परिषद मैदान से शुरू होकर रणधीर वर्मा चौक तक गई. रणधीर वर्मा चौक पर जोरदार प्रदर्शन किया गया. कार्यकताओं ने हेमंत सरकार गद्दी छोड़ो के नारे लगाए. महानगर जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह और ग्रामीण जिला अध्यक्ष ज्ञान रंजन सिन्हा ने कहा कि भाजपा विधायकों ने राज्य में बढ़ती बेरोजगारी पर सदन में सवाल पूछा, तो तीन विधायकों मार्शल के द्वारा भारतीय जनता पार्टी के तीन विधायकों को मार्शल के सहारे बाहर निकाल दिया. मार्शल ने उनके साथ दुर्व्यवहार भी किया गया. वहीं, राज्यसभा में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री करने की चर्चा करते हुए दोनों नेताओं ने इसे लोकतंत्र और संविधान का अपमान बताया. रैली में पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सरोज सिंह, योगेंद्र यादव, धर्मजीत सिंह , नितिन भट्ट, रमेश राही, राजकुमार अग्रवाल , वीरेंद्र हांसदा, रूपेश झा, मानस प्रसून, दिनेश सिंह, अभिषेक सिंह, कंचन चौरसिया, बॉबी पांडे आदि शामिल थे.

## मानगो डबल मर्डर में 2 और गिरफ्तार, दो घरों की कुर्की

**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** मानगो डबल मर्डर में पुलिस ने बुधवार को दो और आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं, फरार चल रहे आरोपी शेख अरशद व कादिर के घर की कुर्की की गई। गिरफ्तार आरोपियों में चौड़ा राजू का करीबी जमशेद व एक अन्य शामिल है। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है। जमशेद को पुलिस ने रांची से गिरफ्तार किया है। इधर, आरोपी शेख अरशद के घर बुधवार सुबह मानगो और आजादनगर थाना की पुलिस ने दबिश दी। पुलिस शेख अरशद के चेपापुल स्थित स्काइ टच अपार्टमेंट स्थित फ्लैट पहुंची। उस समय घर का दरवाजा बंद था। इसके बाद मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में दरवाजा तोड़ा गया और फिर एक-एक समान की कुर्की और जब्ती की गई। घर के दरवाजा भी उखाड़ कर पुलिस साथ ले गई। इसके अलावा फर्श पर लगे टाइल्स को तोड़ा गया। फ्रिज, टीवी, पंखा व अन्य सामान साथ ले गई। दूसरी कार्रवाई आरोपी कादिर के घर पर की गई। कादिर नीमडीह का रहने वाला है। उसके घरों से भी सामानों को जब्त किया गया। मामले में कपाली के रहने वाले मोइन अंसारी ने मंगलवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया था, जबकि घटना के मुख्य साजिशकर्ता राजू चौड़ा को आरपीएफ ने बंगाल के हल्दिया से गिरफ्तार किया है। मामले का एक अन्य हत्यारोपी आदित्यपुर निवासी संजय सरकार घटनास्थल से ही गिरफ्तार हुआ था।

### यह है मामला

8 दिसंबर को मानगो रोड नंबर-16 में चौड़ा राजू के गिरोह ने अपने प्रतिद्वंदी सज्जाद उर्फ टांडा की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसके बाद भागने के क्रम में टाइगर मोबाइल के जवान को भी गोली मार दी थी। अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी भी मौत हो गई। इस दौरान एक आरोपी संजय सरकार को मौके पर पकड़ लिया गया था। गिरफ्तार संजय कर्मकार के पास से पुलिस ने तीन पिस्तौल और गोलियां बरामद की थी। केस का मुख्य आरोपी चौड़ा राजू हल्दिया में गिरफ्तार किया गया।

## एक नजर

### ठाकुरबाड़ी में 20वें श्याम महोत्सव की तैयारी जोरों पर

**चाईबासा।** युवा मित्र मंडल चाईबासा के सौजन्य से 20वें श्याम महोत्सव की तैयारियां जोर-जोर से की जा रही है. 22 दिसंबर को ठाकुरबाड़ी में आयोजित होने वाले श्याम महोत्सव को लेकर ठाकुरबाड़ी में एक भव्य पंडाल भी बनाया जा रहा है. इस पंडाल में सारे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. ठाकुरबाड़ी स्थित खाटू श्याम के मंदिर में पूजा-अर्चना करने के उपरांत यह कार्यक्रम आरंभ होगा. इस बार मुख्य गायिका के रूप में दिल्ली से आने वाली शिखा भार्गव तथा चाईबासा के स्थानीय भजन गायक सतीश करनानी भजन संध्या में भजनों की प्रस्तुति देंगे. इन भजनों को सुरताल देने के लिए राज म्यूजिकल ग्रुप कोलकाता की टीम अपने वाद्य यंत्रों के साथ इन्हें सहयोग देगी. इस आयोजन के संरक्षक उद्योगपति समाजसेवी राजकुमार शाह, अध्यक्ष राकेश पोद्दार और सचिव रूपेश कुमार हैं.

### डिक्की से एक लाख निकाल उचक्के हुए फरार

**रामगढ़** । जिला के कुजू ओपी क्षेत्र के आरा एसबीआई बैंक के पास से बाइक के डिक्की का लॉक तोड़कर उच्चके 1 लाख रुपए निकाल फरार हो गये। मामले को लेकर भुक्तभोगी नावाडीह पन्नाटांड़ निवासी महेश प्रजापति पिता महावीर प्रजापति ने कुजू ओपी में आवेदन दिया। दिये गये आवेदन में उन्होंने कहा है कि गुरूवार को अपने पिता महावीर महतो के साथ करीब 12:20 बजे कुजू बैंक ऑफ इंडिया शाखा से 1 लाख रुपए निकासी किया। जिसके बाद पैसे को अपने बाइक की डिक्की में रखकर घर की ओर चल गये। इस बीच आरा एसबीआई के पास फल खरीदने के लिए रूके थे। इस दौरान फल खरीदकर वापस आकर देखा तो डिक्की का लॉक टूटा हुआ था । साथ ही 1 लाख रुपए व पासबूक गायब था। मामले को लेकर उन्होंने पुलिस से छानबीन करने की गुहार लगायी है।

### रेलवे ट्रैक पर मिला केशव रजक का शव

**रामगढ़** । भदानीनगर ओपी क्षेत्र के बरकाकाना-पतरातु रेलमार्ग स्थित बनगडा रेलवे ट्रैक पर बुधवार की रात्रि एक युवक का क्षत-विक्षत शव मिलने से क्षेत्र में मातम का माहौल पसर गया । शव की पहचान स्थानीय युवक केशव रजक के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार बनगडा रेलवे ट्रैक पोल संख्या 110/112 के समीप बनगडा रजक टोला निवासी सीसीएलकर्मी केशव रजक अमरपाली-मगध में ड्यूटी करता था। शव मिलने की सूचना स्थानीय लोगों द्वारा तत्काल भदानीनगर पुलिस और जीआरपी को दी गई। जानकारी मिलते ही भदानीनगर पुलिस घटना स्थल पर पहुंच जांच-पड़ताल की। साथ ही शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इधर, घर वालों ने घटना पर हत्या की आशंका जताते हुए केशव रजक की हत्या कर रेलवे ट्रैक पर फेंकने का आरोप लगा रहे हैं। वहीं, पुलिस का कहना है की यह हत्या है या आत्महत्या यह जांच का विषय है।

## भाजपा ने सरकार को बर्खास्त करने की मांग को लेकर निकाला आक्रोश मार्च



**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** हेमंत सरकार के खिलाफ गुरुवार को भाजपाइयों ने आक्रोश मार्च निकाला. कार्यकर्ता साकची स्थित पार्टी कार्यालय से पैदल मार्च करते हुए जुलूस की शक्ल में जिला उपायुक्त कार्यालय पहुंचे और प्रदर्शन किया. यहां झारखंड सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की और राज्यपाल के नाम उपायुक्त की अनुपस्तिथि में प्रशासनिक पदाधिकारी को एक मांग पत्र सौंपा. इन लोगों ने भ्रष्टाचार, खराब विधि व्यवस्था और संवैधानिक संकट को देखते हुए सरकार को बर्खास्त किए जाने की मांग की. भाजपा जमशेदपुर महानगर जिलाध्यक्ष गुंजन यादव ने बताया कि इस सरकार में राज्य की साढ़े तीन करोड़ जनता भयाक्रांत हैं. राज्य का प्रत्येक युवा, महिला, किसान, व्यापारी, मजदूर, छात्र, पंचायत सेवक सभी त्रस्त हैं. युवाओं के सपनों को ध्वस्त करने वाली हेमंत सरकार की वादाखिलाफी, आकंठ भ्रष्टाचार, सत्ता संरक्षित खनिज सम्पदाओं की लूट, ट्रांसफर-पोस्टिंग, बढ़ते अपराध, बदहाल स्वास्थ्य सुविधा एवं पार्टी के विधानसभा में विधायकों के ऊपर की गई विद्वेषपूर्ण कार्रवाई के विरोध भाजपा द्वारा यह प्रदर्शन किया गया है. मौके पर भाजपा नेता अभय सिंह, जिला अध्यक्ष गुंजन यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार, विकास सिंह, बबुआ सिंह, सांसद प्रतिनिधि संजीव कुमार समेत अन्य काफी संख्या में नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे.

## श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में मनाया वीर बाल दिवस



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में गुरुवार को वीर बाल दिवस मनाया गया । वीर बाल दिवस अंतिम सिख गुरु गुरु गोबिंद सिंह के चार पुत्रों के सम्मान में मनाया जाता है। यह तिथि सबसे छोटे साहिबजादे के बलिदान को चिह्नित करने के लिए चुनी गई थी। देश की जनता जनता, विशेषकर छोटे बच्चों को साहिबजादा अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह, व फतेह सिंह की वीरता की कहानी के बारे में सूचित और शिक्षित करने के लिए, सरकार पूरे देश में इंटरैक्टिव और भागीदारी कार्यक्रम चला रही है। सीबीएसई परिपत्र ने भी वीर बाल दिवस मनाने का आदेश दिया है। 26 दिसम्बर को सीबीएसई द्वारा एक विशेष कार्यक्रम कक्षा 6 से 12 के लिए आयोजित किया जायेगा।

## एक नजर

### जमशेदपुर : राजकुमार रिंगसिया बने श्री जीण माता परिवार के अध्यक्ष

**जमशेदपुर।** शहर की धार्मिक संस्था श्री जीण माता परिवार की एक बैठक में पुरानी कमेटी को भंग कर राजकुमार रिंगसिया (जुगसलाई) को सर्वसम्मति से नया अध्यक्ष चुना गया. बैठक संस्था के अध्यक्ष बजरंग लाल अग्रवाल की अध्यक्षता में साकची स्थित एक होटल में संपन्न हुई. इसका संचालन करते हुए संस्थापक शंभू खन्ना ने बताया कि नये अध्यक्ष राजकुमार रिंगसिया द्वारा नई कमेटी का विस्तार 31 दिसम्बर तक कर लिया जायेगा. इससे पहले कोषाध्यक्ष विनोद खन्ना द्वारा वार्षिक महोत्सव 2023 का आय-व्याय का ब्योरा प्रस्तुत किया गया, जिसे सर्वसम्मति से पास कर दिया गया. बैठक में प्रमुख रूप से सुनील देबुका, कैलाश चन्द्र अग्रवाल आदि उपस्थित थे.

### अक्षत कलश यात्रा में शामिल हुए रामभक्त

**जमशेदपुर।** बहरागोड़ा प्रखंड अवस्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर में अयोध्या से पूजित अक्षत कलश को संकीर्तन मंडली तथा शंख ध्वनि के साथ मंदिर में लाया गया जहां पूजा अर्चना की गई. इस अवसर पर आसपास के सैकड़ों राम भक्त उपस्थित होकर पूजा अर्चना किये. तत्पश्चात नगर परिक्रमा करते हुए शीतला मंदिर प्रांगण में पूजा अर्चना की गई. वहां सैकड़ों भक्तों ने अक्षत कलश का दर्शन किया. पुनः कलश को लेकर साकरा पंचायत अवस्थित मालबांधी संकट मोचन मंदिर में रखा गया. वहां से 27 दिसंबर को 26 पंचायतों में अयोध्या राम मंदिर के निमंत्रण सह वितरित किया जाएगा. साथ ही प्रत्येक घर में राम मंदिर उद्बोधन के दिन पंच प्रदीप जलाने का आव्हान किया जाएगा.

### डीजीएमएस के निर्देश पर निरीक्षक दल ने मेघाहातुबुरु खदान के विभागों का किया निरीक्षण

**चाईबासा।** खान सुरक्षा निदेशालय, चाईबासा रीजन के निर्देशानुसार 61वां वार्षिक मेटलिफरस खान सुरक्षा सप्ताह के तहत मेघाहातुबुरु खदान का निरीक्षण निरीक्षक दल ने किया. इस दल का नेतृत्व कनवेनर दीपक प्रकाश (गुआ लौह अयस्क खान) कर रहे थे. दल में साहाब अनवर एवं सिद्धांत शेखर (टाटा स्टील, नोवामुंडी), जीके नायक (सेल, मेघाहातुबुरु), अमला शंकर चटर्जी (टाटा स्टील, कालीमाटी लौह अयस्क खदान), राकेश कुमार नंदकोलियार (गुआ खदान), रथिन विश्वास (सेल, किरीबुरु, खदान) शामिल हैं. कार्यक्रम का थीम थिंक, टॉक एंड प्रैक्टिस सेफ्टी था. खदान का निरीक्षण से पहले मेघाहातुबुरु खदान में स्थित सुरक्षा माता की पूजा सभी अधिकारियों ने की.

### सीआइएसएफ-कोयला तस्करों के बीच झड़प पत्थरबाजी भी, आधा दर्जन कोल कर्मी घायल

**धनबाद।** कोयलांचल में कोयला तस्करों,चोरो का आतंक दिन प्रति दिन बढ़ता जा रहा है. दिनदहाड़े दर्जनों कोयला चोर परियोजना पहुंच कोयला लूटने लग जा रहे है. बीसीसीएल में चलने वाले भारी और बड़े हॉलपेक वाहन से जबरन कोयला उतार रहे है. कोयला चोर अपनी जिंदगी दाव पर लगा रहे है. लोयाबाद थाना क्षेत्र के सिजुआ एरिया 5 के बासुदेवपुर उत्खनन परियोजना में बुधवार की देर शाम कोयला तस्करों ने परियोजना मे धावा बोल कोयला लूटने का प्रयास किया. मौके पर तैनात सीआईएसएफ के जवान एवं ड्यूटी कर रहे कोलकर्मी ने कोयला तस्करों का विरोध किया तो कोयला चोरों ने मारपीट के पत्थरबाजी कर दी. जिसके बाद भगदड़ की स्थिति बन गई. वहीं घटना के बाद कोलकर्मियों ने बीसीसीएल प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी कर 4 घंटे तक कार्य को ठप कर दिया.

### गुड़ाबांदा : विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम आने पर जेबीएबी की छात्राओं का हुआ अभिनंदन

**चाईबासा।** गुड़ाबांदा प्रखंड के झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर विद्यालय में छात्राओं का स्वागत किया गया. बहरागोड़ा में जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन विगत दिनों किया गया था. जिसमे जिला के 48 स्कूलों की छात्राओं ने भाग लिया था. प्रतियोगिता बहरागोड़ा पॉलीटेक्निक कॉलेज में आयोजित हुई थी. जिसमें प्रथम स्थान जेबीएवी गुड़ाबांदा हासिल किया. शिक्षक भास्कर महतो, प्रवीर मिश्रा व अपराजिता राणा ने छात्राओं का मार्गदर्शन किया. विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि इस सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह विद्यालय का होना और जीत हासिल करना सौभाग्य की बात है.

### विहिप व बजरंग दल की बैठक

**गिरिडीह।** बिरनी प्रखंड के रामचन्द्र मोदी मैरेज हॉल में गुरुवार को विहिप की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संतोषः कुमार ने किया। बैठक में अयोध्या धाम से आये पुजित अक्षत प्रखण्ड के सभी पंचायत के सनातनियों के घर जाकर वितरण करने को लेकर चर्चा की गई । बता दें कि अयोध्या धाम में भगवान मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम जी का भव्य मंदिर बनकर तैयार है । जिसका 16 जनवरी से लेकर 22 जनवरी 2024 तक भव्य प्राण-प्रतिष्ठा के साथ भगवान राम अपने गर्भगृह में विराजमान होंगे । प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर देश के समस्त सनातनधर्म प्रेमियों को अक्षत देकर प्राण-प्रतिष्ठा में अयोध्या धाम के लिए आमंत्रित किया जा रहा है । हिंदुओं के लिए यह सौभाग्य पांच सौ वर्षों के बाद आया है । लाखों लोगों ने भगवान श्रीराम की जन्मस्थली पर विराजमान करने के लिए लाखों लोगों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। बता दें कि राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा में पूरे विश्व के सनातन धर्म प्रेमी भाग लेंगे । भगवान राम 22 जनवरी को 11-1 बजे दिन तक अपने गर्भगृह में विराजमान होंगे जिसका सभी मठ-मंदिरों में भगवान के आगमन की खुशी में श्रीराम जय राम,हनुमान पाठ,सुंदर कांड किया जाएगा साथ ही मिठाई वितरण तथा पर्दा,एलईडी,प्रोजेक्टर आदि के द्वारा लाइव टेलिकास्ट किया जाएगा तथा सन्ध्या को आरती एवं द्वीप जलाकर दीपावली मनाना है । जानकारी के अनुसार पुजित अक्षत 5 जनवरी से 15 जनवरी तक वितरण किया जाना है ।

## जिप सदस्य ने बांटे कंबल



**नवीन मेल संवाददाता**

**बिरनी।** बिरनी प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में गुरुवार को मध्य भाग के जिला परिषद सदस्या साजदा खातून ने वृद्ध, विधवा, दिव्यांग, असहाय लोगों के बीच ठंड को ध्यान में रखते हुए कंबल वितरण किया।जिसमे कुबरी, शाखाबारा, बाराडीह, झारखी, आदि गांवों में वितरण की।इधर जीप सदस्यीय ने दर्जनों कम्बल का वितरण की। मौके पर जिला परिषद प्रतिनिधि कलीम अंसारी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य नसीमा खातून, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि वैद्यनाथ, प्रसाद यादव, पूर्व पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि मो. अबुल अंसारी, आदि लोग मौजूद रहे।

## बीसीसीएल ने ग्रामीणों के आवास पर चलाया बुलडोजर, ब्लास्टिंग से कई घर क्षतिग्रस्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** बीसीसीएल क्षेत्र संख्या एक के मंडल केंदुआडीह में गुरुवार को प्रबंधन ने कई ग्रामीणों का आवास बुलडोजर चलवाकर ध्वस्त करा दिया. साथ ही हैवी ब्लास्टिंग से भी आसपास के कई आवास क्षतिग्रस्त हो गए. ब्लास्टिंग में उड़े पत्थर से कई ग्रामीणों के चोटिल होने की सूचना.घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने कंपनी कामकाज ठप कर जमकर प्रदर्शन किया. इस दौरान प्रबंधन व ग्रामीणों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई. करीब दो घंटे तक हंगामा होता



रहा. आखिरकार प्रबंधन को ब्लास्टिंग कार्य रोकना पड़ा . ग्रामीणों ने बताया कि वे लोग वर्षो से यहां रह रहे हैं. यहां एक दर्जन के करीब आवास हैं. ग्रामीणों के अनुसार बीसीएलएल प्रबंधन विस्थापन के नाम पर एक आवास एवं 20 हजार रुपया देने की बात करता है. वे लोग अनुसूचित जाति के हैं, इसलिए प्रबंधन डरा- धमका कर भगाना चाहता है. सीआईएसएफ के जवान बल प्रयोग कर अक्सर प्रताड़ित करते हैं.

## गिरिडीहः सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गुरुवार को गांवा प्रखण्ड क्षेत्र के पिहरा पश्चिम पंचायत में अयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन गांवा बीडीओ महेन्द्र रविदास ,बीस सूत्री अध्यक्ष अजय सिंह , बैंक शाखा प्रबंधक मिलन कुमार, बीस सूत्री सदस्य सोनू कुमार तथा स्थानीय मुखिया अमित कुमार के द्वारा सामूहिक रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया गया।इस दौरान पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा बारी बारी से सभी स्टॉल का



निरक्षण किया गया। जिसके उपरांत बीस सूत्री अध्यक्ष अजय सिंह ने लाभुको को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से हर गरीब गुरबों तथा गांव देहात व पहाड़ो में रहने वाले लोग जो ब्लाक का चक्कर नहीं लगा पाते थे। जिससे गरीबों का काम नहीं हो पाता था और गरीब लोग सरकारी योजनाओं से वंचित रहते थे। जिसको देखते हुए हमारी सरकार ने यह निर्णय लिया कि ब्लॉक व अंचल के सभी अधिकारियों को गांव में पहुंचाया जाए ताकि गरीब गुरबों को ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुंचे । वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गांवा बीडीओ महेन्द्र रविदास ने कहा कि कैंप में सभी विभागों का स्टॉल लगाकर मामलों का निष्पादन किया जा रहा है वही कई परिसंपत्तियों का भी वितरण किया जा रहा है उन्होंने कहा कि इस कैंप का एक ही मकसद है कि वैसे लोग जो प्रखंड मुख्यालय नहीं पहुंच पा रहे थे उनके लिए हम लोग गांव-गांव जाकर कैंप लगाकर उनके समस्याओं का निष्पादन कर रहे हैं।

### मनरेगा योजना में मजदूरों को काम नहीं देने का आरोप

**गिरिडीह।** गावां प्रखंड के गदर पंचायत के रोजगार सेवक उत्तम कुमार पे मजदूरों को काम नहीं देने पर ग्रामीणों ने विरोध किया है। ग्रामीणों ने गुरुवार को बीडीओ हस्ताक्षर युक्त आवेदन देकर रोजगार सेवक उत्तम कुमार को पंचायत से हटाने कि मांग की है। आवेदन में उन्होंने लिखा है कि गदर पंचायत में रोजगार सेवक के द्वारा मनरेगा मजदूरों को काम नहीं दिया जा रहा है। जिसके कारण मजदूरों को भूखे मरने की नौबत आ गई है। योजना स्वीकृति के नाम पर दस हजार रूपए से लेकर सात हजार रुपए तक लिया गया है।

**चिंताजनक** — बोकारो में गरगा डैम के निचले स्तर पर मॉक ड्रिल का आयोजन

# जब बचाओ-बचाओ चिल्लाने लगे तीन युवक

### गोताखोरों ने लगाई छलांग, सभी घायलों को भेजा सदर अस्पताल

**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण रांची के अध्यक्ष सह विभागीय सचिव के निदेर्शानुसार गुरुवार को बोकारो जिले में गरगा डैम के निचले स्तर पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया. इसका आयोजन जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के द्वारा किया गया. मॉक अभ्यास का पर्यवेक्षण कार्य चास अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत के नेतृत्व में हुआ. इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त सौरव कुमार भुवानिया, अपर समाहर्ता मेनका, सिविल सर्जन डॉ. दिनेश कुमार, चास बीडीओ मिथिलेश कुमार, सहायक




जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार उपस्थित थे. मॉक अभ्यास का संचालन जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार ने किया. मॉक अभ्यास में बाढ़ आपदा के परिदृश्य को स्थापित किया गया. गरगा डैम के समीप स्थित नरकेरा ग्राम में अचानक डैम का जल स्तर बढ़ने से बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है. बाढ़ के पानी में तीन युवक डूबने लगे और बचाओ-बचाओ चिल्ला रहे थे. जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा प्रशिक्षित गोताखोरों की टीम ने सुरक्षा कवच का इस्तेमाल करते हुए सभी को बचा लिया. जहां एनडीआरएफ की टीम द्वारा सभी को मेडिकल कैंप लाया गया. कैंप में तैनात चिकित्सक ने सभी घायलों की स्वास्थ्य जांच की. इस दौरान पारा मेडिकल स्टाफ द्वारा फर्स्ट एड की सेवा दी गई. एक की स्थिति चिंताजनक होने के कारण एंबुलेंस से बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर किया गया. वहीं, अन्य ग्रामीणों को नागरिक सुरक्षा, नेहरू युवा केंद्र स्वयं सेवकों, एनडीआरएफ टीम द्वारा चिन्हित कर राहत केंद्र महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज बोकारो पहुंचाया गया. पूरी गतिविधि पर सभी वरीय पदाधिकारी नजर बनाए हुए थे. सभी प्वाइंट्स के लिए पर्यवेक्षण पदाधिकारी नियुक्त किये गये थे.

समय रहते खुद को बदल लेना चाहिए क्योंकि अगर समय बदले तो बहुत तकलीफ होती है : अज्ञात

# हौसले को मिला पंख

झारखण्ड में शिक्षा के क्षेत्र में सुधार की दिशा में सरकार के द्वारा कई कदम उठाये जा रहे हैं। बावजूद इसके सकारात्मक प्रभाव कम ही देखने को मिल रहे हैं। इसके पीछे की वजहों की पड़ताल जरूरी है। बहरहाल पिछले दिनों राज्य के पालीटेक्निक संस्थानों में सभी रिक्त पदों को भरने की कवायद की गई थी। लेकिन ऐसा होता नहीं दिख रहा है। साथ ही नियुक्ति की प्रक्रिया का नहीं होना यह दर्शाता है कि राज्य सरकार इस दिशा में सकारात्मक कदम नहीं उठा पा रही है। ऐसे में राज्य गठन के बाद पहली बार इन संस्थानों के लिए अनुदेशक एवं प्रयोगशाला सहायक संवर्ग के पदों पर नियुक्ति के लिए नियमावली गठित कर दी है। लेकिन वह जमीन पर नहीं दिख रही है। ऐसे में समय गवाया नहीं करते इस दिशा में आवश्यक कदम उठाने की जरूरत है। बहरहाल राज्य के सरकारी स्कूलों में बदलाव के लिए और शिक्षा में सुधार के लिए कागजी रूप में तैयारियां की जा रही हैं। लेकिन जमीन पर वह दिख नहीं रही हैं। प्राइवेट स्कूलों के प्रति लोगों का रूझान लगातार बढ़ता जा रहा है। ऐसे में एक बदलाव की बात उर्जा प्रदान करती है। कारण आर्थिक कठिनाईयों की वजह से कई मेधावी स्टूडेंट्स बेहतर तरीके से उच्च शिक्षा नहीं हासिल कर पाते थे। इन गरीब मेधावी छात्र-छात्राओं को राज्य सरकार ने अपने खर्चे पर उच्च शिक्षा के लिए विदेश भेजने का निर्णय स्वागत योग्य कदम है। विदेशों में पढ़ाई कर रहे झारखंड के ये स्टूडेंट्स काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। ये युवा शिक्षा के क्षेत्र में विदेशों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहें हैं। ऐसी ही प्रतिभा का प्रदर्शन पूर्वी सिंहभूम निवासी अजय हेंब्रम ने दिखाई है। अजय ने लंदन के यूनिवर्सिटी में डिस्टींक्शन के साथ डिग्री प्राप्त की।अजय हेंब्रम खुश है। वे कहते हैं- भले ही डिग्री के लिए मैंने पढ़ाई की लेकिन इसका श्रेय मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और मंत्री चंपई सोरेन को जाता है, जिन्होंने हम जैसे युवाओं को वैश्विक मंच पर छा जाने का अवसर छात्रवृत्ति योजना के जरिए दिया। अब हमलोग यहां के लोगों के बीच अपने समाज, राज्य और देश की और भी बेहतर छवि बनाने का प्रयास करेंगे। झारखंड के 50 युवक-युवती ब्रिटेन के विभिन्न यूनिवर्सिटी में उच्च शिक्षा प्राप्त कर चुके हैं, या कर रहें हैं। जिन्होंने पढ़ाई पूरी कर ली है उनमें से कुछ विदेश में ही नौकरी कर रहे हैं और कुछ देश में ही उच्च संस्थानों में नौकरी कर रहे हैं। इनमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र - छात्राएं शामिल हैं। इन सभी को राज्य सरकार शत प्रतिशत छात्रवृत्ति प्रदान कर रही है। देश भर में पहली बार मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में इस तरह की छात्रवृत्ति योजना झारखण्ड में लागू की गई है। यह खुशी की बात है। इस कार्य से जहां एक ओर अपने राज्य का नाम रौशन हुआ है,वहीं मेधावी छात्रों को हौसले के पंख लग गये हैं।

**राज्य के सरकारी स्कूलों में बदलाव के लिए और शिक्षा में सुधार के लिए कागजी रूप में तैयारियां की जा रही हैं। लेकिन जमीन पर वह दिख नहीं रही हैं। प्राइवेट स्कूलों के प्रति लोगों का रूझान लगातार बढ़ता जा रहा है। कारण आर्थिक कठिनाईयों की वजह से कई मेधावी स्टूडेंट्स बेहतर तरीके से उच्च शिक्षा नहीं हासिल कर पाते थे। इन गरीब मेधावी छात्र-छात्राओं को राज्य सरकार ने अपने खर्चे पर उच्च शिक्षा के लिए विदेश भेजने का निर्णय स्वागत योग्य कदम है। विदेशों में पढ़ाई कर रहे झारखंड के ये स्टूडेंट्स काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।**

# गतिरोध व उपराष्ट्रपति की मिमिक्री करना दुर्भाग्यपूर्ण

**इन दिनों**



ललित गर्ग



***लोकसभा*** एवं राज्यसभा में सत्तापक्ष या विपक्ष का अनुचित एवं अलोकतांत्रिक व्यवहार न केवल अशोभनीय, अनुचित एवं मर्यादाहीन है बल्कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की आदर्श परम्पराओं को धुंधलाने वाला है। शीतकालीन सत्र से लोकसभा के अब तक 95 एवं राज्यसभा के 46 कुल 141 सांसदों को सस्पेंड किये जाने के बाद विपक्षी सांसद संसद परिसर में धरना दे रहे थे। इस दौरान उन्होंने नारेबाजी की और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की नकल उतारकर मिमिक्री की, निश्चित ही इस तरह का अपमानजनक एवं अशालीन व्यवहार भारत के लोकतंत्र को कलंकित करने की चिन्ताजनक घटना है। उपराष्ट्रपति सर्वोच्च एवं सम्मानजनक पद है, इसकी गरिमा को आहत करना एवं उस पर आंच आने का अर्थ है राष्ट्र की अस्मिता एवं अस्तित्व को धुंधलाने की कुचेष्टा। तभी उपराष्ट्रपति धनखड़ ने इस घटना को शर्मनाक बताते हुए कहा कि यह हास्यास्पद और अस्वीकार्य है कि एक सांसद मेरी मजाक उड़ा रहा है और दूसरा सांसद उस घटना का वीडियो बना रहा है। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि मुझे अपनी परवाह नहीं है, मैं ये बर्दाश्त कर सकता हूं, लेकिन मैं कुर्सी का अपमान बर्दाश्त नहीं करूंगा। इस कुर्सी की गरिमा बरकरार रखने की जिम्मेदारी मेरी है। मेरी जाति, मेरी पृष्ठभूमि, इस कुर्सी का अपमान किया गया है। यहां बात सिर्फ लोकतंत्र के अपमान की भी नहीं है। संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों की जिस तरह मिमिक्री कर उनका अपमान करने और हमारे संवैधानिक सर्वोच्च संस्थानों पर राजनीतिक हमले किये जाने का जो सिलसिला चला है वह एक तरह से भारत की छवि पर हमला है। इतने अधिक सांसदों का निलम्बन एवं उपराष्ट्रपति का अपमान लोकतांत्रिक इतिहास में इन्हें दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं के रूप में देखा जायेगा। यह विपक्षी दलों की बौखलाहट ही है कि अपनी सरकती राजनीतिक जमीन को बचाने की जुगत में वे जायज-नाजायज सभी तरीके इस्तेमाल कर रहे हैं, यह भूलकर की उनकी भी कुछ मर्यादाएं एवं लोकतांत्रिक जिम्मेदारी है। यही विपक्ष कभी राष्ट्रपति तो कभी उपराष्ट्रपति, तो कभी प्रधानमंत्री के लिये अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए लोकतांत्रिक मर्यादा की सारी सीमाएं लांघ रहे हैं। प्रधानमंत्री के लिए तो तानाशाह, हिटलर, नीच, मौत का सौदागर या कई अन्य अपमानजनक शब्द उपयोग किये हैं। अब उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का जिस तरह अपमान किया गया उसने सार्वजनिक जीवन में मर्यादाओं को तार-तार कर दिया है। लोकतंत्र में असहमति एवं आलोचना एक स्वस्थ लोकतंत्र की निशानी है और इसे उसी रूप में लेने की जरूरत है, लेकिन हठधर्मिता, विध्वंसात्मक नीति एवं मिमिक्री करने जैसी घटनाओं से लोकतंत्र पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। लोक राज्य, स्वराज्य, सुराज्य, रामराज्य का सुनहरा स्वप्न ऐसे अलोकतांत्रिक विपक्ष की नींव पर कैसे साकार होगा? यहां तो सभी दल अपना-अपना साम्राज्य खड़ा करने में लगे हैं। हालांकि विपक्षी दलों के तमाम अलोकतांत्रिक विरोध एवं उच्छृंखल रवैये ने निराशा का ही वातावरण बनाया है। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच गतिरोध के पीछे मूलतः पिछले सप्ताह संसद की सुरक्षा में हुई चूक है। इसमें कहीं कोई दो राय नहीं कि यह गंभीर मसला है। सवाल सिर्फ यह है कि आखिर इस गंभीर मसले पर सदन के अंदर चर्चा की कोई राह दोनों पक्ष क्यों नहीं निकाल पा रहे? क्यों विपक्षी दल इस बात पर अड़े हैं कि कानून व्यवस्था से जुड़े इस गंभीर मसले पर केंद्रीय गृह मंत्री को बयान देना चाहिए, वहीं सरकार का कहना है कि संसद के अंदर की सुरक्षा स्पीकर की जिम्मेदारी होती है और इसलिए इस पर गृह मंत्री का बयान देना उचित नहीं होगा। लोकतंत्रीय पद्धति में किसी भी विचार, कार्य, निर्णय और जीवनशैली की आलोचना पर प्रतिबंध नहीं है।

**उपराष्ट्रपति सर्वोच्च एवं सम्मानजनक पद है, इसकी गरिमा को आहत करना एवं उस पर आंच आने का अर्थ है राष्ट्र की अस्मिता एवं अस्तित्व को धुंधलाने की कुचेष्टा। तभी उपराष्ट्रपति धनखड़ ने इस घटना को शर्मनाक बताते हुए कहा कि यह हास्यास्पद और अस्वीकार्य है कि एक सांसद मेरी मजाक उड़ा रहा है और दूसरा सांसद उस घटना का वीडियो बना रहा है। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि मुझे अपनी परवाह नहीं है, मैं ये बर्दाश्त कर सकता हूं, लेकिन मैं कुर्सी का अपमान बर्दाश्त नहीं करूंगा। इस कुर्सी की गरिमा बरकरार रखने की जिम्मेदारी मेरी है। मेरी जाति, मेरी पृष्ठभूमि, इस कुर्सी का अपमान किया गया है। यहां बात सिर्फ लोकतंत्र के अपमान की भी नहीं है। संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों की जिस तरह मिमिक्री कर उनका अपमान करने और हमारे संवैधानिक सर्वोच्च संस्थानों पर राजनीतिक हमले किये जाने का जो सिलसिला चला है वह एक तरह से भारत की छवि पर हमला है। इतने अधिक सांसदों का निलम्बन एवं उपराष्ट्रपति का अपमान लोकतांत्रिक इतिहास में इन्हें दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं के रूप में देखा जायेगा। यह विपक्षी दलों की बौखलाहट ही है कि अपनी सरकती राजनीतिक जमीन को बचाने की जुगत में वे जायज-नाजायज सभी तरीके इस्तेमाल कर रहे हैं, यह भूलकर की उनकी भी कुछ मर्यादाएं एवं लोकतांत्रिक जिम्मेदारी है। यही विपक्ष कभी राष्ट्रपति तो कभी उपराष्ट्रपति, तो कभी प्रधानमंत्री के लिये अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए लोकतांत्रिक मर्यादा की सारी सीमाएं लांघ रहे हैं।**

## आप की बात

### सड़क पर बह रहा नाली का पानी

हरिहरगंज नगर पंचायत अंतर्गत मिश्रा कॉलोनी का रास्ता पूरी तरह से नाली में तब्दील हो चुका है। सड़क पर ही नाली का पानी बहने से नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शशि मेहता, राजेश रंजन मिश्रा, पप्पू कुमार, बिट्टू कुमार, विजय प्रजापति, दिनेश पासवान, ओम प्रकाश मिश्रा, जयराम साव, संजय मिश्रा आदि ने बताया कि यह रास्ता बाजार से मिश्रा कॉलोनी होते हुए टंडवा की ओर जाता है। 24 घंटे रास्ते पर आवागमन बना रहता है। ऐसे में पानी भरे होने से नागरिकों का चलना दूभर हो गया है। जन समस्या को देखते हुये युवा समाजसेवी राजीव रंजन ने मौके पर पहुंचकर इस समस्या से नगर पंचायत को अवगत कराया है। सड़क पर पानी जमा होने के कारण कई बाद स्कूल जाने वाले बच्चे गिरकर घायल भी हो चुके हैं। इसके साथ ही पानी का छींटा पड़ने से राहगीरों के कपड़े भी बदरंग हो चुके है। व्यापक जन समस्या को देखते हुये इस समस्या का तत्काल निराकरण कराया जाना आवश्यक है। इस संबंध में संबंधित विभाग को अवश्य से विचार करना चाहिये। यह सिर्फ मोहल्ले का ही समस्या नहीं है। प्रमुख संपर्क मार्ग होने के कारण दूरदराज के नागरिकों का भी इस सड़क से निरंतर आवागमन होते रहता है। यदि तत्काल समस्या का निराकरण नहीं किया गया तो स्थिति और भी खराब हो जायेगा।

**- समाजसेवी राजीव रंजन, हरिहरगंज**

**राजनीति**

# किस तरह की विरासत छोड़ रहे हमारे सांसद



प्रियंका सौरभ

***संसद*** में शोर-शराबा, वेल में जाकर नारेबाजी, एक-दूसरे पर निजी कटाक्ष करना यहां तक कि कई बार हाथापाई पर उतारू हो जाना आज संसद की आम तस्वीर है। आखिर सियासी पार्टियों और सांसदों का बर्ताव इतना अराजक क्यों हो गया है? क्या आज पार्टियों के निहित स्वार्थों ने संसद को मजाक बनाकर रख दिया है। अब समय आ गया है कि हमारे सभी सांसद इस बात पर ध्यान दें कि संसदीय लोकतंत्र को कैसे मजबूत किया जा सकता है। अन्यथा जनता ही उसका उपहास करने लगेगी। हमारे सांसदों को इस बात पर विचार करना चाहिए कि वे किस तरह की विरासत छोड़ रहे हैं। क्या वे संसद को इसके पतन के भार के नीचे दबने देंगे? आज जो हो रहा है, वो हम देख ही रहे हैं। उम्मीद है कि देश के सांसदों को, सांसद चलाने वालों को इस बात का भान जल्द हो कि देश का नागरिक उन्हें कितनी उम्मीद के साथ देखता है। साथ ही उन्हें कई मौकों पर उदाहरण की तरह रखता है। पिछले कुछ दिनों से संसद में जो कुछ हो रहा है, उससे देश निराश है। संसद चला कर ही सरकार विपक्ष के सवालों के जवाब सही ढंग से दे सकती है। हंगामे के माहौल में सांसदों को अपनी बात रखने का मौका ही नहीं मिलता। कोई बच्चा भी समझ सकता है वेल में जाकर नारेबाजी और हंगामा कर सदन की कार्यवाही रोकने से कैसे विरोध जताया जा सकता है। अच्छी बात तो तब कही जायेगी, जब आप अपने सवाल साफ-साफ रखें और सरकार साफ-साफ जवाब दे पाये। लेकिन इससे भी अधिक चिंता का विषय यह है कि संसद की कार्यवाही में बाधा अपवाद की बजाय नियम बन गया है और हमारे राजनेताओं को इस पर कोई पछतावा नहीं होता है। पिछले वर्षों में यह गिरावट बड़ी तेजी से आई है। सांसद एक-दूसरे पर चिल्लाते हैं, विधायी कागजों को छीन कर फाड़ देते हैं, छोटे से मुद्दे पर सदन के बीचों-बीच आ जाते हैं। पिछले वर्षों में ज्यादातर विधेयकों को बिना चर्चा के ही पारित किया गया है। यह संसदीय प्रणाली का दुरुपयोग है। सांसदों के रवैये को देखते हुए लगता नहीं है कि उनकी मंशा देश की विकास योजनाएं बनने देने की है।

**हमारे सांसदों को इस बात पर विचार करना चाहिए कि वे किस तरह की विरासत छोड़ रहे हैं। क्या वे संसद को इसके पतन के भार के नीचे दबने देंगे? आज जो हो रहा है, वो हम देख ही रहे हैं।**



**बोधि वृक्ष**


# ऋषि मार्कण्डेय की कथा

***इसका*** प्रमाण पवित्र कबीर सागर- का सरलार्थ में कथा- मार्कंडेय ऋषि तथा अप्सरा संवाद पृष्ठ नं. 379-386 में वर्णित है और श्री मद पुराण के सचित्र मोटा टाइप के हिन्दी ,गीता प्रेस गोरखपुर से प्रकाशित के तीसरे स्कंद के पृष्ठ 123 में भी बताया गया है तथा श्री मद् भगवत गीता अध्याय 10 श्लोक 2, अध्याय 4 श्लोक 5, अध्याय 2 श्लोक 12, अध्याय 14 श्लोक 3, 4 और 5 में भी दिये गये हैं। **आइए जानें श्राद्ध की अवधारणा कहाँ से ली गई है। संक्षिप्त मार्कंडेय पुराण पेज नं 81 से कुछ झलक देखें श्राद्ध करने के लिए अपने पुत्र के साथ मंडलसा का संवाद :** मंडलसा नाम की एक महिला थी और उसने अपने बेटे को श्राद्ध करने की शिक्षा दी। आइए पढ़ते हैं मां और बेटे के बीच हुई चर्चा। मंडलसा ने कहा महाराज! जो पितर देवलोक में हैं, जो तिर्यग्योनि में पड़े हैं, जो मनुष्य योनि में एवं भूतवर्ग में अर्थात प्रेत बने हैं, वे पुण्यात्मा हों या पापात्मा जब भूख-प्यास विकल (तड़फते) होते हैं तो उन्हें पिण्डदान तथा जलदान द्वारा तृप्त किया जाता है। मनुष्य अपने कर्मों से उन्हें पिंड और जल चढ़ाकर तृप्त करता है। इस प्रकार वह देवताओं और अतिथियों को तृप्त रखता है। देवता, मनुष्य, पितृ, भूत, प्रेत, गुहाक, पक्षी, कीड़े-मकोड़े आदि भी मनुष्य से अपना भरण-पोषण करते हैं।


**विचार करने योग्यः क्या वे देवलोक में होकर भूख या प्यास से मर सकते हैं?**

इसके अतिरिक्त मार्कंडेय पुराण के पृष्ठ नं. 92 पर उल्लेख किया गया है कि नरक में रहने वाले, पशु-पक्षियों के योनि में रहने वाले , भूत-प्रेत आदि जीवों में रहने वाले, उन सभी का विधिपूर्वक श्राद्ध करने से उनकी तृप्ति होती है। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से




## X - से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# श्री निवास रामानुगंज संख्याओं के जादूगर



योगेश कुमार गोयल

***प्रतिवर्ष*** 22 दिसम्बर को भारत में 'राष्ट्रीय गणित दिवस' मनाया जाता है, जो देश के महान गणितज्ञों में से एक श्रीनिवास रामानुजन को सम्मान देने के उद्देश्य से उनकी स्मृति में उनके जन्मदिवस पर मनाया जाता है। करीब एक दशक पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने चेन्नई में रामानुजन की 125वीं जयंती समारोह में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा था कि ऐसे प्रतिभावान तथा गूढ़ ज्ञान वाले पुरुषों और महिलाओं का जन्म कभी-कभार ही होता है। गणित में रामानुजन के अविस्मरणीय योगदान को याद रखने और सम्मान देने के लिए उसी अवसर पर रामानुजन के जन्मदिन पर प्रतिवर्ष 22 दिसम्बर को 'राष्ट्रीय गणित दिवस' मनाये जाने का निर्णय लिया गया था। मद्रास से करीब चार सौ किलोमीटर दूर तमिलनाडु के ईरोड शहर में 22 दिसम्बर 1887 को जन्मे श्रीनिवास अयंगर रामानुजन का बचपन कठिनाइयों और निर्धनता के दौर में बीता था। तीन वर्ष की आयु तक वह बोलना भी नहीं सीख पाये थे और तब परिवार के लोगों को चिंता होने लगी थी कि कहीं वह गूंगे न हों लेकिन कौन जानता था कि यही बालक गणित के क्षेत्र में इतना महान्‍ कार्य करेगा कि सदियों तक दुनिया उन्हें आदर-सम्मान के साथ याद रखेगी। उन्हें गणित में इतनी दिलचस्पी थी कि गणित में उन्हें प्रायः सौ फीसदी अंक मिलते थे लेकिन बाकी विषयों में बमुश्किल परीक्षा उत्तीर्ण कर पाते थे क्योंकि गणित के अलावा उनका मन दूसरे विषयों में नहीं लगता था। उन्होंने कभी गणित में किसी तरह का प्रशिक्षण नहीं लिया था। गणित में अतुलनीय योगदान के लिए श्रीनिवास रामानुजन को के. रंगनाथ राव पुरस्कार भी दिया गया था। उनका गणित प्रेम इतना बढ़ गया था कि उन्होंने दूसरे विषयों पर ध्यान देना ही छोड़ दिया था। दूसरे विषयों की कक्षाओं में भी वे गणित के ही प्रश्नों को हल किया करते थे। नतीजा यह हुआ कि 11वीं कक्षा की परीक्षा में वे गणित के अलावा दूसरे सभी विषयों में अनुत्तीर्ण हो गये और इस कारण उन्हें मिलने वाली छात्रवृत्ति बंद हो गई।

**गणित में रामानुजन के अविस्मरणीय योगदान को याद रखने और सम्मान देने के लिए उसी अवसर पर रामानुजन के जन्मदिन पर प्रतिवर्ष 22 दिसम्बर को 'राष्ट्रीय गणित दिवस' मनाये जाने का निर्णय लिया गया था।**

**टेक वर्ल्ड**

# सैमसंग अब भारत में बनायेगा लैपटॉप

**लोकल असेम्ब्ली और कस्टमाइजेशनः** भारत में सैमसंग की विनिर्माण सुविधाएं न केवल उपकरणों को असेंबल करती हैं बल्कि उन्हें स्थानीय बाजार के लिए अनुकूलित भी करती हैं। भारत की विविध उपभोक्ता आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं ने सैमसंग को अपने उत्पादों को भारतीय दर्शकों के अनुरूप बनाने के लिए प्रेरित किया है। इस अनुकूलन में भाषा समर्थन, सॉफ़्टवेयर सुविधाएँ और मूल्य निर्धारण रणनीतियाँ शामिल हैं। ऐसे प्रयासों से सैमसंग को भारत के अत्यधिक प्रतिस्पर्धी उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त हासिल करने में मदद मिली है। रिसर्च एंड डेवलपमेंटः विनिर्माण के अलावा, सैमसंग ने भारत में अनुसंधान और विकास केंद्रों में भी निवेश किया है। ये केंद्र कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग और सॉफ्टवेयर विकास जैसी अत्याधुनिक तकनीकों पर ध्यान केंद्रित करते हैं। कंपनी देश के भीतर नवाचार और तकनीकी प्रगति को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय प्रतिभाओं और शिक्षाविदों के साथ सहयोग करती है। इस रणनीतिक कदम ने सैमसंग को भारत के कुशल इंजीनियरों और सॉफ्टवेयर डेवलपर्स के विशाल पूल में प्रवेश करने की अनुमति दी है।



**रिटेल डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क :** सैमसंग का भारत में एक विशाल रिटेल और वितरण नेटवर्क है। कंपनी सैमसंग एक्सपीरियंस स्टोर्स संचालित करती है और देश भर में कई खुदरा विक्रेताओं के साथ साझेदारी करती है। यह व्यापक उपस्थिति सुनिश्चित करती है कि सैमसंग उत्पाद दूरदराज के इलाकों में भी उपभोक्ताओं के लिए आसानी से उपलब्ध हैं, जिससे वे भारतीय उपभोक्ताओं के बीच एक लोकप्रिय विकल्प बन गये है। **(क्रमशः)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### तृणमूल विधायक के घर से इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने 19 घंट में निकाले 70 लाख

**बंगाल।** आयकर विभाग ने कथित कर चोरी के मामले में तृणमूल कांग्रेस के विधायक बायरन बिस्वास के आवास पर तलाशी के दौरान करीब 70 लाख रुपये नकद बरामद किये हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के समसेरगंज स्थित विधायक के आवास पर बुधवार को सुबह शुरू हुई तलाशी करीब 19 घंटे बाद देर रात खत्म हुई। अधिकारी ने कहा, हमने बायरन बिस्वास के आवास पर छापेमारी के दौरान 70 लाख रुपये नकद बरामद किए हैं। इस बात पर कोई स्पष्टता नहीं है कि इतनी बड़ी रकम वहां क्यों रखी गई थी। पीटीआई-ने जब विधायक से इस मामले पर संपर्क किया तो उन्होंने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

### पीड़ितों की अनदेखी पर होगी कार्रवाई : योगी

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित है कि पीड़ितों की मदद में विलंब और लापरवाही कतई नहीं होनी चाहिए। जनता की समस्याओं के समाधान में किसी तरह की लापरवाही हुई तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई भी तय है। किसी पीड़ित की समस्या के समाधान में अगर कहीं भी कोई दिक्कत आ रही है तो उसका पता लगाकर निराकरण कराया जाए और किसी स्तर पर जानबूझकर कर प्रकरण को लंबित रखा गया है तो संबंधित की जवाबदेही तय की जाए। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनने के दौरान दिए। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 300 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं।

### हलाल सर्टिफिकेट से जुटाए गए पैसों का इस्तेमाल आतंकवाद में

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक नितेश राणे ने गुरुवार को कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में 'हलाल-प्रमाणित' उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध की तरह, महाराष्ट्र में भी हलाल-प्रमाणित भोजन पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। बीजेपी नेता ने कहा कि हलाल सर्टिफिकेट के लिए इकट्ठा किया गया पैसा आतंकवाद के लिए इस्तेमाल किया गया। हलाल, जिहाद, लव जिहाद बड़ी चिंताएं हैं। भाजपा नेता नितेश राणे ने कहा कि हलाल सर्टिफिकेट के नाम पर जुटाए गए पैसों का इस्तेमाल आतंकवाद में किया जाता है। इसका इस्तेमाल हिंदू धर्म के खिलाफ किया जाता है। हमारे पास इससे जुड़े सारे सबूत हैं। जिस तरह उत्तर प्रदेश सरकार ने हलाल सर्टिफिकेट पर रोक लगाई है, उसी तरह महाराष्ट्र में भी इस पर रोक लगनी चाहिए। मैं इसके बारे में बात करूंगा। उन्होंने कहा कि दो कंपनियां हैं जो हलाल सर्टिफिकेट देती हैं और वे भी महाराष्ट्र से हैं।

### ताज महल से भी खूबसूरत होगी मस्जिद

# अयोध्या में बनेगी देश की सबसे बड़ी मस्जिद



**एजेंसी। अयोध्या**
सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल 9 नवंबर को अयोध्या में विवादित राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद स्थल पर राम मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया था। केंद्र को सुन्नी वक्फ बोर्ड को वैकल्पिक पांच एकड़ जमीन आवंटित करने का निर्देश दिया था। इसके बाद राज्य सरकार ने अयोध्या के धन्नीपुर गांव में पांच एकड़ जमीन आवंटित की। हाजी अरफात शेख ने कहा कि नई मस्जिद, जो भारत में सबसे बड़ी होगी, में केसर रंग में दुनिया की सबसे बड़ी कुरान होगी, जिसकी ऊंचाई 21 फीट और चौड़ाई 36 फीट होगी। मस्जिद में पहली नमाज मक्का के इमाम इमाम-ए-हरम अब्दुल रहमान ऐ-सुदैस अदा करेंगे।हाजी अरफात शेख ने कहा कि हमें पूरा विश्वास है कि यह मस्जिद ताज महल से भी ज्यादा खूबसूरत होगी। यह 'दावा और दुआ' का केंद्र होगी क्योंकि इसमें न केवल लोगों को नमाज पढ़ने की इजाजत होगी बल्कि 500 बिस्तरों वाला कैंसर अस्पताल भी होगा जिससे लोगों को फायदा होगा। यूपी से कोई भी कैंसर के इलाज के लिए मुंबई नहीं जाएगा। इसमें डेंटल, मेडिकल और इंजीनियरिंग के विभिन्न कॉलेज भी होंगे।

### गाजियाबाद में भी मिला कोरोना का एक मरीज, कराई जा रही सैंपलिंग और ट्रैकिंग

**गाजियाबाद।** कोरोना के नए वेरिएंट जेएन। 1 की दस्तक के बाद लोगों को एक बार फिर से एहतियात बरतने की सलाह दी जा रही है। दिल्ली के बाद गाजियाबाद में भी कोरोना का एक मामला रिपोर्ट किया गया है। स्वास्थ्य विभाग कोरोना के मामले को गंभीरता से ले रहा है। कोरोना संक्रमित मरीज की सैंपलिंग और ट्रैकिंग कराई जा रही है। हालांकि मरीज की कोई ट्रैवल हिस्ट्री नहीं है। जिला सर्विलांस अधिकारी राकेश कुमार गुप्ता के मुताबिक गाजियाबाद में कोरोना का एक केस रिपोर्ट हुआ है। 19 दिसंबर को दिल्ली के निजी लैब में कोविड -19 की जांच कराई गई थी जिसकी रिपोर्ट पॉजीटिव आई है।

### आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बिहार दौरे पर जदयू का हमला



**एजेंसी। पटना**
आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत तीन दिवसीय दौरे पर बिहार पहुंचे हैं। मोहन भागवत 21 दिसंबर से लेकर 23 दिसंबर तक बिहार में रहेंगे। जिसे लेकर बिहार पुलिस मुख्यालय की ओर से अलर्ट भी जारी कर दिया गया है। वहीं, मोहन भागवत के इस दौरे पर जदयू ने हमला भी बोला है। जदयू के प्रवक्ता नीरज कुमार ने गुरुवार को बयान जारी करते हुए भाजपा पर तंज कसा और कहा कि मोहन भागवत जी आपका बिहार दौरा और सांस्कृतिक संगठन होने का दावा करते हैं, लेकिन राजनीतिक कार्यक्रमों की समीक्षा यह बताता है कि आप फर्जी रूप से सांस्कृतिक संगठन होने का दावा करते हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हमारी उम्मीद है कि आप बिहार की जनता को यह जरूर बताइएगा कि बिहार में तो मंदिरों की घेराबंदी और श्मशान का विकास होता है लेकिन बीजेपी शासित राज्यों में मंदिर की घेराबंदी भी नहीं और श्मसान का विकास भी नहीं होता है।

### माओवादियों से निपटने के लिए सुरक्षाबलों के 11 नए शिविर स्थापित करने की योजना : डीजीपी



**भुवनेश्वर।** ओडिशा पुलिस ने बुधवार को कहा कि वह माओवादियों से निपटने के लिए राज्य के दूरदराज के इलाकों में 11 नए सीआरपीएफ/बीएसएफ शिविर स्थापित करेगी। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) सुनील बंसल ने यहां वामपंथी उग्रवाद पर रणनीति सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद यह जानकारी दी। बंसल ने कहा, हमारी दूर-दराज के इलाकों में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल/सीमा सुरक्षा बल के 11 नए सीओबी (कंपनी ऑपरेशन बेस) स्थापित करने की योजना है, क्योंकि माओवादी अपना दबदबा दिखाने के लिए हिंसा फैला सकते हैं। डीजीपी ने कहा कि बैठक में पुलिस आधुनिकीकरण, बुनियादी ढांचे, भवन, रसद और माओवादियों से निपटने से संबंधित अन्य मुद्दों पर भी चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि नए शिविरों की स्थापना से माओवादियों के खिलाफ लड़ाई और अधिक प्रभावी हो जाएगी। बंसल ने कहा कि पुलिस का ध्यान प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) के कंधमाल-कालाहांडी-बौध-नयागढ़ (केकेबीएन) और नयनपुरी संभागों की चुनौती से निपटने पर होगा।

### कनाडा में भारत विरोधी तत्वों को बढ़ावा देने के आरोप पर भारत अडिग, प्रधानमंत्री ट्रुडो का बयान अस्वीकार्य : विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो के इस बयान को खारिज कर दिया है कि गुरुपतवंत सिंह पन्नू प्रकरण में अमेरिका की कार्रवाई के बाद भारत के रुख में बदलाव आया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने पत्रकार वार्ता में कहा कि हमारी नीति पूर्ववत है। हमारा मानना है कि मुख्य मुद्दा कनाडा में उग्रवादी, आतंकवादी और भारत विरोधी तत्वों को गतिविधियां चलाने का अवसर दिया जा रहा है। भारत को उम्मीद है कि कनाडा सरकार ऐसे उग्र तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करेगी तथा उन्हें अभिव्यक्ति की आजादी का दुरुपयोग करने की छूट नहीं दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि कनाडा प्रधानमंत्री टुड्रो ने खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में भारतीय एजेंट का हाथ होने आरोप लगाया था। हालिया बयान में उन्होंने अमेरिकी अदालत में पन्नू की कथित हत्या की साजिश के मामले में आरोप पत्र दाखिल किए जाने का हवाला देते हुए कहा था कि इस कारण भारत के रवैये में नरमी आई है।

### लाल सागर सुरक्षा गठबंधन में शामिल होने पर फिलहाल फैसला नहीं : विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली।** भारत ने यमन के हूती विद्रोहियों की कार्रवाइयों के कारण लाल सागर और अरब सागर में व्यापारिक नौवहन को खतरे का मुकाबला करने के लिए अमेरिका की ओर से बनाए गए अंतरराष्ट्रीय गठबंधन में शामिल होने के बारे में अभी कोई फैसला नहीं किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची से गुरुवार को जब इस संबंध में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि यह एक नई पहल है। इस बारे में भारत की भूमिका पर फिलहाल कोई फैसला नहीं लिया गया है। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत स्वतंत्र नौवहन का पक्षधर है तथा समुद्री डकैती जैसे खतरों के बारे में वह अंतरराष्ट्रीय प्रयासों में साझेदार रहा है। उल्लेखनीय है कि हूती विद्रोहियों ने गाजा में इजराइल की सैन्य कार्रवाई के विरोध में लाल सागर और अरब सागर में इजराइल से जुड़े व्यापारिक जलयानों को निशाना बनाया है। अमेरिका के नेतृत्व में 10 देशों का एक गठबंधन बनाया गया है, जिनकी नौ सेनायें इस जल क्षेत्र में जलयानों की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। प्रवक्ता ने इजराइल में फिलिस्तीनी कामगारों के स्थान पर भारतीय कामगारों को भेजे जाने से इनकार किया। प्रवक्ता ने संसद में सरकार की ओर से दिए गए इस बयान का हवाला दिया कि फिलिस्तीनी कामगारों के स्थान पर भारत के लोगों को भेजे जाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

### मृत महिला को जिंदा बताकर किया रेफर

# परिजनों ने किया हंगामा अस्पताल छोड़कर भागे कर्मचारी



**एजेंसी। कुशीनगर**
कुशीनगर जिले में तमकुहीराज कस्बे के एनएच स्थित तहसील गेट के समीप के निजी अस्पताल मे इलाज के दौरान प्रसूता (महिला) की मौत हो गई। निजी अस्पताल के डॉक्टरों ने महिला को गंभीर बता गोरखपुर निजी अस्पताल रेफर कर दिया। वहां पहुंचते ही डॉक्टरों ने महिला को मृत बता दिया। इससे नाराज परिजनों ने मृत प्रसूता के शव को लेकर वापस कस्बे के निजी अस्पताल पहुंचे और हंगामा करने लगे। उन्होंने लापरवाहीपूर्वक इलाज का आरोप लगाया। निजी अस्पताल संचालक और सहयोगी स्टॉफ मौके से गायब हो गए। जानकारी के बाद पहुंची तमकुहीराज पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि तरयासुजान थाना क्षेत्र के ओझवलिया निवासी मिट्ठू पटेल की पत्नी सपना देवी (22) को बुधवार रात करीब आठ बजे प्रसव पीड़ा के बाद परिजन तमकुहीराज कस्बे के एनएच स्थित तहसील गेट के समीप निजी हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। देर रात करीब 11 बजे प्रसूता सपना देवी को सामान्य प्रसव से बेटी का जन्म हुआ। प्रसूता महिला का इलाज निजी अस्पताल में जारी रहा। बृहस्पतिवार सुबह करीब पांच बजे प्रसूता की तबियत बिगड़ी। मौके पर मौजूद डॉक्टर ने इलाज शुरू किया लेकिन प्रसूता की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि मौत की जानकारी दिए बगैर प्रसूता को गंभीर बताकर गोरखपुर रेफर कर दिया गया।

### अंजुमन ने की ज्ञानवापी सर्वे रिपोर्ट दिए जाने की मांग

# अब तीन जनवरी को होगी सुनवाई



**एजेंसी। वाराणसी**
वाराणसी में ज्ञानवापी परिसर के भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) सर्वे रिपोर्ट को देने की मांग अब अंजुमन ने भी की है। ई-मेल के जरिये अंजुमन ने दो सील बंद लिफाफे में दाखिल सर्वे रिपोर्ट को देने की मांग की है। रिपोर्ट सार्वजनिक करने के मामले में अब तीन जनवरी को सुनवाई होगी। इसी दौरान फैसला आ सकता है। वहीं जिला जज डॉ अजय कृष्ण विश्वशेश की अदालत में दो सील बंद लिफाफे में दाखिल ज्ञानवापी की सर्वे रिपोर्ट को सार्वजनिक किए जाने पर फैसला अभी सुरक्षित रखा गया है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने 18 दिसंबर को रिपोर्ट दाखिल की थी। हिंदू पक्ष ने जहां सर्वे रिपोर्ट की प्रति तत्काल दिए जाने का अनुरोध किया है, वहीं मुस्लिम पक्ष ने आपत्ति जताई है। मुस्लिम पक्ष का कहना है कि रिपोर्ट की प्रति यह शपथ पत्र लेकर दी जाए कि वह लीक नहीं की जाएगी। रिपोर्ट की मीडिया कवरेज पर भी रोक लगाने की मांग रखी गई है।

### आय से अधिक संपत्ति मामला : मद्रास हाई कोर्ट ने तमिलनाडु के मंत्री को सुनाई तीन वर्ष की सजा



**एजेंसी। मद्रास**
मद्रास उच्च न्यायालय ने आय के ज्ञात स्त्रोतों से अधिक संपत्ति मामले में बृहस्पतिवार को तमिलनाडु के उच्च शिक्षा मंत्री के. पोनमुडी को तीन साल की सजा सुनाई। सजा सुनाए जाने के साथ ही पोनमुडी की विधानसभा की सदस्यता समाप्त हो गई और मंत्री पद भी चला गया। मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जयचंद्रन ने पोनमुडी की पत्नी पी. विसालाक्षी को भी तीन वर्ष की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने पोनमुडी और उनकी पत्नी दोनों पर 50-50 लाख का जुमार्ना भी लगाया। उच्च न्यायालय ने पोनमुडी और उनकी पत्नी को पहले ही दोषी करार दे दिया था, लेकिन सजा आज सुनाई। आरोपियों की ओर से पेश वरिष्ठ वकील एन आर एलांगो ने अदालत से अनुरोध किया कि उन्हें उच्चतम न्यायालय के समक्ष विशेष अनुमति याचिका और सजा निलंबित करने के संबंध में याचिका दाखिल करने की मोहलत दी जाए। न्यायाधीश ने उन्हें 30 दिन की मोहलत दी और सजा के अमल पर 30 दिन के लिए रोक लगा दी। न्यायाधीश ने कहा कि इस अवधि के समाप्त होने पर उन्हें विल्लुपुरम में निचली अदालत के समक्ष पेश होना होगा। कानूनी विशेषज्ञों के अनुसार, सजा सुनाए जाने के बाद पोनमुडी की विधानसभा की सदस्यता समाप्त हो गई और मंत्री पद उनके हाथ से गया।

### भाजपा आवारा कुत्तों के प्रति सम्मान बहाल करने को लेकर समर्पित है: विजय गोयल



**एजेंसी। नई दिल्ली**
भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता विजय गोयल ने बुधवार को कहा कि उनकी पार्टी आवारा कुत्तों के प्रति सम्मान बहाल करने को लेकर समर्पित है। भाजपा नेता ने कुत्तों की नसबंदी, टीकाकरण और मुआवजे के महत्व पर जोर दिया। गोयल ने राष्ट्रीय राजधानी में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आवारा कुत्तों के लिए समर्पित उनके नए मंच सेंटर फॉर स्ट्रे डॉग प्रॉब्लम्स का उद्देश्य जनता से समर्थन जुटाना है। गोयल ने कहा कि सेंटर फॉर स्ट्रे डॉग प्रॉब्लम्स आवारा कुत्तों के कारण उत्पन्न चुनौतियों का समाधान करने, सार्वजनिक सुरक्षा और आवारा कुत्तों के साथ मानवीय व्यवहार पर ध्यान केंद्रित करता है। उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य आवारा कुत्तों के प्रति सम्मान बहाल करना है और साथ ही उनकी बढ़ती संख्या से उत्पन्न चुनौतियों का सक्रिय तरीके से समाधान तलाशना है।

### निर्वाचन वेयरहाउस में लगी आग, ईवीएम मशीन जली

# सिटी मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में जांच टीम का गठन



**एजेंसी। फरुर्खाबाद**
फरुर्खाबाद जिले में कलक्ट्रेट परिसर स्थित निर्वाचन वेयरहाउस में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से बड़ी तादाद में ईवीएम जल गईं। बुधवार सुबह जानकारी पर पहुंची दो फायरब्रिगेड से करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग लगने का कारण व लापरवाही की जांच के लिए डीएम ने कमेटी गठित कर दी। निर्वाचन उपायुक्त ने भी मौके पर पहुंचकर जांच की। निर्वाचन कार्यालय के तीन मंजिल भवन के बेसमेंट में वेयरहाउस है। पिछले दिनों ईवीएम की फर्स्ट लेवल चेकिंग (एफएलसी) के बाद बची हुई ईवीएम वेयरहाउस में रखवाई गई थीं। इसकी सुरक्षा में एक दीवान व चार सिपाही की गार्द तैनात रहती है। वेयरहाउस में 762 बैलेट यूनिट, 78 कंट्रोल यूनिट व 338 वीवीपैट रखे थे। मंगलवार रात किसी समय वेयरहाउस में आग लग गई। बुधवार सुबह करीब सात बजे धुआं उठता देख जानकारी हुई। इससे प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए। आनन-फानन सिटी मजिस्ट्रेट सतीश चंद्र, एसडीएम सदर गजराज सिंह व कर्मचारी पहुंचने के साथ फायरब्रिगेड बुलाई गई। भवन के पीछे पंपिंग सेट (छोटी फायरब्रिगेड) से, जबकि सामने से फायरब्रिगेड से वेयरहाउस में पानी डाला गया। पूरे भवन में धुआं भरने से कोई अंदर नहीं घुस सका। आग पर काबू मिलते न देख भवन के पीछे की दीवार बेल्चा से तोड़कर पंपिंग सेट से पानी डाला गया। करीब 10 बजे आग पर काबू पाया जा सका। कर्मचारियों को लगाकर जली हुईं मशीनें, बैटरी, बक्से व अभिलेख आदि बाहर निकालकर पास ही स्थित दूसरे वेयरहाउस में रखवाए गए।

## संसद सुरक्षा उल्लंघन मामले में सेवानिवृत्त डीएसपी के बेटे को हिरासत में लिया गया



**एजेंसी। बंगलूर**
दिल्ली पुलिस ने संसद में सुरक्षा उल्लंघन के मामले में कर्नाटक के एक युवक को हिरासत में लिया है। आधिकारिक सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पेशे से इंजीनियर और सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) के बेटे साईकृष्ण जगली को बुधवार रात जिला मुख्यालय बागलकोट के विद्यागिरी स्थित उसके घर से पकड़ा गया। जगली बेंगलुरु में एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में काम करता है और मैसूरु निवासी मनोरंजन डी का दोस्त बताया जाता है। जगली पिछले हफ्ते लोकसभा कक्ष में घुसपैठ करने वाले दो घुसपैठियों में से एक था। सूत्रों ने बताया कि जगली अपने कॉलेज के दिनों में मनोरंजन का रूममेट भी था, दोनों छात्रावास में एक ही कमरे में साथ रहते थे। जगली की बहन स्पंदा ने कहा कि दिल्ली पुलिस की एक टीम आई और उसके भाई को अपने साथ ले गई। स्पंदा ने कहा, यह सच है कि दिल्ली पुलिस आई थी। मेरे भाई से पूछताछ की गई। हमने पूछताछ में पूरा सहयोग किया। स्पंदा ने कहा कि उसके भाई ने कुछ भी गलत नहीं किया है। उसने कहा, मनोरंजन और साईकृष्ण जगली दोनों रूममेट थे। वर्तमान में मेरा भाई घर से काम करता है।

### दिल्ली में फुट-ओवर ब्रिज से गिरकर स्कूल के छात्र की मौत, लौट रहा था घर

**नई दिल्ली।** उत्तरपूर्वी दिल्ली में वजीराबाद सड़क पर एक फुट-ओवर ब्रिज से गिरकर 16 वर्षीय एक स्कूली छात्र की मौत हो गई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना बुधवार दोपहर करीब पौने दो बजे हुई जब कक्षा नौ का छात्र गाजियाबाद में अपने घर लौट रहा था। गंभीर रूप से घायल छात्र को जीटीबी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस उपायुक्त (उत्तरपूर्व) जॉय तिर्की ने बताया, छात्र करीब छह मीटर की ऊंचाई से नीचे गिरा जिससे उसे गंभीर चोटें आई। अधिकारी के अनुसार, घटना के दौरान छात्र के साथ मौजूद उसके सहपाठी ने पुलिस को बताया कि गिरने से पहले वह ग्रिल पर झूल रहा था। पुलिस ने संबंधित प्राधिकरण के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 336 (दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालने वाला कार्य) और 304ए (लापरवाही के कारण मौत) के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

### सरकार आपके द्वार के तहत पंडरा में शिविर का आयोजन

## डेढ़ हजार आवेदनों का हुआ त्वरित निष्पादन



**नवीन मेल संवाददाता। रातू**
आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्रखंड के पंडरा पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सरकार की प्रमुख योजनाएं अबुआ आवास योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सोना-सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना एवं अन्य योजनाओं का स्टॉल लगाया गया था। पंचायत सचिवालय में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में ग्रामीणों की ओर से कुल 1679 आवेदन दिया गया। जिसमे सिर्फ अबुआ आवास के लिए 71 आवेदन दिया गया है। आधार पंजीकरण के लिए 6, आधार कार्ड में सुधार के लिए 106, कंबल वितरण 393,धोती साड़ी व लुंगी वितरण 525, गुरुजी क्रेडिड कार्ड के लिए 3, मुख्यमंत्री पशुधन योजना 10, विविध सेवा 425,सर्वजन पेंशन योजना 21,जन्म मृत्यु प्रमाणपत्र के लिए 17 व जन्म प्रमाणपत्र में संसोधन के लिए 2 आवेदन दिया गया। इसके अलावा ग्रामीणों ने मनरेगा, 15 वे वित्त आयोग, बिरसा सिंचाई कुप, जाति प्रमाण पत्र, स्वास्थ्य जांच 100, ऑनलाइन भू अभिलेख में सुधार, राशन कार्ड में संशोधन ,लगान रसीद आय प्रमाण पत्र सावित्रीबाई फूल किशोरी समृद्धि योजना, बिजली से संबंधित समस्याएं, किसान क्रेडिट कार्ड, श्रमदान पोर्टल नया पंजीकरण, राजस्व अभिलेख में संशोधन से संबंधित एक भी आवेदन नही दिया गया। वही शिविर में ही 1443 आवेदनो का त्वरित कार्रवाई करते हुये निष्पादन किया गया। कार्यक्रम में बीडीओ हरी शंकर बारीक, प्रमुख संगीता देवी, बीएसओ अभिषेख कुमार, पंचायत सेवक,सीआई संतोष उरांव, झामुमो के बेलाल अंसारी, महिला प्रसार पदाधिकारी अर्चना सिंह, अबुआ आवास के बीपीएम अल्बर्ट एंथो, अबु रेहान, इमरान खान ,मुखिया पंचायत समिति सदस्य व वार्ड सदस्य आदि लोग मौजूद थे।

## रांची यूनिवर्सिटी की टीम नॉर्थ ईस्ट जोनल आर्चरी टूर्नामेंट में साधेगी निशाना



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**
23-26 दिसंबर 23 से अयोजित होने वाले नॉर्थ ईस्ट जोनल आर्चरी टूनामेंट में शामिल होने के लिए रांची यूनिवर्सिटी टीम टाटा जम्मूतवी ट्रेन से रवाना हुई। टीम में कुल 24 खिलाड़ी साधेगे निशान। जिसमे सिल्ली कॉलेज, राम लखन कॉलेज, बिरसा कॉलेज खूंटी, एस एस मेमरोयल कॉलेज के खिलाड़ी शमिल है ।टीम में शामिल रिकर्व इवेंट बालक वर्ग में अभिषिक कुमार, राहुल कुमार, सचिन कुजूर, प्रधान सिंकु। बालिका वर्ग में अग्नि कुमारी, साबित्री कुमारी, सरिता कुमारी, अनुराधा कुमारी। कंपाउंड इवेंट में बालक पवन प्रमाणिक, रोशन भगत, सुनील, चंदन शाही मुंडा। बालिका में बबिता कुमारी, सविता कुमारी, अंजनी कुमारी, रीना कुमारी।इंडेन राउंड में बालक रोहित कुमार, उमेश मंडल, अपूर्वा महतो, समीर बालिका में वर्षा खालको, काजल कुमारी, अंकू कुमारी, धेमता कुमारी शमिल है रांची यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार मुकुंद मेहता ने शुभकामनाओं के साथ विदा किए।

## एक नजर

### सीएसके के साथ जुड़ना बेहद रोमांचकः रचिन रवींद्र

**नेल्सन।** न्यूजीलैंड के उभरते हुए हरफनमौला खिलाड़ी रचिन रवींद्र ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी संस्करण के लिए चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) जैसी अद्भुत और ऐतिहासिक फ्रेंचाइजी के साथ जुड़ना उनके लिए बेहद रोमांचक एहसास है। मंगलवार को दुबई में नीलामी में पंजाब किंग्स के मैदान में आने से पहले सीएसके और दिल्ली कैपिटल्स ने रवींद्र को हासिल करने के लिए एक दूसरे को कड़ी टक्कर दी लेकिन बाजी चेन्नई ने मारी और 1.8 करोड़ रुपये में इस कीवी खिलाड़ी को अपने साथ जोड़ा। चेन्नई के साथ जुड़ना बेहद खास है क्योंकि मैं आईपीएल देखते हुए बड़ा हुआ हूं और अब एक अद्भुत और ऐतिहासिक फ्रेंचाइजी के साथ जुड़ना शानदार है। इसके अलावा, कई कीवी लोगों के साथ शामिल होने के लिए मुख्य कोच के रूप में फ्लेम (स्टीफन फ्लेमिंग), डैज (डेरिल मिचेल), डेवोन कॉनवे और मिशेल सेंटनर के साथ, यह जाने के लिए एक अद्भुत टीम है।

### पाकिस्तान को लगा झटका, शहजाद ऑस्ट्रेलिया सीरीज से बाहर

**मेलबर्न।** शान मसूद की अगुवाई में पहले टेस्ट मैच में अपना टेस्ट डेब्यू करने वाले पाकिस्तान के खुर्रम शहजाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं। पाकिस्तान टीम के लिए यह एक बड़ा झटका है। यह गेंदबाज शानदार फॉर्म में था। डेब्यू मैच में तेज गेंदबाज खुर्रम शहजाद चोटिल हो गए। उन्हें दर्द की शिकायत हुई जिसके बाद उन्हें एमआर आई स्कैन के लिए ले जाया गया है। खुर्रम के चोटिल होने की जानकारी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने शेयर की है। किस्तान क्रिकेट बोर्ड ने गुरुवार को एक बयान में कहा, पसली में स्ट्रेस फ्रैक्चर और पेट की मांसपेशियों में चोट के कारण खुर्रम शहजाद को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर कर दिया गया है। जांच के बाद वो लाहौर में एनसीए लौट आएंगे, जहां वह पूरी तरह फिट होने तक रिहैब में रहेंगे।

### अर्जुन पुरस्कार चयन के बाद स्क्वैश खिलाड़ी हरिंदर संधू बेहद खुश

**चेन्नई।** भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी हरिंदर पाल सिंह संधू, जो उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए इस साल के अर्जुन पुरस्कार के लिए चुने गए 26 खिलाड़ियों में से एक हैं, ने प्रतिष्ठित राष्ट्रीय खेल पुरस्कार के लिए चुने जाने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा, मैं चाँद पर हूँ। 34 वर्षीय खिलाड़ी ने इस साल हांगझाऊ में एशियाई खेलों में दो स्वर्ण पदक जीते - पुरुष टीम स्पर्धा में और दीपिका पल्लीकल के साथ मिश्रित युगल में। संधू, भुवनेश्वरी कुमारी, सौरव घोषाल, दीपिका, जोशना चिनप्पा और अनाका अलंकामोनी के बाद अर्जुन पुरस्कार जीतने वाले छठे स्क्वैश खिलाड़ी बन जाएंगे। भारतीय स्क्वैश अकादमी जिसने मुझे 2003 से एक खिलाड़ी के रूप में तैयार किया है, स्क्वैश रैकेट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया और एन रामचंद्रन को उनके अटूट समर्थन के लिए, तमिलनाडु के खेल विकास प्राधिकरण, मेरी टीम के साथी और सबसे बढ़कर अकादमी में निष्पक्ष खेल संस्कृति।

# बृजभूषण सिंह के करीबी संजय सिंह बने कुश्ती संघ के अध्यक्ष

**अध्यक्ष**- संजय कुमार सिंह-यूपी
**वरिष्ठ उपाध्यक्ष**- देवेन्द्र- असम

**उपाध्यक्ष**
**असित कुमार साहा-पश्चिम बंगाल**
**जय प्रकाश- दिल्ली**
**करतार सिंह-पंजाब**
**एन. फोनी-मणिपुर**

**एजेंसी। रांची/नई दिल्ली**
बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष का चुनाव जीत गए हैं. उन्होंने अपनी प्रतिद्वंदी अनीता श्योराण को शिकस्त दी है। बता दें कि इससे पहले बृजभूषण शरण सिंह ने दावा भी किया था कि कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह ही बनेंगे। गुरुवार को डब्लूएफआई के कुल 15 पदों पर चुनाव हुए, जिसमें संजय सिंह अध्यक्ष चुने गये। इस चुनाव में संजय सिंह की उम्मीदवारी पर आपत्ति जताई जा रही थी, क्योंकि वो बृजभूषण शरण सिंह के करीबी हैं। अध्यक्ष पद के अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष के 4 पदों, महासचिव, कोषाध्यक्ष, संयुक्त सचिव के 2 पदों और 5 कार्यकारी सदस्यों का चुनाव हुआ. झारखंड के रजनीश कुमार कार्यकारी सदस्य चुने गये है. बता दें कि भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष पद पर पिछले 12 साल से बृजभूषण शरण सिंह थे। साल 2011 से लगातार तीन बार वो कुश्ती संघ के अध्यक्ष चुने गए. चुनाव की प्रक्रिया इस साल जुलाई में शुरू हुई थी, लेकिन कोर्ट केसेज के कारण ये चुनाव टलता गया।

## साक्षी मलिक ने डब्ल्यूएफआई के नए अध्यक्ष के चुनाव से थी निराश

**साक्षी का पूरा बयान**

**अंधकार में है कुश्ती का भविष्य- विनेश फोगाट** : साक्षी के कुश्ती से संन्यास के ऐलान के बाद विनेश फोगाट भावुक हो गईं। उन्होंने कहा, यह वास्तव में बहुत ही दुखद है। हमने लड़ने की कोशिश की, लेकिन जीत हासिल नहीं कर सके। मुझे नहीं पता कि न्याय कैसे मिलेगा, हमने न्याय के लिए आवाज उठाने वाले हर व्यक्ति तक पहुंचने की कोशिश की। मैं युवा एथलीटों से कहना चाहती हूं कि अन्याय का सामना करने के लिए तैयार रहें। कुश्ती का भविष्य अंधकार में है।

**बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ किया था आंदोलन** : पहलवानों ने एक नाबालिग पहलवान समेत 7 महिला पहलवानों ने बृजभूषण पर यौन शोषण के आरोप लगाए थे। इसे लेकर पहलवानों ने जमकर प्रदर्शन किया था। साक्षी उस आंदोलन का हिस्सा थी। संन्यास की घोषणा करते हुए उन्होंने कहा, मैंने लड़ाई पूरे दिल से लड़ी, लेकिन अगर अध्यक्ष बृजभूषण की तरह ही रहेगा तो मैं अपनी कुश्ती को त्याग रही हूं। साक्षी अपने इस बयान के बाद फूट-फूटकर रोने लगीं।




### खेलकूद के तीसरे दिन कई प्रतियोगिता आयोजित, पुरस्कृत हुए विजेता

# खेल भी शिक्षा का अभिन्न अंग : प्राचार्य

**एजेंसी। बरही**
वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता के तीसरे दिन रेनबो विद्यालय में बतौर मुख्य अतिथि इंटर महाविद्यालय ने प्राचार्य अरुण कुमार दुबे, विशिष्ट अतिथि बरही प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजदेव गुप्ता आदि सहित कई लोग शामिल हुए. तीसरे दिन खो-खो, शाटपुट, जेबलिंग, कबड्डी, लंबी कूद, वॉलीबॉल, टग ऑफ वार, 50 मीटर, सौ मीटर की रेस आदि सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. जिसमे नर्सरी से कक्षा नवमी तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया. वॉलीबाल, कबड्डी और जूनियर टैग ऑफ वार, लडको के खो-खो में अंबेदकर हाउस, लड़कियों के खो-खो में चंद्रशेखर हाउस विजेता रहा. सभी विजेताओं को अतिथियों के हाथो मेडल और शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया. मुख्य अतिथि प्राचार्य श्री दुबे ने कहा कि जीवन में खेलकूद का काफी महत्तव है. स्कूल स्तर से ही छात्रों में आगे बढ़ने की प्रवृत्ति जागृत होती है. इसके अलावा खेलकूद से विद्यार्थियों का स्वास्थ्य व मस्तिष्क सुदृढ़ होता है. उन्होंने कहा कि खेल भी शिक्षा का एक अभिन्न अंग है।



## दक्षिण अफ्रीका ने समग्र रूप से बेहतर प्रदर्शन किया : मार्करम

**एजेंसी। गकेबरहा**
दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्करम मंगलवार रात सेंट जॉर्ज पार्क में दूसरे वनडे में भारत पर अपनी टीम की आठ विकेट की जीत से काफी खुश हैं और उन्होंने कहा कि उनकी टीम का समग्र प्रदर्शन काफी बेहतर है। वह जोहान्सबर्ग में श्रृंखला के शुरूआती मैच में हार गए थे। तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर ने 30 रन देकर 3 विकेट लिए, जबकि केशव महाराज और ब्यूरन हेंड्रिक्स ने क्रमशः 2/51 और 2/34 विकेट लेकर भारत को 211 रन पर समेट दिया, बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज टोनी डी जोरजी ने 122 गेंदों पर नाबाद 119 रन की शानदार पारी खेली। उन्हीने 42.3 ओवर में लक्ष्य का सफल पीछा करने के लिए नौ चौके और छह छक्के लगाए। कुछ दिन पहले की तुलना में समग्र प्रदर्शन काफी बेहतर है. गेंद और क्षेत्ररक्षण में काफी बेहतर। जब सलामी बल्लेबाज बल्लेबाजी के लिए उतरे तो उन्होंने (जोरजी और रीजा हेंड्रिक्स) 100 रन की साझेदारी की और मैच तैयार किया - यह बहुत अच्छा था।''मैच समाप्त होने के बाद मार्करम ने कहा, वह स्वीकार्य प्रदर्शन नहीं था।

### शमी-मोहित के साथ खेलना मजेदार, जीटी में शामिल होने पर बोले उमेश यादव

**नई दिल्ली।** भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज उमेश यादव, जिन्हें दुबई में आईपीएल 2024 की नीलामी में गुजरात टाइटंस ने 5.8 करोड़ रुपये में खरीदा था। उन्होंने अपने पुराने दोस्तों (शमी और मोहित) के साथ खेलने की संभावना को लेकर उत्साह व्यक्त किया। उमेश यादव ने ब्रॉडकास्टर्स जियो सिनेमा से कहा, काफी समय हो गया है जब शमी, मोहित शर्मा और मैं 2015 विश्व कप टीम का हिस्सा थे। वे यादें वापस आ रही हैं। जिस तरह से शमी अब गेंदबाजी कर रहे हैं, मुझे लगता है कि हमें बहुत मजा आएगा।

## क्वाटर फाइनल जीत एसएस मेमोरियल और मारवाड़ी कॉलेज सेमीफाइनल में

**एजेंसी। लोहरदगा**
स्थानीय बीएस कॉलेज लोहरदगा में चल रही रांची विवि कॉलेज स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में आज क्वाटर फाइनल मुकाबले सम्पन्न हो गए। आज खेले गए मुकाबलों में एसएस मेमोरियल और मारवाड़ी कॉलेज अपने अपने मैच जीत कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर गए। बी एस कॉलेज लोहरदगा और गोस्सनर कॉलेज पहले ही सेमीफाइनल में जा चुके हैं। आज पहला क्वाटर फाइनल मुकाबला एसएस मेमोरियल कॉलेज और डोरंडा कॉलेज के बीच खेला गया, जिसमें डोरंडा कॉलेज ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 22.3 ओवर में 94 रन बनाए। जवाब में एसएस मेमोरियल की टीम ने 13.5 ओवर में 3 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। मुकाबले में शानदार गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण के लिए एसएस मेमोरियल के अभिषेक को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। दूसरे क्वाटर फाइनल मुकाबले में आरएलएसवाई कॉलेज ने मारवाड़ी कॉलेज के खिलाफ टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 27.3 ओवर में 104 रनों का स्कोर बनाया।



### वीरेंद्र भगत फुटबॉल टूर्नामेंट में मेकन जीता

**रांची।** गुरुवार को सरना रत्न दादा वीरेंद्र भगत स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट का क्वार्टर फाइनल मैच खेला गया। जिसमें पहला मैच मेकन स्पोर्ट्स बनाम भगत इलेक्ट्रॉनिक परहेपाट के बीच हुई। जिसमें पेनाल्टी शूटआउट में मेकन स्पोर्ट्स विजय रही जबकि दूसरा मुकाबला पांच घरवा एफसी बनाम केवाइसी रांची के बीच खेला गया। इस दौरान फुटबॉल खेल प्रेमियों से मैदान खचाखच भरा रहा। इस अवसर पर अध्यक्ष नारायण उरांव, मुख्य संरक्षक अमर उरांव उपाध्यक्ष झरी लिंडा, हेमंत गाड़ी, सचिव राजु तिग्गा उप सचिव पंकज टोप्पो, कोषाध्यक्ष सुधीर गाड़ी, उप कोषाध्यक्ष सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## जीएम ग्रुप ऑफ कॉलेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का श्री गणेश

**एजेंसी। हजारीबाग**
पीडब्ल्यूडी चौक स्थित जीएम ग्रुप ऑफ कॉलेज के वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरुवार को मुख्य अतिथि विभावी एनएसएस प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर जॉनी रूफिना तिर्की, ग्रुप ऑफ कॉलेज के निदेशक शंभू कुमार ,महाविद्यालय के प्राचार्य विनय कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित तथा स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर कर्जन खेल मैदान में किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एनएसएस समन्वयक जॉनी रूफिना तिर्की ने कहा कि खेल मानव जीवन का अभिन्न हिस्सा है और युवा वर्ग इसमें अपना करियर भी बना सकते हैं। मौके पर महाविद्यालय के निदेशक शंभू कुमार ने कहा कि महाविद्यालय के प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में हम पीछे नही हटेंगे। वही महाविद्यालय के प्राचार्य विनय कुमार ने खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते हुए कहा जो खिलाड़ी राज्य व राष्ट्र स्तर पर खेलेंगे उन विद्यार्थियों को महाविद्यालय निशुल्क शिक्षा प्रदान करेगा इस वार्षिक खेल प्रतियोगिता का समापन आगामी 26 दिसंबर को होगा। प्रतियोगिता में 15सौ,4 सौ तथा 100



## व्यापार

# वित्तमंत्री निर्मला और विश्व बैंक प्रमुख बंगा ने भारत के जी20 प्रस्तावों को लेकर आगे



**एजेंसी। नई दिल्ली**
विश्व बैंक समूह के अध्यक्ष अजय बंगा ने बुधवार को यहां एक बैठक में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को बताया कि बहुपक्षीय वित्तीय संस्थान ने भारत की जी20 अध्यक्षता के तहत स्वतंत्र विशेषज्ञ समूह द्वारा की गई सिफारिशों का अध्ययन करने के लिए एक टास्क फोर्स टीम का गठन किया है। उन्होंने कहा कि विश्व बैंक ने अगले कुछ वर्षों में ध्यान केंद्रित करने के लिए आठ अद्वितीय वैश्विक चुनौतियों की पहचान की है, क्योंकि वे कई देशों को प्रभावित करती हैं और उन पर ध्यान देने की जरूरत है। वित्त मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, निर्मला ने इस बात पर भी जोर दिया कि विश्व बैंक की देश जलवायु और विकास रिपोर्ट प्रक्रिया में देश की प्राथमिकताओं और परिस्थितियों को ध्यान में रखा जाना चाहिए। उन्होंने विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित परियोजनाओं में वित्त प्लस/बजट प्लस तत्वों पर विशेष जोर देने के साथ परियोजनाओं के कार्यान्वयन में एक समन्वित दृष्टिकोण की संभावना तलाशने की विश्व बैंक की जरूरत पर जोर दिया।

## धार्मिक, पर्यटन स्थलों तक पहुंच के लिए राजमार्ग पर 1.5 लाख करोड़ रुपए खर्च

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने महत्वपूर्ण पर्यटक और धार्मिक स्थलों की कनेक्टिविटी में सुधार के लिए 1,49,758 करोड़ रुपये के आवंटन की घोषणा की है। इसके लिए लगभग 8,544 किलोमीटर की 321 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं शुरू की गई हैं। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को लोकसभा को ये जानकारी दी। मंत्रालय मुख्य रूप से राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) के विकास और रखरखाव के लिए जिम्मेदार है। नेशनल हाईवे का विकास सरकार के दृष्टिकोण के साथ पीएम गति शक्ति सिद्धांत पर नेटवर्क योजना के बाद किया जा रहा है। महत्वपूर्ण आर्थिक, पर्यटक और धार्मिक स्थलों के लिए कनेक्टीविटी में सुधार के लिए सड़क किनारे सुविधा (डब्ल्यूएसए), पर्याप्त साइनेज, सौंदर्यीकरण पर खर्च शामिल है। मंत्री ने एक लिखित उत्तर में कहा, इस तरह पर्यटन/धार्मिक स्थलों के विकास के लिए किसी डेडिकेटेड फंड की कोई जरूरत नहीं है। मंत्री द्वारा 21 राज्यों में राष्ट्रीय राजमार्गों पर किए गए आवंटन प्रस्तुत किए गए, जिनमें उत्तराखंड (13,181 करोड़ रुपए), केरल (12,427 करोड़ रुपए), तमिलनाडु (10,601 करोड़ रुपए), बिहार (10,028 करोड़ रुपए), उत्तर प्रदेश (7,721 करोड़ रुपए), राजस्थान (6,274 करोड़ रुपए), गुजरात (6,902 करोड़ रुपए) और पश्चिम बंगाल (5,361 करोड़ रुपये) शामिल हैं।

# कोविड के बाद दुनियाभर में कर्ज में बढ़ोतरी एक बड़ी चिंताः रिपोर्ट

**एजेंसी। नई दिल्ली**
क्रेडिट रेटिंग एजेंसी केयरएज रेटिंग की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, कोविड-19 के बाद वैश्विक कर्ज में वृद्धि एक बड़ी चिंता का विषय है। यह 2022 में 92 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जो वैश्विक जीडीपी का लगभग 92 प्रतिशत है। 2020 की शुरूआत से अब तक लगभग 19 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर या वैश्विक सार्वजनिक ऋण का लगभग 20 प्रतिशत ऋण जमा हो चुका है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के आंकड़ों के अनुसार, वैश्विक ऋण साल 2028 तक 132 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। केयरएज रेटिंग्स की एक रिपोर्ट से पता चलता है कि कोविड महामारी के बाद वैश्विक ऋण में वृद्धि एक बड़ी चिंता के रूप में उभर कर सामने आई है। 2008 के वैश्विक वित्तीय संकट के बाद के विभिन्न ऋण चक्रों के विश्लेषण से पता चलता है कि कोविड के बाद ऋण के स्तर में तेजी से वृद्धि के कारण ऋण संकट में लगातार वृद्धि हुई है, जिससे कम आय वाले देशों में डिफॉल्ट जोखिम बढ़ गया है। केयरएज रेटिंग ग्रुप के प्रबंध निदेशक और सीईओ मेहुल पंड्या ने कहा, महामारी के बाद एडवांस्ड और ईएमडीई में ऋण स्तर में तेजी से वृद्धि हुई है। कई उन्नत अर्थव्यवस्थाएं लो इंटरेस्ट रेट का फायदा उठा रही हैं। लेकिन अब, ब्याज दरें लंबी अवधि तक ऊंची रहने के साथ, उन्हें बढ़ती ऋण सेवा लागत का दर्द महसूस होगा। केयरएज रेटिंग्स की मुख्य अर्थशास्त्री रजनी सिन्हा ने कहा, वैश्विक ऋण में हालिया उछाल इसकी तेज वृद्धि और भारी मात्रा दोनों में उल्लेखनीय है। ऋण के स्तर में तेज वृद्धि के साथ, ऋण संकट की मात्रा भी लगातार बढ़ रही है।



**2022 में कर्ज 92 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जो वैश्विक जीडीपी का लगभग 92 प्रतिशत है**

## हृदय रोग संबंधी परीक्षण में कर सकेंगे 2500 से 12 लाख तक खर्च

# सीजीएचएस कार्डधारक कर्मियों व पेंशनर्स को तोहफा

**ब्यूरो। नई दिल्ली**
केंद्र सरकार में सीजीएचएस कार्ड होल्डर कर्मियों व पेंशनरों को अब हृदय की बीमारी से संबंधित 42 परीक्षणों के लिए रेट तय कर दिए गये हैं। यह रेट 2500 रुपये से लेकर 12 लाख रुपये तक हैं। नेशनल एक्रीडिटेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल्स एंड हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स (एनएबीएच) से मान्यता प्राप्त किसी अस्पताल या लैब में ये रेट कुछ ज्यादा हैं, जबकि नॉन एनएबीएच अस्पताल में इन परीक्षणों का खर्च थोड़ा कम है। सीजीएचएस में 15,75,087 कार्ड होल्डर हैं, जिनमें से 6,97,407 सेवारत्त कर्मचारी और 8,77,681 पेंशनर हैं। लाभार्थियों की संख्या 44,46,369 है। इनमें से 26,35,665 सेवारत्त कर्मचारी और 18,10,707 पेंशनर हैं। अगर किसी लाभार्थी को बैलून कोरोनरी एंजियोप्लास्टी/पीटीसीए, टैस्ट नेशनल एक्रीडिटेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल्स एंड हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स (एनएबीएच) अस्पताल में करानी है, तो उसके लिए 92000 रुपये देने होंगे। अगर यही टेस्ट नॉन एनएबीएच अस्पताल में कराते हैं, तो उसके लिए सीजीएचएस लाभार्थी को 78200 रुपये देने पड़ेंगे।




**एंडोवास्कुलर कॉइलिंग और सेप्टोस्टॉमी बलून भी शामिलः** सीजीएचएस के रेट में टेम्पोरेरी पेसमेकर इम्प्लांटेशन (टीपीआई), परमानेंट पेसमेकर इम्प्लांटेशन (सिंगल चेंबर), परमानेंट पेसमेकर इम्प्लांटेशन (ड्यूल चेंबर), परमानेंट पेसमेकर इम्प्लांटेशन (पीपीआई), ऑटोमैटिक इम्प्लांटेबल कार्डियोवर्टर डिफिब्रिलेटर एआईसीडी सिंगल चेंबर, ऑटोमैटिक इम्प्लांटेबल कार्डियोवर्टर डिफिब्रिलेटर एआईसीडी ड्यूल चेंबर, कोम्बो डिवाइस इम्प्लांटेशनरेडियोफ्रीक्वेंसी एब्लेशन कन्वेंशनल, रेडियोफ्रीक्वेंसी एब्लेशन एट्रियल टैचीकार्डिया 3डी मेपिंग, एंडोवास्कुलर कॉइलिंग, सेप्टोस्टॉमी बलून, एओर्टिक वेल्यू बलून डायलेशन एबीवीडी और पल्मोनरी वेल्यू बलून डायलेशन पीवीबीडी का परीक्षण भी शामिल है।

### टीएवीआर इम्प्लांट के लिए 12,84,000रू.


ट्रांस केथेटर एओर्टिक वाल्व रिप्लेसमेंट (टीएवीआर) इम्प्लांट के लिए सीजीएचएस लाभार्थी को एनएबीएच अस्पताल में 12,84,000 रुपये खर्च करने पड़ेंगे, जबकि नॉन एनएबीएच अस्पताल में भी यह रेट समान ही रहेंगे। एनएबीएच अस्पताल में ट्रांस केथेटर एओर्टिक वाल्व रिप्लेसमेंट प्रोसीजर कॉस्ट 1,00,000 रुपये होगी, जबकि नॉन एनएबीएच अस्पताल में 85,000 रुपये लगेंगे।

### पीईटी/सीटी स्कैन पर 11,500 रुपये

एफडीजी होल बॉडी पीईटी/सीटी स्कैन के लिए एनएबीएच अस्पताल में 11,500 रुपये और नॉन एनएबीएच अस्पताल में 10,000 रुपये देने होंगे। ब्रेन, हर्ट एफडीजी पीईटी/सीटी स्कैन के लिए भी इतने ही रुपये खर्च करने पड़ेंगे। गैलियम 68 पेप्टाइड पीईटी/सीटी इमेजिंग फॉर न्यूरोएंडोक्राइन ट्यूमर, अगर यह टेस्ट एनएबीएच अस्पताल में होता है, तो उसके लिए 11,500 रुपये लगेंगे। नॉन एनएबीएच अस्पताल में यह रेट 10,000 रुपये रहेगा।

# पेटीएम लाभ में वृद्धि के लिए एआई का कर रहा इस्तेमाल

**एजेंसी। नई दिल्ली**
फिनटेक दिग्गज पेटीएम भुगतान और धन प्रबंधन जैसी वित्तीय सेवाओं में क्रांति लाने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का लाभ उठा रहा है। पेटीएम के संस्थापक और सीईओ विजय शेखर शर्मा ने ब्लूमबर्ग के साथ एक साक्षात्कार में यह बात कही। पेटीएम की एआई-संचालित रणनीति ने भारत के लिए नवाचार जारी रखते हुए कार्यबल को कम करने में मदद की है। पेटीएम के प्रवक्ता ने कहा, जैसा कि हम भारत में एआई क्रांति का नेतृत्व कर रहे हैं, हम दोहराए जाने वाले कार्यों को खत्म करने के लिए एआई-संचालित स्वचालन को अपना रहे हैं, जिससे लागत में काफी बचत हो रही है। विकास और लागत में दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से हम अपने कार्यबल में 10 प्रतिशत की कमी कर रहे हैं और भारत में भुगतान और वित्तीय सेवाओं में नवाचार को बढ़ावा देना जारी रखेंगे। पेटीएम का मानना है कि इसकी मजबूत मोबाइल-फर्स्ट नींव और प्रारंभिक एआई अपनाने से इसे प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त मिलेगी। कंपनी को यह भी लगता है कि कर्मचारियों को एआई-सक्षम भूमिकाओं के लिए तैयार करने के लिए अपस्किलिंग और रीस्किलिंग की जरूरत है। शर्मा ने ब्लूमबर्ग के साथ अपने साक्षात्कार में कहा, हम कर्मचारी लागत पर लक्षित 10-15 प्रतिशत की बचत करने में सक्षम होंगे, जिसकी हमने योजना बनाई थी, क्योंकि एआई ने वास्तव में हमारी अपेक्षा से अधिक प्रदान किया है। शर्मा ने यह भी कहा कि कंपनी का लक्ष्य जल्द ही -स्तर की




### एक जनवरी से बढ़ेगी पियाजियो थ्री व्हीलर की कीमत

**नई दिल्ली।** इटालियन ऑटो दिग्गज, पियाजियो ग्रुप की शत-प्रतिशत सहायक कंपनी और भारत में छोटे कमर्शियल वाहन बनाने वाली कंपनी पियाजियो व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड (पीवीपीएल) ने अपने इंटरनल कम्बशन इंजन वाले आपे ब्रांड के 3-व्हीलर की कीमतों में बढ़ोतरी की घोषणा की है। यह बढ़ोतरी 1 जनवरी 2024 से प्रभावी होगी। यह बढ़ोतरी पियाजियो आपे के डीजल, सीएनजी, एलपीजी और पेट्रोल वेरिएंट के कार्गो और पैसेंजर दोनों तरह के वाहनों पर लागू होगी। कंपनी ने बताया है कि 1 जनवरी 2024 से पूरे भारत में कंपनी के इन वाहनों की मौजूदा एक्स-शोरूम कीमत में 6000 रुपये तक की बढ़ोतरी होगी। अपने विचार साझा करते हुए पियाजियो व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड के ईवीपी, सीवी डोमेस्टिक बिजनेस (आईसीई) और रिटेल फाइनेंस, अमित सागर ने कहा, इस त्योहारी सीजन में हमारे 3-व्हीलर वाहनों की बिक्री जबरदस्त रही है।

## एक नजर

### चोरों ने विधवा के घर से नगदी व जेवरात उड़ाये

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बलरा गांव में एक विधवा महिला के घर से अज्ञात चोरों ने बुधवार की रात्रि नगदी सहित जेवरात चुरा लिया। ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले पड़ोस में लालजी यादव के घर का भी चोर ताला तोड़ चुके हैं। कुछ नहीं मिला तो भागरती कुंवर के घर में घुस कर संदूक में रखा चार थान गहना तथा 6 हजार रूपए नगद लेकर चलते बने।

### कंबल व गर्म वस्त्रों का वितरण

**सतबरवा।** प्रखंड के बदलाया गांव में गुरुवार को नारायण सेवा समिति द्वारा गरीब ,लाचार, वृद्ध व बच्चों के बीच कंबल व गरम वस्त्र का वितरण किया गया। नारायण सेवा समिति के अध्यक्ष निर्दोष कुमार ने बताया कि वस्त्र वितरण में सतबरवा प्रखंड के साथ -साथ पलामू जिले के कई गणमान्य लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। सामूहिक सहयोग से ही यह कार्य सफल हो रहा है। आयोजन में बेलवाटीका निवासी राष्ट्रीय स्वयं संघ के स्वयंसेवक महेश प्रसाद, नीरज जी,संतोष कुमार, कुलेश्वर भुईयां, रविंद्र सिंह, रूपेश कुमार, बुधन भुईयां, राहुल भुईयां, विजय कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### बीस सूत्री उपाध्यक्ष ने कंबल का किया वितरण

**पाटन।** पाटन में ठंड का कहर जारी है। ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ते ठंड को देखते हुए प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष उमाशंकर सिंह ने ग्राम संडा, सदपुर, हुरुहासा गांव में गरीबों व असहायों के बीच बीस कंबल का वितरण किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि इससे जरूरतमंदों को काफी राहत मिलेगी। मौके पर विनीत सिंह, आकाश सिंह, दीनदयाल सिंह उपस्थित थे।

### पूर्व मुखिया के वयोवृद्ध बाबा के निधन से शोक

**पाटन।** उताकी पंचायत के पूर्व मुखिया अखिलेश सिंह के बाबा राजेंद्र सिंह के निधन पर नागरिकों ने शोक संवेदना व्यक्त की है। उम्र संबंधी बीमारियों से ग्रस्त राजेंद्र सिंह की मृत्यु 95 साल की उम्र में उनके आवास पर हुई। वे अपने पीछे अपने पांच बेटों का भरा-पूरा परिवार छोड़कर गये हैं। इनका अंतिम संस्कार सदाबह नदी के मांझीगांव घाट पर किया गया। मौके पर ललन सिंह, विरेंद्र सिंह, अजय सिंह,कमल सिंह, पूर्व पंचायत समिति सदस्य कामता सिंह मौजूद थे।

### सिरमा पंचायत पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

**पाटन।** वृहस्पतिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम सिरमा पंचायत भवन मे आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में उपस्थित सिरमा मुखिया विंध्यवासिनी देवी, पूर्व मुखिया राकेश दुबे, मण्डल मंत्री अर्जुन तिवारी समेत भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संजय सिंह ने केंद्र सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी।

### जेएमएम प्रखंड कमेटी का हुआ पुनर्गठन

**पत्थलगड़ा(चतरा)।** गुरुवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा पत्थलगड़ा प्रखड कमिटी का पुनर्गठन पत्थलगड़ा प्रखंड अंतर्गत लेमबोईया पहाड़ी पर किया गया। इस अवसर पर झामुमो सिमरिया विधानसभा प्रभारी मनोज कुमार चंद्रा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। चुनाव प्रभारी सलिम अख्तर की अध्यक्षता में पुनर्गठन करते हुए सर्वसम्मति से अध्यक्ष सुधीर कुमार, कार्यकारिणी अध्यक्ष अनिल दांगी, उपाध्यक्ष कमलेश सिंह, सचिव मनराज दांगी, मीडिया प्रभारी संतन कुमार दांगी को मनोनीत किया गया।

## बिलैती खैर व राजबांस में कई घर तोड़े, अनाज को किया सफाचट

# हाथियों के झुंड ने मचाया उत्पात

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

थाना क्षेत्र में इन दिनों हाथियों का उत्पात रुकने का नाम नहीं ले रहा है। हाथी क्षेत्र के विभिन्न गांवों में घूम-घूम कर लगातार खपरैल घरों को ध्वस्त कर रहे हैं। घर के अंदर रखे अनाज को भी सफाचट कर रहे हैं। बुधवार रात हाथियों ने दर्जनों की संख्या में बिलैती खैर गांव में पहुंचकर रोहन सिंह व ब्रह्मदेव सिंह के खपरैल घर को क्षतिग्रस्त कर दिया, जबकि घर के अंदर रखे अनाज को भी सफाचट कर दिया गया। इसके बाद हाथियों ने राजवांस गांव पहुंचकर बलराम सिंह के खपरैल घर को ध्वस्त कर दिया, जबकि शिव साह के घर के अंदर रखे अनाज को निकाल कर हाथियों द्वारा सफाचट कर दिया गया। बताते चलें कि हाथियों के आतंक से क्षेत्र के लोग त्राहिमाम हैं। क्षेत्र में लगभग 3 महीने से लोग डर के साये में जीने को मजबूर हैं, लेकिन हाथियों को भगाने के लिए विभाग द्वारा अभी तक कोई भी कदम नहीं उठाया गया है। इसका खामियाजा आम ग्रामीण व किसान को अपनी जान व माल देकर चुकाना पड़ रहा है। हाथियों द्वारा अब तक एक दर्जन से अधिक पशुओं को पटक कर मौत का घाट उतारा जा चुका है। वहीं वन विभाग लगातार सभी पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने की बात कर रहा है, जबकि पिछले साल भी हाथियों ने क्षेत्र में कई किसानों व गरीब परिवारों को काफी नुकसान पहुंचाया था, लेकिन पिछले साल का मुआवजा अभी तक कई लोगों को नहीं मिला है। पूछे जाने पर प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार ने बताया कि बीती रात हाथियों द्वारा बिलैती खैर गांव व राजवांस गांव में मकान तोड़ने व घर के अंदर रखे अनाज को खाने की जानकारी मिली है। सभी पीड़ित परिवारों को सरकारी प्रावधान के हिसाब से मुआवजा दिया जाएगा।



### रैयतों ने निकाली न्याय यात्रा, सौंपा ज्ञापन

**लातेहार।** भूमि अधिग्रहण संघर्ष समिति के बैनर तले गुरुवार को सभी रैयतों ने जोगना टांड़ से भूमि अधिकार न्याय यात्रा निकाली, जो मेन रोड होती हुई समाहरणालय पहुंच कर समाहरणालय घेराव किया। न्याय यात्रा में शामिल भूमि अधिग्रहण संघर्ष समिति के सभी पदाधिकारियों और रैयतों ने अपनी पांच सूत्री मांगों के समर्थन में सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। पांच सूत्री मांग पत्र उपायुक्त को सौंपा गया, जिसमें 2016-17 तक कटे रसीद को ऑनलाइन करने एवं फोरलेन निर्माण में जमीन का मुआवजा बाजार मूल्य के आधार पर तय करने आदि मांगें शामिल हैं। मौके पर समिति के अध्यक्ष गुंजर उरांव, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव, परसही मुखिया अनीता देवी, विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, रामदेव सिंह, सुरेंद्र पासवान, लक्ष्मण यादव, विजय यादव, राजमणि राम, प्रमोद पांडे, आबिद अंसारी, रमेश उरांव, विजय यादव, बसंत यादव, मंटु राम, वीरेंद्र, गणेश सिंह, दिनेश सिंह, संयोजक बीरेंद्र प्रसाद, मुखिया अनीता देवी, प्रमोद पांडे आदि उपस्थित थे।

### 'वाहन चेकिंग अभियान में जुर्माना वसूलने की प्रखंड में हो व्यवस्था'

**बरवाडीह।** पुलिस कप्तान के निर्देश पर सड़क दुर्घटनाओं में अंकुश लगाने के लिए बरवाडीह थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह एवं छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार की देखरेख में वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। वर्तमान में नए साल के आगमन को देखते हुए प्रखंड के पर्यटन स्थलों पर लोगों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई है। ऐसे में दोनों थाना क्षेत्रों में बुधवार से एक बार पुनः वाहन चेकिंग अभियान हो गया है। इस दौरान प्रतिदिन बिना हेलमेट, बिना ड्राइविंग लाइसेंस आदि कागजातों की कमी को लेकर कई वाहनों को पकड़ा जा रहा है। राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सह चिन्हित झारखंड आंदोलनकारी अली हसन अंसारी ने उपायुक्त एवं जिला परिवहन पदाधिकारी का ध्यान इस ओर आकर्षित कराते हुए प्रखंड मुख्यालय में वाहन जब्त किए जाने के साथ ही ऑफलाइन या ऑनलाइन जुर्माना वसूलने की व्यवस्था करने की मांग की है, जिससे वाहन जब्त होने के बाद तत्काल जुर्माना देकर छुड़ाया जा सके।

# बरवाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बदहाल

## 20सूत्री अध्यक्ष व बीडीओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इन दोनों काफी बदहाल व बीमार चल रहा है। ग्रामीणों की शिकायत पर गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय एवं 20सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी उक्त केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यरत चिकित्सा पदाधिकारी नदारद दिखे, जबकि ओपीडी सीएचओ के सहारे संचालित हो रहे थे। जांच के क्रम में पाया गया कि मरीजों का सीएचओ द्वारा जांच की जा रही है। चिकित्सक की कमी के कारण में ओपीडी एवं इमरजेंसी सेवाएं सीएचओ द्वारा ही संचालित हो रही है। पाया गया कि बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगभग 30 से अधिक महिलाओं का बंध्याकरण एनजीओ के माध्यम से कराया गया, परंतु पूरे कार्यक्रम के दौरान एक भी प्रखंड में पदस्थापित चिकित्सा अधिकारी मौजूद नहीं रहा और न ही स्वास्थ्य विभाग में पदस्थापित बीपीएम मौजूद था। ओपीडी में चिकित्सक की जगह सीएचओ को काम करता देखकर बीडीओ ने नाराजगी जताई। इसके बाद तत्काल प्रखंड विकास अधिकारी ने पूरे मामले की जानकारी सिविल सर्जन अवधेश कुमार सिंह को दी।




# भाजपाइयों ने हेमंत सरकार के विरुद्ध किया प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को आक्रोश मार्च किया। इस दौरान राज्य की हेमंत सोरेन सरकार के विरुद्ध नारेग्बाजी की गई। तत्पश्चात राज्यपाल के नाम ज्ञापन जिला उपायुक्त सौंपा गया। जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि हेमंत की सरकार झूठे वादे कर राज्य की सत्ता पर काबिज बैठी है। युवाओं के साथ धोखा, आदिवासी महिलाओं पर अत्याचार, राज्य में विधि व्यवस्था चौपट, तुष्टिकरण की राजनीति ने सभी वर्गों को आंदोलन के लिए मजबूर किया है। कार्यक्रम में जिला महामंत्री पंकज सिंह, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष छोटू राजा, प्रदेश कर समिति सदस्य अवधेश सिंह चेरो, जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे, ज्योति सिंहा, उषा देवी, जिला महामंत्री बंसी यादव, जिला मंत्री संतोष यादव, रेणु देवी, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, पूर्व नगर अध्यक्ष सीतामढ़ी तिर्की, सुशील कुमार अग्रवाल, जिला परिषद सदस्य सरोज देवी, प्रियंका कुमारी, महिला मोर्चा की अध्यक्ष शीला देवी, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष त्रिवेणी साहू, सोशल मीडिया प्रभारी राजू रंजन पांडे, पंकज यादव, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष बबन पासवान, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सुमंत यादव, दिशा की सदस्य रानी देवी, ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री विष्णु देव प्रसाद गुप्ता, आनंद सिंह, मोती सोनी, मनोज प्रसाद, राम गणेश, युवा मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य मुकेश पांडे, रघुवीर यादव, जिला कार्य समिति सदस्य भानु सिन्हा, आशा देवी, मंजू देवी, महिला मोर्चा जिला महामंत्री अर्पणा सिंह, राकीकला पंचायत समिति विकास तिवारी, मुकेश कुमार, शैलेश सिंह, दिलीप यदुवंशी, युवा मोर्चा जिला सोशल मीडिया प्रभारी, पवन गुप्ता, युवा मोर्चा जिला महामंत्री अश्वनी सिंह, पवन कुमार, अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष जुनैद आदि मौजूद थे।



### मैन पावर कर्मचारी संघ ने की पीएफ व बकाया देने की मांग

**चंदवा।** प्रखंड के चकला बाना स्थित वर्षों से बंद पड़े अभिजीत ग्रुप पावर प्लांट के मैन पावर कर्मचारी संघ की बैठक गुरुवार को हुई। संघ के कर्मचारियों का कहना है कि कंपनी द्वारा वेतन और अन्य बकाया रोक कर रखा गया है। कई आंदोलनों के बाद मात्र बकाया राशि का बीस प्रतिशत ही भुगतान किया गया है। इसके साथ ही स्क्रैपर द्वारा प्लांट का फेज वन का लूज सामान स्क्रैप के रूप में उठा लिया गया और स्क्रैप ठेकेदारों द्वारा फेज वन एरिया से भी लोहा उठाने का प्रयास किया जा रहा है।

## उपायुक्त ने प्रखंड अधिकारियों संग की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा/सिमरिया**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा अबु इमरान ने गुरुवार को मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत सिमरिया व टंडवा प्रखंड में किए गए कार्यों का जायजा लिया। उपायुक्त सर्वप्रथम नव निर्मित अनुमंडल कार्यालय सिमरिया पहुंच सम्पूर्ण कार्यालय का निरीक्षण करने के उपरांत अनुमण्डल सभा कक्ष में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह एसडीओ सिमरिया सुधीर दास, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ नितु सिंह समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी व कर्मी के साथ मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यों की समीक्षा की। वहीं प्रखण्ड कार्यालय कक्ष, अंचल कार्यालय कक्ष, कम्प्यूटर ऑपरेटर कक्ष, साफ-सफाई, पेयजल की व्यवस्था समेत अन्य का निरीक्षण कर कार्यालय प्रधान से कहा कि सुनिश्चित किया जाय कि सभी कार्यालय कर्मी एवं पदाधिकारी समय पर उपस्थित रहकर कार्यों का निष्पादन करेंगे। बिना अनुमति के अगर कोई भी पदाधिकारी, कर्मी कार्यालय से अनुपस्थित रहते हैं तो उनके उपर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

**विडंबना** कहा-कई बार प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाया, लेकिन नतीजा शून्य रहा

# 80 साल का बुजुर्ग पेंशन सुविधा से वंचित

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पायदान तक पहुंचाने कि राज्य सरकार भले ही ढिंढोरा पीट रही है लेकिन हकीकत है कि उनकी योजनाएं आज भी प्रदेश के अंतिम पायदान तक नहीं पहुंच पा रही है। राज्य की विलुप्तप्राय जाति के लोग आज भी इसके उदाहरण हैं। उक्त समाज के लोग पेंशन की राशि पाने से वंचित रह जाते हैं तो सरकार पर सवाल उठना स्वाभाविक है। प्रखंड के बेला झगड़ा गांव निवासी विश्वनाथ परिया उर्फ चलहवा परिया (80) को अभी तक वृद्धा पेंशन की राशि नसीब नहीं हो सका है, जबकि उक्त समाज के लोगों को 18 वर्ष की अवधि पूरा होते ही वृद्धा पेंशन की राशि मिलनी शुरू हो जाती है। क्षेत्र में पड़ रहे कड़ाके की ठंड के बीच विश्वनाथ परहिया पेंशन की राशि को लेकर गुरुवार अहले सुबह पैदल पाव मुखिया धनवंती देवी के घर के लिए अपने घर से निकला। वहीं मुखिया के घर पहुंचने से पहले ही बीच रास्ते में वह कई जगहों पर गिर गया। उक्त घटना से उसके शरीर में कई जगह जख्म हो गए। वह खून से पूरी तरह लथपथ हो गया। इस दौरान वह चलने से असमर्थ हो गया। बावजूद अपनी हार नहीं मानते हुए यथास्थिति में किसी तरह पैदल चलकर मुखिया के घर पहुंच गया। विश्वनाथ परहिया को खून से लथपथ देख मुखिया धनवंती देवी परेशान हो गई। इसी बीच, मुखिया ने विश्वनाथ परहिया को एक कंबल दिया। वहीं उक्त रास्ते से गुजर रहे गांव के चिकित्सक वशी अहमद खान ने मानवता का परिचय दिया और उसे अपने साथ अपनी क्लीनिक पर ले आया। प्राथमिक उपचार करने के बाद दर्द के साथ-साथ घाव सूखने की दवाइयां देकर अपने घर भेज दिया। इससे पहले चोटिल अवस्था में ही जानकारी देते हुए विश्वनाथ परहिया ने बताया कि पेंशन को लेकर एक दो नहीं हजारों बार प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाया, लेकिन उसका परिणाम शून्य रहा।



# गढ़वा में 5 करोड़ की लागत से होगा 7 चेक डैम का निर्माण

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

गढ़वा के किसानों के लिए नई खुशखबरी है। जिले में लगभग पांच करोड़ रुपये की लागत से सात नए चेक डैम का निर्माण किया जाएगा। जिसने 290 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। लघु सिंचाई विभाग झारखंड सरकार ने इसके निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि जिले के विभिन्न प्रखंडों में सात चेक डैम के निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। शीघ्र ही निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। मंत्री ने बताया कि गढ़वा प्रखंड के हरबरवा नाला पर 75 लाख 77 हजार 100 रुपये, बिरहा नाला पर 64 लाख 12 हजार रुपये की लागत से पक्का चेक डैम का निर्माण किया जाएगा। साथ ही रंका प्रखंड के मरघटवा नाला पर 63 लाख 45 हजार सात सौ रुपये, लुकफुचिया नाला पर 67 लाख 45 हजार तीन सौ रुपये की लागत से चेक डैम का निर्माण, धुरकी प्रखंड के यूरिया नदी पर 80 लाख 88 हजार 400 रुपये की लागत से, कुडेश नाला पर 60 लाख 86 हजार 100 रुपये की लागत से तथा भवनाथपुर प्रखंड में कहवा घाटी नाला पर 67 लाख 88 हजार 900 रुपये की लागत से चेक डैम का निर्माण किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि हेमंत सरकार किसानों की हर समस्या दूर करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। इस क्षेत्र के लोग कृषि के लिए पूरी तरह से वर्षा पर आश्रित है, परंतु यहां कम वषार्पात के कारण किसानों को कृषि कार्य में काफी समस्या होती है। मंत्री ने कहा कि किसानों की हर समस्या दूर होगी। हर खेत को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध होगा।

इसके लिए वे पूरी तरह से प्रयासरत हैं। मंत्री ने कहा कि जब किसान समृद्ध होंगे, तभी राज्य समृद्ध होगा। झारखंड सरकार इस दिशा में बेहतर कार्य कर रही है। आने वाले समय में अन्य नदी, नालों पर आवश्यकता के अनुसार चेक डैम का निर्माण कराया जाएगा।



## जीएम की पहल पर 18 घंटे बाद मिली बिजली, लोगों को राहत

**हुसैनाबाद।** जीएम की पहल पर शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति 18 घंटे के बाद बहाल की गई। इससे लोगों को राहत मिली। मालूम हो की हुसैनाबाद शहर के दातानगर के समीप 33 केवीए के रेलवे अंडर पास से गुजरी केबुल तार में मंगलवार की देर रात अचानक टेक्निकल फॉल्ट होने के कारण शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में ब्लैक आउट हो गया। इसकी सूचना मिलते ही विभाग के महाप्रबंधक सह कार्यपालक अभियंता ने इस मामले को गम्भीरता पूर्वक लेते हुए एक टेक्निकल टीम हुसैनाबाद भेजा। टेक्निकल टीम और जपला विद्युत विभाग की टीम ने काफी मशक्कत के बाद बुधवार की देर शाम तक फॉल्ट को दुरुस्त कर बिजली आपूर्ति बहाल कर दी। कड़ाके की ठंड में 18 घंटे से बिजली आपूर्ति बाधित रहने के कारण लोगों को काफी परेशानी हुई। बिजली बहाल होने पर लोगों ने राहत की सांस ली। क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं ने महाप्रबंधक सह कार्यपालक अभियंता व स्थानीय कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह, मानव दिवस कर्मी जितेंद्र ठाकुर, उबैद आलम सहित भाजपा नेता रविंद्र कुमार सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता, समाजसेवी जुल्फिकार अली, बैजनाथ सिंह, फरीद खान, घूरा प्रसाद पाल, जेएमएम युवा नेता मुन्ना कुमार देव के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## डीएसओ ने छतरपुर के एसएफसीआई गोदाम का किया निरीक्षण

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर गुरुवार को जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कु, एसडीओ छतरपुर हीरा कुमार ने छतरपुर स्थित एसएफसीआई गोदाम का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया गया कि वर्तमान में क्रियाशील गोदाम की भण्डारण की स्थिति गुणवत्तापूर्ण है, लेकिन पूर्व में संचालित गोदाम जिसमें चीनी, नमक और चना दाल का भण्डारण किया गया था। उसकी स्थिति जर्जर है। जिस कारण काफी दिनों से इस गोदाम को उपयोग में नहीं लिया जा रहा है। बताया गया कि छतरपुर प्रखंड में नया गोदाम का निर्माण अंतिम चरण में है। जल्द उसे प्रारम्भ कर खाद्यान्न प्राप्ति एवं निर्गमन का कार्य शुरू किया जाएगा। इस गोदाम में भण्डारित सामग्री का 24 घंटे के अंदर क्रियाशील गोदाम में भण्डारण करने का निर्देश सम्बंधित सहायक गोदाम प्रबंधक और प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को दिया गया।

## पाल्हे कलां शाखा में मना सेंट्रल बैंक का 113वां स्थापना दिवस

**श्री बंशीधर नगर।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की पाल्हे कलां शाखा में गुरुवार को बैंक का 113वां स्थापना दिवस मनाया गया। शाखा प्रबंधक रंजीत कुमार पांडे व कर्मियों ने पोचखावाला की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित किया। तत्पश्चात बैंक में ग्राहकों के बीच मिठाई एवं चॉकलेट का वितरण किया गया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक ने कहा कि सेंट्रल बैंक आफ इंडिया को देश का प्रथम स्वदेशी वाणिज्य बैंक होने का गौरव प्राप्त है। उन्होंने ग्राहकों को बताया कि सेंट्रल बैंक आफ इंडिया की स्थापना 21 दिसंबर 1911 को सर सोराबजी पोचखावाला ने प्रथम स्वदेशी बैंक के रूप में की थी। सेंट्रल बैंक देश का पहला वाणिज्यिक बैंक है, जिसका पूर्ण स्वामित्व एवं प्रबंधन स्थापना के समय भारतीयों के हाथ में था। सेंट्रल बैंक आफ इंडिया के पहले अध्यक्ष फिरोज शाह मेहता थे। सोराबजी पोचखानवाला ने इस बैंक को राष्ट्र की संपत्ति घोषित कर दिया। पिछले 112 वर्षों के इतिहास में बैंक ने कई उतार - चढ़ाव देखे तथा कई चुनौतियों का सामना किया। बैंक ने प्रत्येक आशंका को व्यवसायिक अवसर में बदला तथा बैंकिंग उद्योग में अपने समक्ष को से उत्कृष्ट रहा। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक ने स्थापना दिवस के अवसर पर ग्राहकों का स्वागत किया तथा बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी। मौके पर बैंक स्टॉफ सहायक शाखा प्रबंधक मनोज आइंद, अप्रेंटिस अमित कुमार, प्रधान खदांची निर्मल राही, कलर्क मेवालाल बिरुवा, सीबीआई बीसी विजेद्र कुमार चौबे, अमित कुमार चौबे, अनूप कुमार,शशि कुमार तिवारी ग्राहक चंद्रभूषण चौबे, अब्दुल अंसारी, शाहिद अंसारी, आनंद कुमारआदि मौजूद थे।

### एमडीएम में अनियमितता व शिक्षक की मनमानी का ग्रामीणों ने किया विरोध

**बारियातु।** प्रखंड की सिबला पंचायत स्थित उत्क्रमित माध्य विद्यालय भाटचतरा में मध्याह्न भोजन व शिक्षक की मनमानी का गुरुवार को ग्रामीणों ने विरोध किया। अभिभावक कामेश्वर यादव, सुरेंद्र तुरी, अजय तुरी, नरेश राम, प्रमोद तुरी, लीलू लोहरा, दिलीप यादव, भगलाल यादव, बिनोद तुरी, संदीप पाण्डेय, विकास यादव, संतोष यादव, मोति तुरी आदि ने बताया कि विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को मेन्यू के अनुसार भोजन नहीं दिया जाता है। शिक्षक नियमित नहीं पढ़ाते हैं और इधर-उधर घूमते रहते हैं। ऑनलाइन हाजिरी बनाकर शिक्षक नरेश साव गप मारते रहते हैं और घर चले जाते हैं।

## पेज एक के शेष

### लोकसभा से निलंबित...

अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रश्नकाल समाप्त होते ही तीनों सदस्यों का नाम लेते हुए कहा, आप बार-बार सदन की कार्यवाई बाधित कर रहे हैं, तख्तियां दिखा रहे हैं, नारेबाजी कर रहे हैं और कागज फाड़कर लोकसभा कर्मियों पर फेंक रहे हैं। यह सदन की मयार्दा के विरुद्ध है। उन्होंने नारेबाजी कर रहे विपक्षी सदस्यों से कहा, मैं कभी बिना कारण के किसी सदस्य को निलंबित नहीं करना चाहता। आपको जनता ने चुना है। आपको अधिकार है यहां चर्चा करने का और अपनी बात रखने का। आप लोग अपनी सीट पर जाइए, मैं आपको शून्यकाल में आपकी बात रखने का अवसर दूंगा। बिरला ने कहा, विपक्षी सदस्य अपनी सीट से उठकर आते हैं और कहते हैं कि (हमें) निलंबित कर दीजिए। उन्होंने कहा, यह तरीका सही है क्या? सदन की यही मयार्दा है क्या? (सदस्य) नियोजित तरीके से निलंबित करने की बात कर रहे हैं, यह सही नहीं है। संसद के शीतकालीन सत्र का अंतिम कार्यदिवस शुक्रवार को है। झारखंड उच्च न्यायालय के अधिवक्ता अरविंद लाल ने बताया कि लोकसभा के वैसे सदस्य जिन्हें महज शतकालीन सत्र के शेष अवधि के लिए निलंबित किया गया था। उनकी सदस्यता सत्र की समाप्ति के साथ ही बहाल हो जाएगी, लेकिन जिन्हें पूरे लोकसभा के शैष कार्य अवधि के लिए निलंबित किया गया है उनकी सदस्यता अभी बहाल नहीं होगी। यह लोकसभा के अध्यक्ष के अधिकार क्षेत्र का विषय है।

### एससी के फैसलों से ...

तहत आरोपियों को गिरफ्तार किया जाता है। अधिकृत ईडी अधिकारियों को सबूतों या संदेह के आधार पर गिरफ्तारी की ताकत मिलती है। इस धारा के तहत लगे आरोप के बाद ईडी भरोसा कर सकती है कि आरोपी ने इस कानून के तहत दंडनीय अपराध किया है। कानून में स्पष्ट किया गया है कि ईडी को संदेह और गिरफ्तारी के कारण लिखित रूप में दर्ज करने होंगे। गिरफ्तारी के आधार के बारे में आरोपी को 'जितनी जल्दी हो सके' जानकारी दी जाएगी। गिरफ्तारी के 24 घंटे के भीतर आरोपी को विशेष अदालत, न्यायिक मजिस्ट्रेट या मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट के पास ले जाया जाएगा। विजय मदनलाल चौधरी के मामले में सुप्रीम कोर्ट में न्यायमूर्ति सीटी रविकुमार, जस्टिस एएम खानविलकर (अब सेवानिवृत्त) और न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी की पीठ ने ईडी की शक्तियों की स्पष्ट व्याख्या की थी। अदालत ने पीएमएलए के प्रावधानों की वैधता बरकरार रखी थी। 27 जुलाई को कोर्ट ने 540 पेज का विस्तृत आदेश पारित किया। लगभग हर पहलू पर सरकार की दलीलों को स्वीकार कर शीर्ष अदालत ने कहा, पीएमएलए कानून की धारा 19 असंवैधानिक नहीं है। अदालत ने माना कि प्रावधान का पीएमएलए के उद्देश्य के साथ उचित संबंध है। कानून को चुनौती देते हुए याचिकाकर्ताओं ने कहा था,वित्त अधिनियम (फाइनांस एक्ट) के तहत मनी बिल के रूप में पीएमएलए कानून से जुड़े संशोधन पारित करना गलत है।गिरफ्तारी से जुड़ी ईडी की शक्तियां मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करती हैं। जमानत के आदेश में आरोपी को निर्दोष माना जाना चाहिए। हालांकि अदालतों ने सभी दलीलों को खारिज कर दिया। इसके बाद हालिया मामला पंकज बंसल का है। इसमें दो जजों की पीठ ने फैसला सुनाया। जस्टिस एएस बोपन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार ने तीन अक्तूबर को पारित फैसले में भी जुलाई में तीन जजों की पीठ की व्याख्या को स्वीकार नहीं किया।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज







CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## एक नजर

### राजस्थान सीएम ने दोनों डिप्टी सीएम के साथ की पीएम मोदी से मुलाकात



**नई दिल्ली।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रदेश के दोनों उपमुख्यमंत्रियों दीया कुमारी और प्रेम चंद बैरवा के साथ पीएम से गुरुवार को यहां दिल्ली में मुलाकात की। तीनों नेताओं ने संसद भवन परिसर में स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में पीएम से मुलाकात कर प्रदेश में सरकार चलाने को लेकर मार्गदर्शन प्राप्त किया और उन्हें प्रदेश के हालात से भी अवगत कराया।

### केजरीवाल विपश्यना सेंटर में 10 दिन लगाएंगे ध्यान

**चंडीगढ़।** दिल्ली के आबकारी नीति घोटाले में ईडी के निशाने पर आए आम आदमी पार्टी सुप्रीमो एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल गुरुवार को पंजाब के होशियारपुर स्थित विपश्यना सेंटर में आ गए हैं। केजरीवाल को गुरुवार को ही ईडी के सामने पेश होना था। ईडी के समन को एक तरफ करते हुए केजरीवाल होशियारपुर में आ गए हैं। इससे पहले केजरीवाल मेडिटेशन के किये देश के दूसरे राज्यों में जाते रहे हैं लेकिन यह पहला मौका है जब उन्होंने मेडिटेशन के लिए पंजाब को चुना है।

### पापुआ न्यू गिनी में ज्वालामुखी विस्फोट, भारत ने भेजी राहत सामग्री

**नई दिल्ली।** भारत ने पापुआ न्यू गिनी में ज्वालामुखी में हुए विस्फोट से प्रभावित लोगों के लिए गुरुवार को 10 लाख डॉलर मूल्य की राहत सामग्री भेजी। पापुआ न्यू गिनी में माउंट उलावुन में एक ज्वालामुखी में हुए विस्फोट से देश को बड़ा नुकसान हुआ है। इससे प्रभावित इलाके से 26,000 से अधिक लोगों को निकाला गया है।

### किम जोंग ने फिर दी परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की धमकी

**सियोल।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने अंतरमहाद्वीपीय बैलेस्टिक मिसाइल परीक्षण में शामिल सैनिकों की प्रशंसा की और कहा कि देश की यह नीति है कि दुश्मन देशों द्वारा उकसाए जाने पर परमाणु हमला करने में हिचकिचाया नहीं जाएगा। उत्तर कोरिया में पिछले वर्ष से परमाणु हथियारों के परीक्षण में तेजी आई है और देश के नेता किम जोंग उन कई बार परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने की धमकी दे चुके हैं।

### जैकलीन की याचिका पर ईडी को जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुरुवार को बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज की याचिका पर ईडी को नोटिस जारी किया, इसमें एजेंसी द्वारा उनके खिलाफ दर्ज मनी लॉन्ड्रिंग मामले को रद्द करने की मांग की गई है। उन्होंने धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 की धारा 3 और 4 के तहत ईडी की शिकायत और 17 अगस्त, 2022 के दूसरे पूरक आरोप पत्र को चुनौती दी है।

### सीरिया में बारूदी सुरंग विस्फोट, 7 सैनिकों की मौत

**दमिश्क।** सीरिया के होम्स प्रांत में गुरुवार को बारूदी सुरंग फटने से सात सैनिकों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। सभी सैनिक एक बस में जा रहे थे। सरकारी शाम एफएम रेडियो के अनुसार, बारूदी सुरंग ने होम्स में पलमायरा शहर के पास टी-3 तेल क्षेत्र के पास सैन्य बस को उड़ा दिया। बस आमतौर पर सैनिकों को उनके कार्यस्थल के अंदर और बाहर ले जाती है।

---

**रास से दूरसंचार विधेयक पारित**

# फ्रॉड करने वालों को अब 3 साल जेल, 50 लाख जुर्माना

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राज्यसभा में गुरुवार को दूरसंचार विधेयक 2023 ध्वनि मत से पारित कर दिया गया। बिल में कहा गया है कि मोबाइल के जरिए फ्रॉड करने वाले शरारती तत्वों को 3 साल की जेल और 50 लाख रुपए तक का जुर्माना हो सकता है। विधेयक पर चर्चा के दौरान केंद्रीय संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि देश में ब्रॉडबैंड इंटरनेट यूजर्स की संख्या बढ़कर 85 करोड़ हो गई है। जबकि, पहले देश में मात्र डेढ़ करोड़ ब्रॉडबैंड इंटरनेट यूजर्स थे। कुछ ऐसे लोग भी हैं जो मोबाइल फोन दुरुपयोग करके फ्रॉड करते हैं। ऐसे

### देश में ब्रॉडबैंड इंटरनेट यूजर्स की संख्या बढ़कर 85 करोड़ हो गई है

### अब मोबाइल टावर लगाने की अनुमति मात्र दस दिनों में मिल जाती है



लोगों पर लगाम कसने की व्यवस्था की जा रही है। यदि कोई व्यक्ति गलत दस्तावेज देकर मोबाइल सिम हासिल और इस्तेमाल करता है तो उसे 3 साल की सजा और 50 लाख तक का जुमार्ना हो सकता है। कहा, इसी तरह बहुत बड़ा फ्रॉड का एक और तरीका होता है 'सिम बॉक्स।' इसमें एक बॉक्स में बहुत सारे सिम लगा दिए जाते हैं, ऐसे शरारती तत्वों के लिए भी 3 साल की सजा और 50 लाख रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान है। इसी तरह सॉफ्टवेयर के माध्यम से किसी व्यक्ति के मोबाइल नंबर का उपयोग करके अन्य व्यक्तियों से फ्रॉड करने वालों के लिए 3 साल की सजा और 50 लाख रुपए तक जुर्माने की सजा रखी गई है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दुनिया में कहीं भी कनफ्लिक्ट होने पर पहला अटैक टेलीकॉम नेटवर्क पर होता है। टेलीकॉम नेटवर्क देश के लिए बेहद आवश्यक है, इसलिए बिल में किसी भी स्थिति में टेलीकॉम नेटवर्क को सुरक्षित बनाए रखने के प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि जैसे गीता में कहा गया है कि आत्मा अजर अमर है, वैसे ही स्पेक्ट्रम एक ऐसा संसाधन है, जो कभी खत्म नहीं होता। इसलिए स्पेक्ट्रम का समाज के हित में सही इस्तेमाल हो यह जरूरी है। इसमें डिस्प्यूट या भूल को भी जुमार्ने से सुलझाने की व्यवस्था की गई है। ऑपरेटर से कोई भूल होने पर वह जुर्माना अदा करेगा। इसके लिए अदालती कार्रवाई नहीं होगी। उन्होंने बताया कि पहले अप्रूवल मिलना एक बहुत बड़ी समस्या थी। अब 85 प्रतिशत मोबाइल टावर की अनुमति कंप्यूटर का बटन दबाते ही मिल जाती है। पहले 230 दिन लगते थे, अब केवल 10 दिन में प्रक्रिया पूरी हो जाती है।

### चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया से जुड़े विधेयक को मिली संसद की मंजूरी

लोकसभा ने बुधवार को चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति और अन्य विषयों से जुड़ा विधेयक ध्वनिमत से पारित कर दिया। राज्यसभा ने 12 दिसंबर को इसे पारित कर दिया था। इसके साथ ही विधेयक को संसद की मंजूरी मिल गई। केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त विधेयक, 2023 पारित किए जाने के लिए निचले सदन में पेश किया। कानून बनने के बाद यह चुनाव आयोग कानून 1991 का स्थान लेगा। विधेयक पर कुल 12 सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया।

---

**इंडिया गठबंधन के सांसदों ने विजय चौक तक मार्च निकाला**

# 146 सांसदों के निलंबन पर जताया विरोध

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इंडिया गठबंधन के सांसदों ने गुरुवार को 146 सांसदों के निलंबन के विरोध में संसद से विजय चौक तक मार्च निकाला। लोकसभा से कांग्रेस के तीन सांसदों दीपक बैज, डीके सुरेश और नकुल नाथ को चेतावनी के बाद लोस अध्यक्ष ने गुरुवार को निलंबित कर दिया। इधर सांसदों का कहना है कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री का सदन के बाहर बोलना विशेषाधिकार हनन का मामला है। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी के 120 सांसदों के साथ राज्यसभा में खड़े रहने और उपराष्ट्रपति की मिमिक्री के मुद्दे पर नारे लगाने के बाद इंडिया गठबंधन के दलों ने भी सरकार की आलोचना की। इंडिया गठबंधन दलों ने अपना मार्च पुराने



संसद भवन से शुरू किया। यहां पर सभी निलंबित सांसद भी मौजूद थे। उन्होंने सरकार के खिलाफ नारे लगाए और हाथों में तख्तियां ले रखी थीं, जिन पर लिखा था, '141 सांसद निलंबित, क्या यह लोकतंत्र की जननी है।' कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मीडिया से बात करते हुए सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, "हम सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। सरकार और पीएम नहीं चाहते कि सदन चले। लेकिन मैं माफी मांगता हूं क्योंकि चेयरमैन ने जातिगत आधार पर मुद्दा उठाया है।" उन्होंने कहा कि लोकसभा में जो हुआ, हम दोनों सदनों में यह मुद्दा उठाना चाहते थे कि सुरक्षा उल्लंघन कैसे हुआ, कौन जिम्मेदार है और सदन को बताएं कि ऐसा क्यों हुआ। उन्होंने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह सदन में नहीं आए और कारण नहीं बताया। विपक्षी गठबंधन ने 22 को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन करने की भी योजना बनाई है।

### सांसद निलंबन का अनुरोध करते हैं और बाहर आरोप लगाते हैं : बिरला

सांसदों के निलंबन के मसले पर गुरुवार को भी लोक सभा में विरोधी दलों के सांसदों का हंगामा जारी रहा। हंगामे के बीच लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रश्न काल की कार्यवाही को पूरे समय चलाया। लेकिन विपक्षी दलों के सांसदों का हंगामा बढ़ने पर प्रश्न काल के समाप्त हो जाने के बाद ओम बिरला ने हंगामा कर रहे सांसदों को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि सांसद उन्हें आकर अनुरोध करते हैं कि उन्हें निलंबित कर दिया जाए और बाहर जाकर आरोप लगाते हैं कि उन्हें सस्पेंड कर दिया गया, यह तरीका ठीक नहीं है। ओम बिरला ने कांग्रेस के तीन सांसदों डीके सुरेश, नकुल नाथ और दीपक बैज का नाम लेते हुए कहा कि आप तीनों सांसद बार-बार सदन की कार्यवाही को बाधित कर रहे हैं, प्ले कार्ड लेकर आ रहे हैं, नारेबाजी कर रहे हैं और कागज फाड़-फाड़ कर स्टाफ पर फेंक रहे हैं, यह सदन की मयार्दा के अनुकूल नहीं है, यह तरीका ठीक नहीं है।

---

## शराब घोटाला घमंडिया गठबंधन को जोड़ने वाला फेविकोल : भाजपा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भाजपा ने आईएनडीआईए गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि सारे घोटालेबाज जेल जाने के डर से एकजुट हुए हैं। गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में भाजपा के प्रवक्ता डॉ. संबित पात्रा ने कहा कि घमंडिया गठबंधन को जोड़ने वाला फेविकोल शराब घोटाला है। घमंडिया गठबंधन शराब घोटाले और संसद का अपमान करने वालों का जमावड़ा है। चुनावों के दौरान देश ने देखा कि कैसे कांग्रेस के सांसद धीरज साहू के घर पर 350 करोड़ रुपये से ज्यादा की नगदी और सोना चांदी बरामद हुआ। इधर गठबंधन शामिल खुद को ईमानदार बताने वाले अरविंद केजरीवाल भी शराब घोटाले में पूछताछ से बचने के लिए विपश्यना करने जा रहे हैं। संबित पात्रा ने कहा कि दो नवंबर को शराब घोटाले को लेकर अरविंद केजरीवाल को ईडी ने बुलाया था लेकिन तब त्योहारों का हवाला देकर



समय मांगा। अब फिर से ईडी के समन से बचने के लिए विपश्यना के नाम पर भाग रहे हैं। अरविंद केजरीवाल कब तक भागेंगे, कानून के हाथ लंबे होते हैं, आपने घोटाले किए हैं तो आप पकडे जाएंगे। उनके गिरोह के लोग- सत्येन्द्र जैन, संजय सिंह, मनीष सिसोदिया भी जेल जा चुके हैं । अब अरविंद केजरीवाल भी जेल जाएंगे इसलिए लोगों से रेफरेंडम करवा रहे हैं। उन्होंने आईएनडीआई गठबंधन के संसद मार्च की आलोचना करते हुए कहा कि जिस तरह से संसद में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का अपमान किया गया, उनका मखौल उड़ाया गया, यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

---

**युद्ध विराम के कयासों के बीच नेतन्याहू का एलान**

## हमास के खात्मे तक नहीं रुकेगा युद्ध



**एजेंसी। यरुशलम**

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि हमास के खात्मे तक गाजा में कोई युद्ध विराम नहीं होगा। वहीं हमास प्रमुख इस्माइल हानिया ने मिस्त्र का दौरा किया। जबकि अमेरिका सहित यूरोपीय देश लगातार इजराइल पर युद्ध विराम का दबाव बना रहे हैं। ज्ञात रहे कि हमास युद्ध में अब तक 19,667 फलस्तीनी मारे जा चुके हैं। पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा, हम तब तक लड़ना बंद नहीं करेंगे जब तक हम अपने निर्धारित सभी उद्देश्यों को हासिल नहीं कर लेते। बता दें कि इजराइल के तीन उद्देश्यों में हमास का खात्मा, हमास के कब्जे में फंसे बंधकों की रिहाई शामिल है। नेतन्याहू ने कहा कि इजराइली सेना गाजा में हर जगह हमास के आतंकवादियों पर हमला कर रही है। नेतन्याहू ने आगे कहा,जो कोई सोचता है कि हम रुक जाएंगे, वह सच्चाई से दूर है। इजराइल के कुछ सहयोगियों फ्रांस, ब्रिटेन और जर्मनी ने युद्धविराम के लिए दबाव बढ़ा दिया है। अमेरिका नागरिकों की मौत पर चिंता जताते हुए इजराइल से लगातार सटीक कार्रवाई करने को कह रहा है। वहीं, इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का कहना है कि जब तक हमास बचे हुए 129 बंधकों को रिहा नहीं कर देता, युद्ध बंद नहीं हो सकता।

हालांकि इजरायली राष्ट्रपति इसाक हर्जोग ने संकेत दिए कि उनका देश विदेशी मध्यस्थता में मानवीय युद्ध विराम के लिए तैयार हो सकता है ताकि हमास के कब्जे वाले शेष बंधकों की रिहाई हो सके और मानवीय मदद गाजा पहुंच सके। इन बंधकों में आठ अमेरिकी नागरिक भी हैं।

## श्रीनगर शहर में मनाया अंतरराष्ट्रीय फिरन ड़े, फैशन शो का भी हुआ आयोजन

**श्रीनगर।** लाल चौक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक पूर्ण आकार का कट-आउट चित्र 'अंतरराष्ट्रीय फिरन दिवस' के अवसर पर कश्मीरी पारंपरिक 'फेरन' में लपेटे जाने के बाद आगंतुकों के लिए मुख्य आकर्षण बन गया और आगंतुक कटआउट के साथ तस्वीरें खींचते दिखे। कई स्थानीय लोग और पर्यटक अंतर्राष्ट्रीय फेरन दिवस मनाने के लिए ऐतिहासिक लाल चौक पर एकत्र हुए। यह दिन सर्दियों के 40 दिनों तक चलने वाले सबसे कठोर चरण 'चिल्लई कलां' की शुरूआत के साथ मेल खाता है, जिसे स्थानीय भाषा में जाना जाता है। इस अवसर पर कश्मीर घाटी के व्यस्त राजधानी व्यापार केंद्र में जनता का ध्यान आकर्षित करने के लिए पुरुष, महिलाएं और बच्चे पारंपरिक रंगीन फेरन पहनकर ऐतिहासिक लाल चौक पर घंटा घर या क्लॉक टॉवर के पास एकत्र हुए। 'फेरन', ठंड से निपटने के लिए पहना जाने वाला एक लंबा परिधान है। 'फेरन' कश्मीरी संस्कृति की ऐतिहासिक निरंतरता को भी दशार्ता है और लोगों ने डिजाइन बदलने के अलावा परिधान में अब तक कोई बड़ा बदलाव नहीं किया।

**बढ़ता कोरोना : सबरीमाला जाने वाले यात्रियों के लिए अलर्ट जारी**

## कर्नाटक में खांसी, जुकाम, बुखार वाले मरीजों व बुजुर्गों को मास्क लगाना जरूरी

**आरपी सिंह। नई दिल्ली**

कई राज्यों में कोरोना संक्रमण में उछाल आने लगा है। इसके चलते कर्नाटक सरकार ने अपने यहां खांसी, जुकाम, बुखार वाले मरीजों व बुजुर्गों के लिए मास्क लगाना अनिवार्य कर दिया है। जो लोग कमजोर हैं या किसी बीमारी से ग्रसित हैं उनको हर तरह से सुरक्षा का उपाय करने को कहा गया है। कर्नाटक से सटे राज्य केरल में कोविड का संक्रमण लगातार बढ़ रहा है। कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री गुंडू राव ने पर्यटकों, भक्तों, विशेष रूप से राज्य से सबरीमाला की यात्रा करने वालों को कहा गया है कि वे सावधानी बरतें। बेंगलुरु मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट में चिकित्सा विभाग के



प्रमुख डॉ. के रवि के नेतृत्व में समिति सुरक्षा उपायों पर आगे के दिशा-निर्देश जारी करने के लिए तैयार है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि पिछले तीन महीनों में कर्नाटक में कोविड-19 के 58 सक्रिय मामले सामने आए हैं, जिनमें से 11 लोग अस्पताल में भर्ती हैं और एक की कोविड से मौत हुई है। इस बात पर जोर देते हुए कि किसी भी तत्काल चिंता की कोई आवश्यकता नहीं थी, उन्होंने कहा कि कोविड-19 के कारण हमारी एक मौत हुई है, लेकिन व्यक्ति को अन्य बीमारियां भी थीं।स्वास्थ्य विभाग ने विशेष रूप से केरल और राज्य की राजधानी बेंगलुरु की सीमा से लगे क्षेत्रों में 3 लाख मेडिकल किट, पीपीई किट और रैपिड एंटीजन टेस्ट (आरएटी) की संख्या बढ़ाने का आदेश दिया है। संभावित आपात स्थितियों से निपटने के लिए चिकित्सा बुनियादी ढांचे की तैयारियों का आकलन करने के लिए वर्तमान में सभी सरकारी अस्पतालों में मॉक ड्रिल चल रही है। अभ्यास में बिस्तरों की उपलब्धता, कर्मचारियों की तैयारी, ऑक्सीजन संयंत्र की कार्यक्षमता और आवश्यक दवा की आपूर्ति शामिल है।

---

**जानकारी**

**फ्रांस से यह डील करीब 50,000 करोड़ रुपये की हो सकती है**

# 26 राफेल सौदे पर भारत को मिला जवाब

**एजेंसी। नई दिल्ली**

फ्रांसीसी सरकार ने 26 राफेल मरीन जेट खरीदने के लिए भारत की निविदा पर औपचारिक प्रतिक्रिया पेश की है, जिसमें भारतीय नौसेना के विमान वाहक-आईएनएस विक्रांत और आईएनएस विक्रमादित्य के लिए सौदे की नियम-शर्तें और मूल्य निर्धारण शामिल हैं। यह जानकारी रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने दी। रक्षा सूत्रों ने बताया कि यह डील करीब 50,000 करोड़ रुपये की हो सकती है। भारत के स्वीकृति पत्र के जवाब में फ्रांस ने अब नई दिल्ली में अपनी बोली जमा कर दी है। अन्य देशों में सैन्य बिक्री से जुड़े फ्रांसीसी सरकारी अधिकारियों की एक टीम भारतीय निविदा पर बोली लगाने के लिए पेरिस से आई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद ने भारतीय नौसेना के लिए 26



राफेल-समुद्री लड़ाकू जेट खरीदने के प्रस्तावों को मंजूरी दी थी। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि डीएसी ने फ्रांसीसी सरकार से भारतीय नौसेना के लिए संबंधित सहायक उपकरण, हथियार, सिम्युलेटर, स्पेयर, दस्तावेज, चालक दल प्रशिक्षण और रसद समर्थन के साथ 26 राफेल-समुद्री लड़ाकू जेट की खरीद के लिए अंतर-सरकारी समझौते (आईजीए) के जरिए स्वीकृति (एओएन) प्रदान की है। मंत्रालय ने कहा कि अन्य देशों द्वारा समान विमान की तुलनात्मक खरीद कीमत सहित सभी प्रासंगिक पहलुओं को ध्यान में रखने के बाद कीमत और खरीद की अन्य शर्तों पर फ्रांसीसी सरकार के साथ बातचीत की जाएगी। भारतीय डिजाइन किए गए उपकरणों के एकीकरण और विभिन्न प्रणालियों के लिए रखरखाव, मरम्मत और संचालन (एमआरओ) हब की स्थापना को उचित बातचीत में अनुबंध दस्तावेजों में शामिल किया जाएगा। प्रस्तावित सौदे के लिए भारतीय रक्षा मंत्रालय द्वारा फ्रांसीसी आयुध महानिदेशालय को एक विस्तृत अनुरोध पत्र भी जारी किया गया था। सूत्रों ने बताया कि इसमें 22 सिंगल-सीट जेट और चार ट्विन-सीट ट्रेनर के साथ-साथ हथियार, सिम्युलेटर, स्पेयर, क्रू ट्रेनिंग और लॉजिस्टिक्स सपोर्ट शामिल थे। रक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक, फ्रांस ने अब अपनी पेशकश, कीमत और अन्य विवरण के साथ जवाब दिया है।

### भारत यात्रा पर आये तंजानियाई सैन्य अधिकारी, देखे आधुनिक इन्फैंट्री हथियार

भारत की यात्रा पर आये तंजानियाई सेना के प्रमुख जनरल जैकब जॉन मकुंडा के नेतृत्व में तंजानिया के प्रतिनिधिमंडल ने भारतीय सेना के प्रमुख प्रशिक्षण संस्थान इन्फैंट्री स्कूल, महू का दौरा किया। यहां दिए जाने वाले प्रशिक्षण की पद्धतियों और नवीनतम इन्फैंट्री हथियारों के बारे में प्रतिनिधिमंडल को जानकारी दी गई और उनके सामने नवीनतम हथियारों की फायरिंग का प्रदर्शन भी किया गया। तंजानियाई सैन्य अधिकारियों ने नई दिल्ली में रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने, सीडीएस और तीनों सेना प्रमुखों से मुलाकात करके सैन्य सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की है। तंजानिया के रक्षा बलों सीडीएफ के प्रमुख जनरल जैकब जॉन मकुंडा के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने 18 दिसंबर से भारत की यात्रा पर है। प्रतिनिधिमंडल ने नई दिल्ली के राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर शहीद वीरों को पुष्पांजलि अर्पित करके अपनी यात्रा की शुरूआत की। तंजानिया पीपल्स डिफेंस फोर्सेज की ओर से मकुंडा ने एक भव्य पुष्पांजलि समारोह में अमर जवान ज्योति पर अपनी हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित कर-के भारतीय शहीद सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान का सम्मान किया।

---

**फिल्म जगत**

## पंकज त्रिपाठी अभिनीत फिल्म 'मैं अटल हूं' का ट्रेलर रिलीज



**पॉपुलर** एक्टर पंकज त्रिपाठी की फिल्म 'मैं अटल हूं' का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हो गया है। ट्रेलर रिलीज होने के बाद भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के किरदार में पंकज त्रिपाठी के लुक और पर्सनालिटी की चर्चा हो रही है। ट्रेलर रिलीज होने के बाद दर्शकों में इस फिल्म को लेकर दिलचस्पी बढ़ गई है। अटल बिहारी वाजपेई के जीवन पर आधारित इस फिल्म में पंकज त्रिपाठी ने अपना किरदार बखूबी निभाया। उनके डायलॉग सुनकर ऐसा लगता है कि सचमुच अटल बिहारी वाजपेयी हैं। इस फिल्म के ट्रेलर में दिखाया गया है कि कैसे अटल बिहारी वाजपेयी ने राजनीति में अपनी जगह बनाई और कैसे उन्होंने देश का इतिहास बदल दिया। इसके साथ ही यह उनके बचपन के दिनों, राजनीति में करियर, कैसे उनके दिन बदले और भारत को एक महान राष्ट्र बनाने के लिए उनके समर्पण को दर्शाता है। ट्रेलर लॉन्च के मौके पर पंकज त्रिपाठी ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का किरदार निभाना आसान नहीं था, क्योंकि वह अपना किरदार निभाते समय अटल बिहारी वाजपेयी की नकल नहीं करना चाहते थे और न ही उनके किरदार की वैसी ही नकल करना चाहते थे।